हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

• रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 • आरा • शनिवार • 02 नवम्बर 2024 • वर्ष 09 • अंक 175 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## विदेशों में भी बढ़ रहा अपने 'महाकुंभ' का क्रेज

### आयोजन को लेकर बढ़ी हुई है उत्सुकता, ली जा रही हर तरह की जानकारी



**प्रयागराज (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगले साल होने जा रहे महाकुंभ के आयोजन को लेकर देश नहीं विदेश में भी उत्सुकता है। अमेरिका से लेकर फ्रांस और ब्राजील से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक लोग महाकुंभ की जानकारी जुटा रहे हैं। इसके बारे में जानने का प्रयास कर रहे हैं। महाकुंभ को लेकर सरकार की ओर से तैयार कराई गई वेबसाइट और मोबाइल एप पर इससे संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है। संगम नगरी में 12 वर्षों के बाद हो रहे महाकुंभ के आयोजन में अभी करीब दो महीने का समय है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर इसकी धमक अभी से सुनाई देने लगी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 6 अक्टूबर को महाकुंभ की वेबसाइट और मोबाइल एप को लांच किया था। उस पर हिट्स के आंकड़े सामने आए हैं। वह हैरान करने वाले हैं। वेबसाइट पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर महाकुंभ को जानने और समझने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, मोबाइल एप को भी खूब डाउनलोड किया जा रहा है। ब्राजील, अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, उरुग्वे जैसे देशों से लगातार हिट्स आ रहे हैं। प्रयागराज आए सीएम योगी ने 6 अक्टूबर को प्रयागराज मेला प्राधिकरण कार्यालय में महाकुंभ का लोगो, वेबसाइट और मोबाइल एप लॉन्च किया था। 31 अक्टूबर तक महाकुंभ की वेबसाइट पर 80 हजार से अधिक हिट्स आ चुके हैं। इसमें हजारों हिट्स विदेश से आए हैं। सबसे ज्यादा हिट्स ब्राजील, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस जैसे देशों से आए हैं। वहीं, मोबाइल ऐप को 1500 से अधिक लोगों ने डाउनलोड किया है। एंड्रॉयड फोन पर 1209 और आईफोन पर 326 यूजर्स ने एप को डाउनलोड किया है। इसके जरिए वे महाकुंभ के बारे में जानकारी ले रहे हैं।



## तिरुमाला में बदलाव, अब होंगे केवल हिंदू कर्मचारी

- लड्डू विवाद के बाद टीटीडी के नए अध्यक्ष ने सुना दिया फरमान

**अमरावती (एजेंसी)।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष बीआर नायडू ने गुरुवार को कहा कि भगवान वेंकटेश्वर के निवास तिरुमाला में काम करने वाले सभी लोग हिंदू होने चाहिए। टीटीडी अध्यक्ष ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह आंध्र प्रदेश सरकार से बात करेंगे कि दूसरे धर्मों के कर्मचारियों के संबंध में क्या फैसला लिया जाए, क्या उन्हें अन्य सरकारी विभागों में भेजा जाना चाहिए या वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, 'तिरुमाला में काम करने वाला हर व्यक्ति हिंदू होना चाहिए। यह मेरा पहला प्रयास होगा। इसमें कई मुद्दे हैं। हमें इस पर गौर करना होगा।' भगवान वेंकटेश्वर के भक्त नायडू ने कहा कि वह टीटीडी बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने को अपना सौभाग्य मानते हैं। उन्होंने बोर्ड का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी देने के लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को धन्यवाद दिया। बीआर नायडू ने आरोप लगाया कि पिछली वाईएसआर कांग्रेस सरकार के दौरान तिरुमाला में कई अनियमितताएं हुईं। उन्होंने कहा कि मंदिर की पवित्रता बरकरार रखी जानी चाहिए। बता दें कि तिरुपति मंदिर में लड्डू प्रसाद को लेकर काफी बवाल हुआ था। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने दावा किया था कि उनकी पूर्ववर्ती जगन मोहन की सरकार में तिरुपति बालाजी के लड्डू प्रसादम में मिलावटी घी का इस्तेमाल किया जाता था।

## जम्मू-कश्मीर यूटी के स्थापना दिवस से एनसी-कांग्रेस का किनारा

- एलजी बोले-इन्होंने संविधान की शपथ ली, अब बहिष्कार कर रहे, यह दोहरा चरित्र है



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर यूनियन टैरेटरी के 5वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को श्रीनगर में ऑफिशियल इवेंट आयोजित किया गया था, जिसमें सत्ताधारी पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के विधायकों ने बहिष्कार किया। कांग्रेस और एनसी ने कहा कि वे जम्मू-कश्मीर को यूनियन टैरेटरी नहीं मानते हैं। जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द स्टेटहुड मिलना चाहिए। इसे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा दोनों पार्टियों का दोहरा चरित्र बताया है। एलजी ने कहा कि कांग्रेस और एनसी के नेताओं ने जम्मू-कश्मीर यूटी के विधायकों के रूप में संविधान की शपथ ली है। फिर वे ऑफिशियल इवेंट का बहिष्कार कैसे कर सकते हैं। एक तरफ वे शपथ लेकर विधायक बने, दूसरी तरफ आधिकारिक कार्यक्रम का बहिष्कार कर रहे हैं। यह इनका दोहरा चरित्र दर्शाता है। दरअसल, 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। हालिया राज्य विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने इसे दोहराया था।

# दीपावली के 'जश्न' में डूबा देश, चहुंओर उजियारा

### दीयों और लाइट से रोशन हुआ आसमान, घर-घर चमकी दीवाली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में धूमधाम से दीवाली मनाई गई। श्रीनगर से लेकर कन्याकुमारी तक दिवाली के मौके पर लोगों ने अपने घरों, मंदिरों और ऑफिस को दीयों और लाइट से रोशन किया। गणेश और लक्ष्मी पूजन के बाद लोगों ने पटाखे जलाए। भारत बांग्लादेश बॉर्डर पर तैनात महिला जवानों ने बॉर्डर के तारों पर मोमबत्ती सजाई। वहीं मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया पर लाइट शो ऑर्गेनाइज किया गया। केरल के कोझिकोड में दीवाली के मौके पर पूर्वजों को याद किया गया। केरल के कुछ लोग इस प्रथा को हर साल निभाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 11वीं बार जवानों के साथ दीवाली मनाई। पीएम ने गुजरात के कच्छ में बीएसएफ, आर्मी, नेवी और एयरफोर्स के जवानों को मिठाई खिलाई। वे पिछले साल हिमाचल के लेपचा में जवानों के साथ दीवाली मनाई थी। पीएम 11 साल में सबसे ज्यादा 4 बार जम्मू-कश्मीर में जवानों के बीच पहुंचे। देशभर में दीवाली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। ऐसे में दुनिया के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर अपनी शुभकामना संदेश भेजे हैं।



## कमला हैरिस ने फुलझड़ी जलाई, ब्रिटिश पीएम ने आरती की

फेस्टीवल ऑफ लाइट्स यानी दीवाली के त्योहार को लेकर भारत समेत दुनिया भर में जश्न मनाया गया। इस दौरान दुनिया के प्रमुख नेताओं ने दीवाली का त्योहार मनाया और शुभकामनाएं दीं। अमेरिका में राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी कमला हैरिस ने पेंसिल्वेनिया के एक मंदिर में दीवाली मनाई। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा, आज हम अमेरिका और दुनियाभर में एक अरब से ज्यादा लोगों के साथ मिलकर दीये जला रहे हैं। हम उनके साथ मिलकर बुराई पर अच्छाई, अज्ञान पर ज्ञान और अंधकार पर प्रकाश की लड़ाई का जश्न मना रहे हैं।



## भारत-चीन बार्डर पर भारतीय सैनिकों ने शुरू की गश्त

- सेना का बड़ा दावा-भारत और चीन रिश्तों में आई नरमी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना के सूत्रों के अनुसार चीन के साथ तनाव कम होने के बाद भारतीय सैनिकों ने पूर्वी लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में फिर से गश्त शुरू कर दी है। जल्द ही डेपसांग सेक्टर में भी गश्त बहाल होने की उम्मीद है। बुधवार को भारतीय सेना अधिकारी ने जानकारी दी कि पूर्वी लद्दाख के डेमचोक और डेपसांग क्षेत्रों में तनाव कम करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जिससे इन संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त का रास्ता साफ हो गया है। दीवाली के अवसर पर भारतीय और चीनी सैनिकों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा के कई बिंदुओं पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया, जिससे दोनों देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों का संदेश गया। गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पुष्टि की कि लद्दाख में एलएसी के पास भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पीछे लौटने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। यह क्षेत्र पश्चिम में लद्दाख से लेकर पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक फैला हुआ है और दोनों देशों के बीच नियंत्रण की सीमा निर्धारित करता है। भारत और चीन के बीच लंबे समय से सीमा को लेकर विवाद रहा है, जो 1962 के युद्ध के दौरान गहराया था। हालिया तनाव की शुरुआत जुलाई 2020 में हुई, जब गलवान घाटी में दोनों सेनाओं के बीच घातक संघर्ष हुआ।

### दीवाली की मिठास ने दूर की खटास

## भारत और चीन के सैनिकों ने आपस में बांटी मिठाइयां

लद्दाख (एजेंसी)। भारत और चीन के सैनिकों ने दीवाली के अवसर पर एक-दूसरे को मिठाई बांटकर खटास को और दूर किया। एक दिन पहले ही दोनों देशों की सेनाएं एलएसी से अपनी चौकियां वापस कर चुकी हैं। बृहस्पतिवार को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) समेत कई सीमाओं पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। सेना के सूत्रों ने यह जानकारी दी। पूर्वी लद्दाख में डेमचोक एवं देपसांग में दो टकराव वाले बिंदुओं पर दोनों देशों की सेनाओं की वापसी के एक दिन बाद यह पारंपरिक प्रथा देखी गयी। इस सहमति से चीन और भारत के संबंधों में मधुरता आई है। सेना के एक सूत्र ने बताया, ''दीवाली के अवसर पर एलएसी के साथ कई सीमाओं पर भारत और चीन के सैनिकों के बीच मिठाइयों का आदान-प्रदान हुआ।''

## नहीं रहे पीएम के आर्थिक सलाहकार बिबेक देबरॉय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक परिषद के सलाहकार बिबेक देबरॉय का निधन हो गया है। 69 साल के देबरॉय का देहावसान शुक्रवार सुबह हुआ। वह एक अर्थशास्त्री होने के साथ-साथ



मशहूर लेखक भी थे। देबरॉय को भारतीय अर्थव्यवस्था में उनके योगदान के लिए जाना जाता है। उन्होंने भारतीय आर्थिक नीतियों को आकार देने में प्राथमिक भूमिका निभाई। पीएम मोदी ने देबरॉय के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखी पोस्ट में अपना दुख जाहिर किया। पीएम मोदी ने लिखा कि डॉ. बिबेक देबरॉय एक महान विद्वान थे, जो अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृति, राजनीति, आध्यात्मिकता और अन्य में पारंगत थे। अपने कार्यों के माध्यम से उन्होंने भारत के बौद्धिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी।

## यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका ने चीन से मांगी खास मदद

### मॉस्को और प्योंगयांग पर की अपने प्रभाव का इस्तेमाल करने की अपील

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** यूक्रेन युद्ध में रूसी सैनिकों की मदद के लिए उत्तर कोरिया द्वारा हजारों सैनिक उतारे जाने के बाद अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने चीन से मॉस्को और प्योंगयांग पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल करने की अपील की है ताकि तनाव को बढ़ने से रोका जा सके। हालांकि, चीन ने अमेरिका के इस आह्वान और इस घटनाक्रम पर अभी तक चुप्पी साध रखी है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में तीन शीर्ष अमेरिकी राजनयिकों ने अमेरिका में चीन के



राजदूत के साथ मुलाकात की जिसमें अमेरिकी चिंताओं पर जोर दिया गया और चीन से आग्रह किया गया कि वह उत्तर कोरिया और रूस के सहयोग को कम करने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करे। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बृहस्पतिवार को कहा कि दोनों पक्षों के बीच 'इस सप्ताह ठोस बातचीत हुई' और चीन अमेरिका की इन अपेक्षाओं से अवगत है कि वे इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करेंगे। ब्लिंकन ने वाशिंगटन में रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और उनके दक्षिण कोरियाई समकक्षों के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''लेकिन मुझे लगता है कि यह मांग न केवल हमारी, बल्कि दुनिया भर के अन्य देशों की भी है।''

# देश को 'अर्बन नक्सलों' की पहचान अब करनी ही होगी

- एकता दिवस पर अनुच्छेद-370 पर भी बोले पीएम मोदी

**केवड़िया (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर गुजरात में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर पुष्प अपर्ति कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्बन नक्सल पर हमला बोला। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत के बाहर और अंदर कुछ ताकतें देश को अस्थिर करने के लिए काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार का विजन राष्ट्रीय एकता के प्रति



उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक राष्ट्र, एक कर प्रणाली लाई है और अनुच्छेद 370 को समाप्त कर जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किया है। पीएम मोदी ने कहा कि देश को अर्बन नक्सल की पहचान करनी होगी। पीएम मोदी ने कहा, पिछली सरकारों की भेदभावपूर्ण नीतियों और इरादों ने राष्ट्रीय एकता को कमजोर किया। पिछले 10 वर्षों में नए शासन मॉडल ने भेदभाव को समाप्त कर दिया है। हमने सबका साथ सबका विकास का मार्ग चुना है। इस दृष्टिकोण ने लोगों के बीच असंतोष को समाप्त किया है और विकास योजनाओं में उनका विश्वास बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक राष्ट्र, एक पहचान का प्रतिनिधित्व करने वाले आधार की चर्चा वैश्विक स्तर पर हो रही है। उन्होंने कहा, हम जीएसटी के माध्यम से एक राष्ट्र, एक कर प्रणाली लाए। हम आयुष्मान भारत के माध्यम से एक राष्ट्र, एक स्वास्थ्य बीमा योजना लाए। अब हम एक राष्ट्र, एक चुनाव की दिशा में काम कर रहे हैं।

## आप अहंकार में चूर, खुद को ही दे रहे क्लीन चिट

- हरियाणा चुनाव में ईसी के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस का हमला

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने हरियाणा चुनावों के संबंध में पार्टी की शिकायतों पर केंद्रीय चुनाव आयोग से मिले जवाबों पर ना सिर्फ असंतुष्टि जताई है बल्कि उस पर आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग ने हरियाणा चुनाव से संबंधित शिकायतों पर स्पष्टीकरण देने के बजाय गोल-मोल जवाब दिए। इतना ही नहीं, कांग्रेस ने आयोग को अहंकार से लबरेज बताया है। मुख्य चुनाव आयुक्त को तीन पन्ने की लिखी चिट्ठी में कांग्रेस ने तंज कसा है कि अगर निर्वाचन आयोग का यह लक्ष्य है कि वह अपने तटस्थ स्वरूप को पूरी तरह खत्म करना चाहता है, तो वह इस दिशा में उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस ने चिट्ठी में लिखा, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि निर्वाचन आयोग ने खुद को क्लीन चिट दी है। पार्टी ने लिखा है कि हरियाणा चुनाव से संबंधित शिकायतों पर आयोग के जवाब का लहजा अहंकार भरा था।

## जितना पूरा कर सकें, जनता को दें उतनी ही गारंटी: खरगे

- अपनी ही सरकार पर भड़क गए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक का विधानसभा चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस पार्टी की तरफ कई तरह की गारंटी स्कीम लॉन्च की गई थी। राज्य की जनता से पांच तरह की सुविधाएं फ्री में देने का ऐलान किया गया था। प्रदेश की जनता ने भरोसा जताया और कांग्रेस की सरकार बनी। इसी से गदगद होकर देश की सबसे पुरानी पार्टी ने महाराष्ट्र में भी पांच गारंटी वहां के मतदाताओं को दी है, जो आने वाले विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। हालांकि, कर्नाटक की 5 गारंटी स्कीम कांग्रेस के लिए भारी पड़ रही है। उनमें शामिल शक्ति कार्यक्रम को समाप्त करने के बारे में सरकार विचार कर रही थी। इस विवाद को देखते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपनी ही सरकार की खिंचाई की है। उन्होंने कहा कि इतना ही वादा जनता



से की जानी चाहिए, जो हमारे लिए पूरा करना संभव हो। इसके बाद कांग्रेस सरकार को यह स्पष्ट करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि प्रमुख गारंटी योजनाओं को समाप्त नहीं किया जाएगा। खरगे ने गुरुवार को उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की इस बात के लिए खिंचाई की कि लोकप्रिय शक्ति कार्यक्रम पर फिर से विचार किया जाएगा। खरगे ने कहा, आपकी पांच गारंटियों को देखते हुए, मैंने महाराष्ट्र में पांच योजनाओं की घोषणा की है लेकिन आपने कहा है कि एक गारंटी को समाप्त कर दिया जाएगा।

## न्यूज बाइट्स

### ओड़ो गांव में नाट्य मंचन का उदघाटन



**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** श्री लक्ष्मी कला परिषद ओड़ो के सौजन्य से दीपावली के अवसर पर मां लक्ष्मी की 90वीं पूजनोत्सव के तत्वावधान में ओड़ो गांव में चार दिवसीय नाट्य मंचन गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ। नाट्य मंचन गांव स्थित मां लक्ष्मी मंदिर के परिसर आयोजित किया है। इस दौरान परिषद के कलाकारों ने नौटंकी बफादार सेनापति का मंचन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन हिसुआ पूर्वी के जिला पार्षद रंजीत कुमार उर्फ चुन्नू ने दीप प्रज्वलित कर किया। कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। परिषद के अध्यक्ष संजय कुमार व सचिव दीपक कुमार ने बताया परिषद के निदेशक रामानुग्रह सिंह, उपनिदेशक धीरेन्द्र कुमार, सह निदेशक अजय कुमार के निर्देशन में नाट्य मंचन हुआ। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार समेत अन्य रहे।

### मां लक्ष्मी की श्रद्धापूर्वक हुई पूजा अर्चना



**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों में गुरुवार को दीपावली पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मां लक्ष्मी,कुबेर, विध्न विनायक गणेशजी पूजा की पूजा अर्चना श्रद्धा पूर्वक किया। इस अवसर पर लोगों ने घरों को बेहतरीन ढंग से साफ सफाई की और दीप जलाया। लोगों ने अपने अपने घरों के अंदर व दरवाजे के बाहर सुंदर व आकर्षक रंगोली भी बनायी। पटाखे छोड़ने को लेकर बच्चे काफी उत्साहित रहें। इस मौके पर युवा व बच्चें कभी अपने घर के अंदर के साथ गलियों व छतों पर अनेक प्रकार के पटाखे, फूलझड़ी व गुडकुन को छोडकर आनंदित हुए। वही नारदीगंज बाजार स्थित डाक स्थान के समीप, डोहरा, मिर्चाय गंज, पंडपा, कहुआरा, ओडो, वलवापर, पसई, वनगंगा समेत अन्य गांवों में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। पूजा अर्चना होने से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लक्ष्मी पूजा शांति व सदभाव पूर्वक मनाया गया।

### वल्लभ भाई पटेल की मनाई गई जयंती

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** पेंशनर भवन नारदीगंज में भारतीय गणतंत्र के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल जी जयंती श्रद्धा पूर्वक पेंशनर भवन नारदीगंज में गुरुवार को मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखण्ड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। मौके पर समाज सचिव श्रीकांत सिंह, परमेश्वर राम, चंद्रिका सिंह समेत अन्य ने विचार व्यक्त किया।

### इंदिरा गांधी की मनाई गई पुण्यतिथि

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** पेंशनर भवन नारदीगंज में देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि गुरुवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। मौके पर श्रीकांत सिंह, रामशरण सिंह, रघुनंदन प्रसाद समेतअन्य शामिल रहे।

### महिला व पुरूष दंगल प्रतियोगिता 8 नवंबर को

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** छठपूजा के अवसर पर स्व0 भागवत यादव दंगल प्रतियोगिता का आयोजन आठ नवम्बर 24 को आयोजित होगी कार्यक्रम का आयोजन गांव में स्थित खेल मैदान में होगा। कार्यक्रम का आयोजक ग्रामीण धनन्जय कुमार उर्फ धीरज कर रहे हैं। वही संचालन जगदीश पहलवान करेंगे। आयोजित दंगल प्रतियोगिता में महिला व पुरूष वर्ग के पहलवान भाग लेंगे। इस आशय की जानकारी पूर्व उपमुखिया संजय कुमार ने दिया। इस प्रतियोगिता में दूसरे राज्य के कई महिला पहलवान भाग लेंगेइसके अलावा पुरूष कई पहलवान भी दंगल प्रतियोगिता में ताल ठोकने के लिए आ रहे हैं। कहा गया पुरूष वर्ग के प्रथम विजेता को 20 हजार रुपये, द्वितीय विजेता को 10 हजार, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को पांच हजार नगद राशि दी जाएगी। वही महिला पहलवान में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को 15 हजार रुपये देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सभी उपविजेता पहलवानों को भी प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा।

### प्रतिमा स्थापित कर की गई पूजा अर्चना



**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखण्ड के देवनगढ़ पंचायत के भोरमबाग गांव में नवयुवक क्लब के सौजन्य से माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। स्थानीय ग्रामीण छोटेलाल कुमार ने बताया कि क्लब के अध्यक्ष राकेश कुमार, सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, सचिन, सिंटू, अनुज, मुन्ना आशीष आदि ग्रामीणों के सहयोग से गांव में पहली बार माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया। प्रतिमा स्थापित होने के बाद गांव में भक्ति का माहौल कायम है।

### प्रतिमा के दर्शन को उमड़ें श्रद्धालु

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के दुर्गामंडप में श्री श्री 108 श्री दुर्गा महारानी और काली महारानी ट्रस्ट के सहयोग से काली मंदिर में माता काली की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसे स्थानीय श्रद्धालुओं ने बड़े श्रद्धा भाव से देखा। पूजा की विधि का संचालन आचार्य धर्मेन्द्र भूषण पाठक ने किया, जिन्होंने माता काली की पूजा पारंपरिक विधि से संपन्न की। इस धार्मिक अनुष्ठान में आचार्य ने श्रद्धालुओं को माता काली की महिमा और उनके प्रति समर्पण के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि माता काली को शक्ति और संहार की देवी के रूप में पूजा जाता है, और उनके प्रति श्रद्धा रखने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का विश्वास होता है। माता काली की प्रतिमा स्थापित होने के बाद, श्रद्धालुओं की एक बड़ी भीड़ काली मंदिर में एकत्रित हुई। भक्तगण श्रद्धा से भरे मन से माता काली की पूजा-अर्चना करते हुए अपनी मनोकामनाएं प्रस्तुत कर रहे थे। मंदिर परिसर में भक्तों की उत्साही भीड़ देखी गई।

# भारी मन से भावुक होकर विदा हुए डीएम

निज संवाददाता | नवादा




जिले के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और पत्रकारों द्वारा आयोजित एक भव्य विदाई समारोह में निवर्तमान जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा का गरिमामय सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में राजद विधायक विभा देवी ने उनके सफल कार्यकाल की सराहना की और उन्हें दिल से शुभकामनाएँ दीं। विधायक विभा देवी ने कहा, 'आपका कार्यकाल जिले के विकास में एक मील का पत्थर साबित हुआ है। आपकी मेहनत और समर्पण ने नवादा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।' उन्होंने यह भी कहा, 'मैं आपके दीर्घकालिक स्वास्थ्य और सक्रियता की कामना करती हूँ।' इस अवसर पर विधायक ने जिलाधिकारी को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए यह आशा व्यक्त की कि सेवानिवृत्ति के बाद भी, वे नवादा के विकास के प्रति अपने लगाव को बनाए रखेंगे और निवासियों की शेष अपेक्षाओं को पूरा करने में सक्रिय रहेंगे। विधायक ने नवादा विधानसभा क्षेत्र के निवासियों की ओर से शुभकामनाएँ देते हुए यह भी कहा कि उनके द्वारा प्रस्तावित कई लंबित योजनाओं पर निवर्तमान जिलाधिकारी की निगरानी बनी रहेगी। इस पर, आशुतोष कुमार वर्मा ने विधायक विभा देवी की निष्ठा, सहजता और समर्पण का उल्लेख करते हुए कहा, 'मैं भले ही सेवानिवृत्त हो गया हूँ, लेकिन नवादा के प्रति मेरी जिम्मेदारी का बोध हमेशा रहेगा। जिले के विकास के लिए कई साधन उपलब्ध हैं, जिनका मैं उपयोग करते रहूँगा।' उन्होंने कई लंबित और अनुशंसित योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्हें पूरा करने की दिशा में कार्य करने का आश्वासन दिया। समारोह में भारी संख्या में पत्रकार, समाजसेवी और बुद्धिजीवी उपस्थित थे, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण अवसर को अपने विचारों और अनुभवों से समृद्ध किया। कार्यक्रम का समापन वर्तमान प्रभारी जिलाधिकारी को शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट करके सम्मानित करने के साथ हुआ, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि जिले के विकास में सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। यह आयोजन न केवल निवर्तमान जिलाधिकारी की सेवाओं को मान्यता दी, बल्कि जिले के विकास में जनप्रतिनिधियों और समाज के सभी वर्गों की सहभागिता की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। समारोह ने नवादा के विकास के प्रति सभी की प्रतिबद्धता को एक नई प्रेरणा दी। अंततः, इस विदाई समारोह ने यह संदेश दिया कि नवादा का विकास केवल एक व्यक्ति की मेहनत से नहीं, बल्कि सभी वर्गों की सामूहिक भागीदारी से संभव है। सभी ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे मिलकर जिले के विकास की दिशा में आगे बढ़ेंगे और आशुतोष कुमार वर्मा के कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

## चाकू से हमला कर युवक को किया घायल

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** कौआकोल थाना क्षेत्र के सोखोदेवरा गांव के धधौर बाबा के समीप बुधवार की रात्रि एक युवक को चाकू से गोद कर जख्मी कर दिया। तथा युवक के पास रहे मोबाइल फोन को भी बदमाशों ने छीन लिया। स्थानीय लोगों के सहयोग से जख्मी युवक को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की शिकायत मिलने पर पुलिस ने घटना में शामिल रहे तीन युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घायल युवक की पहचान जोगाचक पानी टंकी के दुबेश्वर चौधरी का पुत्र रंजीत कुमार उर्फ गोलू के रूप में किया गया है। वहीं कौआकोल थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार घट रही चोरी, छिनतई, मारपीट तथा हत्या की घटनाओं में वृद्धि होने से क्षेत्र के लोगों में काफी दहशत कायम हो गया है।

## जनता दरबार में कई मामलों का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन

निज संवाददाता | नवादा

प्रभारी जिला पदाधिकारी चन्द्रशेखर आजाद के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनके द्वारा आम जनता से साक्षात्कार कर उनकी समस्याओं का सुनवाई/निराकरण किया गया। उन्होंने कुछ आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन किया और शेष आवेदनों का निपटारा करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जनता दरबार में कुल 07 आवेदन आये, जिसमें कई आवेदनों का निष्पादन वहीं कर दिया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद, कृषि, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल, राजस्व, विवाह, अनुकम्पा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले की सुनवाई की गई। जनता दरबार में आवेदनकर्ता अंचल-मेसकौर, थाना-सीतामढ़ी, ग्राम-रसलपुरा के दिनेश प्रसाद यादव द्वारा दाखिलखारिज के संबंध में, थाना-मुफस्सिल, ग्राम-केन्दुआ के संजय कुमार द्वारा धमकी एवं गाली-गलौज के संबंध में, थाना-हिसुआ, ग्राम-भेलना के पिन्टू सिंह द्वारा पानी का बहाव के संबंध में, थाना-सीतामढ़ी, साकिन-धनगावां के लाले चौधरी ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार की। पदाधिकारियों से बात कर कुछ आवेदन को ऑन स्पॉट निष्पादन किया एवं अन्य आवेदनों को उन्होंने स्वयं संबंधित पदाधिकारियों से बात कर शिकायत का निपटारा कराने का निर्देश दिया साथ ही निष्पादन प्रतिवेदन मुख्यालय में भेजने को कहा गया।

## सरदार बल्लभ भाई पटेल की मनाई गयी 149वीं जयंती

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)



प्रखंड सह नगर जदयू कार्यकर्ताओंने नगर परिषद क्षेत्र पटेल चौक स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 149वीं जयंती समारोह राष्ट्रीय एकता अखण्डता, और समर्थ भारत का संकल्प लेकर मनाया गया। इस अवसर पर जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार राय ने सरदार पटेल के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सरदार की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। नीतिश कुमार को बिहार के मुख्यमंत्री के कतार में अब्बल बनाने का संकल्प लिया। वही नगर अध्यक्ष रणविजय प्रसाद ने सरदार पटेल को आधुनिक भारत के प्रणेता एवं अखण्ड भारत के सुत्रधार के रुप में सम्बोधित किया। विजय कुमार राय ने जदयू कार्यकताओं के लिये आज के दिन ऐतिहासिक दिन बतलाया जिसमें अपनी राष्ट्रीय उत्सव मना कर नये कमिटी का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जदयू के महासचिव अरुण कुमार, उपसचिव महेश भाई पटेल, नगर उपाध्यक्ष कंचन साहु प्रखण्ड महासचिव मिडिया प्रभारी विकास कुमार, सुनील दास मुखिया प्रतिनिधि अजीत यादव, डा. कैलाश प्रसाद जनार्दन प्रसाद, विनोद कुमार सिंह पर सुनील कुमार, प्रताप सिंह, विनोद राउत कार्यालय प्रभारी संजय प्रसाद, प्रदीप कुमार सुमन सिंह के साथ सैकडों कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित और दीप जलाकर अपने राष्ट्रीय पुरुष के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सबों ने दीपक के आगे अपना हाथ फैलाकर यह संकल्प लिया की हम सब पटेलजी के बताए मार्ग पर चलेंगे, और अखण्ड भारत, समर्थ भारत और श्रेष्ट भारत बनाने के सपना साकार करेंगे।

# विभिन्न तीन मामलों में तीन लोगों को किया गया गिरफ्तार, एक वारंटी भी पकड़ाया

**» वहीं दोपटा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट को लेकर दर्ज थाना काण्ड संख्या 455/24 के अभियुक्त दोपटा गांव निवासी श्रीराम यादव के पुत्र कारू यादव को गिरफ्तार किया गया।**




निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के सोहदा, दोपटा, मलियातरी एवं चौथा गांव से अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार एवं पीएसआई रौशन कुमार ने विभिन्न तीन थाना कांडों के तीन वांछित अभियुक्तों को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया। साथ ही एक फरार वारंटी को भी गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि शराब मामले में थाना काण्ड संख्या 215/24 के अभियुक्त सोहदा गांव निवासी स्व प्रभु यादव के पुत्र विनोद प्रसाद यादव को गिरफ्तार किया गया। वहीं दोपटा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट को लेकर दर्ज थाना काण्ड संख्या 455/24 के अभियुक्त दोपटा गांव निवासी श्रीराम यादव के पुत्र कारू यादव को गिरफ्तार किया गया। साथ ही थानाध्यक्ष ने कहा कि सड़क जाम कर प्रदर्शन करते हुए पुलिस बलों एवं वाहन को क्षतिग्रस्त करने के मामले में दर्ज थाना काण्ड संख्या 20/24 के वांछित अभियुक्त चौथा गांव निवासी जागो यादव के पुत्र राजू यादव को गिरफ्तार किया गया। मलियातरी गांव निवासी चांदो चौधरी के पुत्र रघु चौधरी को गिरफ्तार किया गया। गुरुवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## दीपोत्सव पर दीपों की रौशनी से जगमगाया शहर

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** शहर से गांव तक गुरुवार को दीपोत्सव की धूम रही। दीपावली पर्व पर जमकर आतिशबाजी का दौर चला। उल्लास व उमंग संग दीप जलाए गए। पूरा शहर दूधिया रौशनी से नहा उठा। लोगों ने अपने घरों में जहां रंगोली बनाई वही दुकानों व प्रतिष्ठानों को रंग-बिरंगे झालरों की मदद से दुल्हन की तरफ सजाया गया। सुबह से ही दुकानों पर मिष्ठान, फूल व दीपावली के उपहार की खरीददारी के लिए आम-ओ-खास की कतार लगी रही। लोगों ने जमकर खरीदारी की।

## 14 बाइकों पर लदा 1920 लीटर महुआ शराब को उत्पाद बलों ने किया जब्त

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

बिहार-झारखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र के निर्देश में उत्पाद बलों ने विशेष अभियान चलाकर झारखण्ड से आ रहे कुल 14 बाइकों पर लदे 1920 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया। साथ ही एक शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर उत्पाद बलों के सहयोग से रजौली स्थित समेकित जांच चौकी पर प्रत्येक दिन झारखण्ड की ओर से आने वाली सभी छोटी व बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में भी छापेमारी की जाती है। उन्होंने कहा कि शराब की खेंप को झारखण्ड से बिहार आने की गुप्त सूचना मिली। सूचना के आलोक में दो टीमों का गठन किया गया। गठित टीम में एक टीम का नेतृत्व उत्पाद एसआई रूपेश कुमार ने किया एवं दूसरे टीम का नेतृत्व उत्पाद एएसआई निरंजन कुमारएएसआई अर्चना सिन्हा एवं एएसआई संजय कुमार ने किया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि हजारीबाग के चौपारण से गया जिले के फतेहपुर के रास्ते होते हुए 9 बाइकों के काफिले को रुकने का इशारा किया, तो सभी बाइक चालक बाइकों को सड़क किनारे छोड़ भागने लगे। इसी बीच उत्पाद बलों द्वारा एक शराब धंधेबाज को खदेड़कर पकड़ा गया। वहीं बाइकों के तलाशी लिए जाने पर बाइकों पर लदे बोरे में कुल 1500 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। साथ ही गिरफ्तार शराब धंधेबाज गया जिले के गुरपा थाना क्षेत्र के बगई गांव निवासी खेरू यादव के पुत्र प्रमोद कुमार ने बताया कि वे शराब की खेंप नवादा व हिसुआ के अलावे अन्य जगहों में पहुंचाता है। वहीं दूसरी ओर कोडरमा से रजौली थाना क्षेत्र के मोहकामा जंगल के रास्ते से आते हुए पांच बाइकों पर लदे 420 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया।

# साइकिल पार्ट्स की दुकान में लगी आग

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



थाना क्षेत्र के नारदीगंज बाजार मेन रोड स्थित बेसिक विद्यालय के समीप साइकिल पार्ट्स की दुकान में बुधवार की रात में अग्निकांड की घटना हुई। यह दुकान रामे रंजीत कुमार सिंह है वही दुकान का देखरेख ननौरा निवासी पिंटू कुमार सिन्हा करते हैं। घटना के पीछे आशंका जताई जा रही है कि बिजली शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लगी है। घटना की सूचना पर पहुंचे लोग और दमकल विभाग के तीन वाहन के मदद से काफी मेहनत के बाद बाद आग पर काबू पाया गया। दुकानदार रंजीत कुमार सिंह ने कहा इस भीषण अग्निकांड में तकरीबन दस लाख रुपये का नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना विभागीय अधिकारियों को देकर आपदा प्रबंधन कोष से क्षतिपूर्ति की मांग किया गया है। बताया जाता है कि बुधवार की देर शाम में दुकान बंद किया गया था। तब सब कुछ ठीक था। उसके बाद हमसभी अपने घर चले गए। इसी बीच दुकान से आग की लपटें को देखकर गुजरने वाले लोग ने शोर मचाया। तब आस पास के लोग पहुंचे, और मोबाइल फोन से घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही सैकड़ों लोग पहुंचे। तब घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दिया गया, सूचना मिलते ही तत्काल दमकल कर्मियों ने वाहन के साथ आये। और आग बुझाने में लग गये। लेकिन आग बेकाबू रहने के कारण दो अन्य दमकल घटनास्थल पर पहुंचे, तीन घंटे काफी मशक्कत के बाद तीनों दमकल वाहन और लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तबतक इस भीषण अग्निकांड में साइकिल पार्ट्स, पंखा, कम्प्रेशर, टंकी, फोटो स्टेट की मशीन, चार हजार रुपये के अलावा अन्य समान जलकर राख हो गया।

## कलियुगी मां ने नवजात शिशु को झाड़ी में फेका

निज संवाददाता | करगहर (रोहतास)

स्थानीय कुसहीं पथ में ब्रह्मस्थान के समीप स्थित शुक्रवार को राहगीरों ने नवजात शिशु के रोने की आवाज सुन कर अचंभित हो गए। नजदीक जाने पर कपड़े में लिपटा शिशु को देख पुलिस और एंबुलेंस को फोन किया। इस दौरान आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई। कई जानकार लोगों ने चाइल्ड केयर सासाराम को नवजात शिशु मिलने की सूचना दी। जब शाम ढलने लगा और स्थल पर पुलिस पहुंची और नहीं संबंधित विभाग के कर्मी तो ग्रामीणों को चिंता होने लगी ।बताया जाता है कि करगहर के समीप ब्रह्मस्थान के निकट किसी अभागिन मां ने अपने दूधमुंहे नवजात को सड़क किनारे तड़प तड़प कर मरने के लिए फेंक दिया। उक्त नवजात लड़की थी। इस बीच नवजात के शरीर पर चारों ओर कीड़े घूम रहे थे। जिससे वह चिल्ला रही थी। स्थल पर मौजूद महिलाओं को देखा नहीं गया तो नवजात शिशु को गोद में लेकर साफ सुथरा करने लगी। अधिकारी व कर्मी नहीं पहुंचे तो एक महिला ने ग्रामीणों को मां का छांव देने का बचन देकर बच्ची के लालन पालन का जिम्मा लिया।

## जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किये गए सरदार बल्लभ भाई पटेल

निज संवाददाता | नवादा

जिला जनता दल यूनाइटेड कार्यालय कर्पूरी सभागार नवादा में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 149वीं जयंती मनाई गई। जयंती के अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में नडियाड गुजरात में हुआ था। सरदार वल्लभभाई पटेल जी को तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव जी की सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित करने का काम किया। सरदार वल्लभभाई जी का उच्च शिक्षा रोमन लो (मिडिल टेंपल इंग्लैंड) से कानून की पढ़ाई किए थे। पटेल साहब को पुत्री मनी बेन एवं पुत्र दहा भाई पटेल थे। सरदार वल्लभ भाई पटेल मुख्य रूप से पेशेवर वकालत तथा राजनीतिज्ञ थे। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन वर्ष 1918 में खेड़ा सत्याग्रह महात्मा गांधी जी के साथ किए थे। इसके बाद पंजाब में ब्रिटिश सरकार के नरसंहार और आतंक के विरोध में खिलाफत आंदोलन शुरू किए थे। इस आंदोलन में गांधी जी असहयोग का निर्णय लिए थे। सरदार वल्लभभाई पटेल हमेशा के लिए अपनी वकालत की प्रैक्टिस छोड़ दिए और खुद को पूरी तरह से स्वतंत्रता आंदोलन में

## युवाओं ने जलाया एक दीया शहीदों के नाम

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)



दीपावली के अवसर पर खनवां गांव के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक दीया शहीदों के नाम जला कर देश के लिए मर मिटने वाले शहीदों को श्रद्धांजिली दिया। युवाओं ने बताया कि विगत कई वर्षों से खनवां के युवाओं के द्वारा एक दिया शहीदों के नाम और समाजसेवी इंजीनियर रंजीत कुमार के द्वारा मंदिरों में दीपोत्सव कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसी के निमित्त खनवां के देवी मंदिर, काली मंदिर में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ साथ बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ कृष्णा सिंह स्मारक खनवां और बाबासाहेब अंबेडकर स्मारक हसनपुरा में एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम में युवाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला शारीरिक प्रमुख लव कुमार भास्कर ने कहा की समाज में पांच चीजों के जागरण और परिवर्तन की आवश्यकता है जिसमें कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जागरण एवं नागरिक कर्तव्य के प्रति हम सभी को सजग होने की आवश्यकता है। देश प्रथम की भावना से देश की अखंडता और एकता बनाए रखने के लिए हम सभी को एक साथ आगे आने की आवश्यकता है। मैथ योगा कोचिंग के डायरेक्टर रॉबिंस कुमार ने कहा कि हमारे युवाओं को शिक्षा के प्रति सजग होना पड़ेगा और शासन एक अच्छे वातावरण के साथ अच्छा मंच प्रदान करें ताकि यहां के युवा को शिक्षा के लिए पलायन न करना पड़े। सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश संगम ने कहा कि हमें अपने समाज में कुरीतियों को भी सुधार कर समाज एकजुट होकर एक दिशा में प्रयास करें तो देश के प्रति हमारा कुछ योगदान हो पाएगा।

कार्यक्रम में मनीष कुमार, शुभम कुमार, रितिक कुमार, सोनू कुमार, हनी कुमार राकेश कुमार सहित दर्जनों युवाओं ने अपनी सहभागिता दी।

# झारखंड से लौट रहे बाइक सवार युवक की मौत



निज संवाददाता | कुटुंम्बा (औरंगाबाद)

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना हरिहरगंज थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव के समीप की है। मृतक की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के सिमरी कला गांव निवासी परशुराम पासवान के पुत्र धीरेंद्र पासवान के रूप में हुई है।

परिजनों ने बताया कि धीरेंद्र बाइक से झारखंड गया हुआ था। शुक्रवार की सुबह घर वापस लौट रहा था, जैसे ही वह तेंदुआ गांव के समीप पहुंचा तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार धक्का दिया जिसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गया। इस दौरान उसी रास्ते से गुजर रहे धीरेंद्र के एक रिश्तेदार की नजर जब उस पर पड़ी तो वह बाइक रोककर घटना की सूचना परिजनों को दी और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज पहुंचाया।

इधर सूचना पर परिजन हरिहरगंज अस्पताल पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज़ के लिए रेफर कर दिया लेकिन उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद दो बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया। मृतक दूसरे प्रदेश में रहकर जॉब करता था। उसके पिता परशुराम पासवान गांव में ही रहकर कृषि कार्य करते हैं। घटना के बाद से पत्नी दया देवी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजें की मांग की है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## दीवाली की लाइट लगाने के दौरान युवक को लगा करंट, अस्पताल में भर्ती



निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)

घर में दीपावली की लाइट की सजावट करने के दौरान एक युवक करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के वार पंचायत के टंडवा गांव में हुई है। यहां कपिल चौधरी के 18 वर्षीय बेटे नवीन कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजनों व जिला पार्षद शंकर यादवेंदू , शंभू यादव ने घायल को सदर अस्पताल में भर्ती करवाया है। सदर अस्पताल में डॉक्टर विनेश कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर विनेश कुमार ने बताया घायल को समय रहते ही इलाज के लिए भर्ती करवा दिया गया, नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। उन्होंने बताया कि फिलहाल इसको अभी इलाज की जरूरत है। करंट की चपेट में आने से युवक बेहोश हो जा रहा था। परिजन लाल बिहारी चौधरी ने बताया कि दीपावली को लेकर नवीन कुमार घर में लाइट लग रहा था। अचानक छटपटाने की आवाज सुनाई दी। आनन-फानन में घर की लाइट काटी गई। इसे इलाज के लिए लाया गया। उन्होंने बताया कि नवीन कुमार अभी 12वीं का छात्र है, जो अभी वार हाई स्कूल में नामांकन है।

## औरंगाबाद में पटाखा जलाने में 10 लोग जले

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** औरंगाबाद में गुरुवार की रात अलग-अलग जगह पटाखा जलाने के दौरान 10 लोग झुलस गए। सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में फेसर थाना क्षेत्र के देवरीया गांव निवासी शंकर, औरंगाबाद शहर के कर्मा रोड़ निवासी विकास, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेंदुआ अकौना गांव निवासी नीतीश, शहर के सत्येंद्र नगर निवासी रंजीत कुमार, संतोष कुमार शामिल हैं। इसके अलावा नगर थाना के विभिन्न मोहल्लों में निशा कुमारी, सोनी कुमारी, शंकर यादव, शिवम कुमार, रामदेव, सुमन देवी, सागर कुमार सहित अन्य लोग जख्मी हो गए। सदर अस्पताल में डॉ. सुनील कुमार, डॉक्टर साबिद खान और डॉक्टर खालिद ने सभी घायलों का इलाज किया। डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि रात 9:00 बजे से झुलसे मरीज आने लगे थे। जो देर रात तक आते रहे। ज्यादातर लोगों के हाथ जले हैं।

### चचेरा भाई ही निकला आरोपी

## विकास हत्याकांड का पुलिस ने किया उदभेदन दो गिरफ्तार, देशी कट्टा और कारतूस बरामद

निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)



दाउदनगर थानाक्षेत्र के चौरी निवासी 20 वर्षीय युवक विकास कुमार की हत्या की घटना का पुलिस ने उद्वेदन करते हुए हत्याकांड में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने दाउदनगर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि हत्याकांड के उद्भेदन हेतु तीन टीमें बनाई गई और थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक फहीम आजाद खान द्वारा अनुसंधान प्रारंभ किया गया, जिसमें जिला आसूचना इकाई के पुलिस अवर निरीक्षक राम इकबाल यादव के नेतृत्व में टीम सहयोग कर रही थी। मंगलवार को ही मृतक के पिता चौरी निवासी दुर्गा चौधरी के फर्द बयान पर दाउदनगर थाना क्षेत्र के चौरी निवासी स्व. सुदेव यादव के पुत्र प्रिंस कुमार के विरुद्ध गोली मारकर हत्या कर लोरहिया बधार में पीपल वृक्ष के नीचे अहरा में फेंक देने के आरोप में दाउदनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। बुधवार को इस कांड के प्राथमिकी अभियुक्त प्रिंस कुमार को उसके दालान से गिरफ्तार किया गया. उसके दालान की तलाशी लिए जाने पर एक कमरा में रखे भूसा के नीचे केसरिया रंग के गमछा में बांधकर रखा हुआ एक देसी कट्टा व एक पीतल का जिंदा कारतूस बरामद किया गया तथा अप्राथमिकी अभियुक्त चौरी निवासी गुलेंदर चौधरी के पुत्र

## एसपी ने छठ महापर्व को लेकर दोमुहान घाट का किया निरीक्षण

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए रिसीयप थाना क्षेत्र के दोमुहान छठ घाट का निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए घाट पर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने घाट पर बिजली व्यवस्था, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं का मुआयना किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं के लिए घाट तक पहुँचने वाले मार्गों को दुरुस्त रखें और जाम से बचाव के लिए वैकल्पिक मार्गों की भी व्यवस्था करें। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जल स्रोतों के पास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए ताकि पर्व के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। छठ पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना को देखते हुए पुलिसकर्मियों की तैनाती बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

दीपावली, भैयादूज एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
सुबह की शुरूआत...
आसाम टी रायल के साथ
100 ग्राम, 250 ग्राम के नये पैक में उपलब्ध

निर्माता : दिनेश कुमार, राजेश कुमार पुरानी गोदाम , गया

## चित्रगुप्त पूजा महोत्सव का आयोजन कल, जोर–शोर से की जा रही तैयारी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

कर्मा रोड पर स्थित चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन में रविवार को मनाया जाने वाला श्री श्री चित्रगुप्त पूजा महोत्सव 2024 बेहद धूमधाम से संपन्न होने जा रहा है। इस महोत्सव की तैयारी बड़े उत्साह के साथ की जा रही है, जिसमें जिले भर से कायस्थ परिवारों के साथ-साथ अन्य सामाजिक वर्गों के लोग भी शामिल होंगे। आयोजन की जिम्मेदारी ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) औरंगाबाद ने संभाली है। जीकेसी के अध्यक्ष कमल किशोर ने बताया कि पूजा का आरंभ रविवार सुबह 11 बजे होगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। संध्या 6 बजे महाआरती का आयोजन होगा, जिसके बाद 7:30 बजे से प्रीतिभोज की तैयारी की गई है। विशेष रूप से 4 नवंबर को दोपहर 3 बजे मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया भी संपन्न होगी। इस महाआरती में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, विधायक आनंद शंकर, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, नगर परिषद के अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता और जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह समेत जिले के अनेक गणमान्य नागरिक और समाजसेवी शामिल होंगे। इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए जीकेसी के अजय श्रीवास्तव, अजय वर्मा, इंजीनियर बी के श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, डॉ. शीला वर्मा, श्रीराम अम्बष्ट, महेंद्र प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, और अन्य सहयोगी जुटे हुए हैं। सभी के सहयोग से इस वर्ष भी यह कार्यक्रम शानदार रूप से संपन्न होने की उम्मीद है।

भगवान चित्रगुप्त, जिन्हें कलम का देवता माना जाता है, का पूजन कायस्थ परिवारों के लिए विशेष महत्व रखता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, उनका जन्म यम द्वितीया के दिन हुआ था, और कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को उनकी पूजा की जाती है। चित्रगुप्त जी का संबंध ज्ञान और कर्मों के लेखा-जोखा से है, जिससे वे यमराज के सहायक बनते हैं। उन्हें साहस, शौर्य, बल, और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है।

## औरंगाबाद जिला प्रेस क्लब ने जरूरतमंद परिवारों को दिया उपहार




एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद जिला प्रेस क्लब की ओर से आज शहर के दानी बीघा में जरूरतमंद परिवारों/महिलाओं के बीच दीपावली के अवसर पर मिठाई और मोमबत्ती का पैकेट वितरण किया गया तथा उनके साथ हैप्पी दिवाली मनाई गई। जरूरतमंद व्यक्तियों के साथ अगर आप कोई त्यौहार मनाते हैं तो उसका आनंद कुछ और ही बढ़ जाता है। इसी उद्देश्य के तहत औरंगाबाद जिला प्रेस क्लब ने दीपावली के शुभ अवसर पर आज यह पहल की है। अब आगे भी प्रेस क्लब के माध्यम से लगातार समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों के हित में कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला प्रेस क्लब के संरक्षक कमल किशोर, अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, महासचिव संजय सिन्हा, अजय कुमार श्रीवास्तव, मुकेश कुमार सिंह, बमेन्द्र कुमार सिंह, अटल बिहारी सिंह, सूरज कुमार समेत कई मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

दीपावली, भैयादूज एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
SINHA ASSOUNTS ASSOCIATES
A complete Solution in taxation & accounts
Deals In : GST, INCOM TAX, BALANCE SHEET, ROC, PROJECT REPORT, P.F. TAX NO., PAN CARD, E-TDS
TIN-FC & PAN CENTRE CENTRE
(Managed by NSDL)
Branch Code: 51977
Steel City Secrurity Ltd. Newar Devi Mandir
Jai Prakash Nagar, Aurangbad
E-mail Id.-sinhaaaurangabad3@gmail.com
SANJEEV KUMAR
(TAX ADVOCATE)
Mob:. - 9431456075
Office No. - 6203327060

दीपावली, भैयादूज एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
AHILYA FASHION
SAI BIJAULI COMPLEX, BESIDE RELIANECE JWEWEL M.G. ROAD AURANGABAD, BIHAR-824101
» SAREES, » READYMADE SUITS, » UNSTITCHED SUITS, » KURTIS BANARASI & KANJIVARAMS, » BANDHEJ, » BRIDAL GOWNS BRIDAL LEHENGAS, » KIDS WEAR & SUITINGS SHIRTINGS
UP TO 25% OFF




दीपावली, भैयादूज एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
माँ विन्ध्यवासिनी वस्त्रालय
पी.एन.बी. मंडल कार्यालय, ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद
फैन्सी साड़ियां, सुटिंग-शर्टिंग एवं सलवार सूट के विक्रेता
प्रो. मनोज साव, मिथिलेश साव


दीपावली, भैयादूज एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
RAMKRISHNA DWARIKA COLLEGE
Lohia Nagar, Kankarbagh, Patna -800020 (Bihar)
A Constituent Unit of Patlipurta University, Patna
PROGRAMME PROFILE
- 4 years Honors Degree Courses in Science, Arts & Commerce.
- Master Degree in the following Subjects: History, Economics, Political Science, Geography and M. Com – Accounts Group.
- Vocational Courses like Bachelor in Computer Application (BCA) Bachelor in Business Management (BBM), Bachelor of Science in Information Technology (B.Sc. IT), Travel & Tour Management (TTM) & Advertising Sales Promotion & Sales Management (ASP & SM).
- UGC Sponsored Coaching for SC/ST/ OBC/ Minorities for entrance exams of different services.
- +2 Courses from Bihar School Examination Board, Patna in Science, Arts & Commerce.
- UGC Sponsored remedial Coaching.


SPECIAL FEATURES
- College has 58 years of existence. Well Equippted Language and Research Laboratory.
- Well Qualified and Experienced Teaching Faculty. Free Wi-Fi Campus.
- The Counselling and Placement Cell of the College helps the students in campus placement.
- Sports, NCC, NSS and Cultural facilities for Boys and Girls.
- Lift facility for differently unabled person.
- 24 Hours Security through CCTV Camera and Guard.
- Seminar Hall.
- Experienced and Cooperative Staff. Excellent Academic Results and Healthy Academic Environment.
- Health Centre Facilities Available.
- Girls Common Room with Facilities of Sanitary Pad Vending Machine
- Fully Digitilised Documents for Hassle Free Student Experience.


PROF. (DR.) JAGANNATH PRASAD GUPTA
Principal
Office of the Principal Website: www.rkdcollegepatna.org Email: principalrkdcollegepatna@gmail.

## संक्षिप्त समाचार

## गुरुआ में सीओ ने दिया तीन डिसमिस जमीन का परवाना

**गुरुआ**। प्रखंड के गुनेरी पंचायत की नदियावां गांव के मजदूर श्याम सुंदर मांझी को घर बनाने के लिए जमीन नहीं थी। उसने अधिकारियों से जमीन की गुहार लगाई थी। इसके बाद सीओ अतहर जमील व गुनेरी पंचायत के राजस्व कर्मचारी मनीष कुमार ने श्री मांझी की पत्नी मानती देवी को तीन डिसमिस जमीन उपलब्ध कराकर उसका परवाना सुपुर्द कर दिया। गुनेरी पंचायत के उप मुखिया मनीष कुमार सिंह ने बताया कि जिसके पास आवास निर्माण के लिए लेकर जमीन उपलब्ध नहीं है, हमलोग हरसंभव प्रयास कर रहे हैं कि वैसे लोगों को तीन डिसमिस जमीन मिले।

## वार्ड सदस्य के निधन पर जताया शोक, दी श्रद्धांजलि

**गुरुआ**। गुनेरी पंचायत की नरियाही गांव के 45 वर्षीय वार्ड सदस्य मो. असलम अंसारी का अचानक तबीयत बिगड़ने से निधन हो गया। इसपर वार्ड सदस्य संघ ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उप मुखिया मनीष सिंह व नौशेर खान और बढ़ई बिगहा गांव के वार्ड सदस्य पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि वार्ड सदस्य असलम अंसारी काफी साहसी और संघर्षशील व्यक्ति थे। उनके आकिस्मक निधन से तमाम वार्ड सदस्य काफी दुःखी हैं।

## नालंदा में करंट लगने से अधेड़ की मौत, बिजली तार के संपर्क में आने से हुआ हादसा

**नालंदा**। नालंदा में गुरुवार को करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मामला वेन थाना क्षेत्र अंतर्गत माड़ी गांव का है। मृतक की पहचान माड़ी गांव निवासी रामचंद्र जमादार के बेटे मोहन जमादार(45) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि मोहन जमादार छत पर से सीढ़ी के सहारे नीचे आ रहे थे। इसी बीच घर के बिजली के तार के संपर्क में आ गए। इसके झटके से वह नीचे गिर गए। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को लेकर पुलिस की मदद से बिहारशरीफ पोस्टमॉर्टम के लिए पहुंचे। वहीं, इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। मोहन जमादार मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। वह अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी को छोड़ गए हैं। वहीं, वेन थाना अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। आवेदन मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## राजद नेता ने की विधानसभा चुनाव में दावेदारी की घोषणा

**नालंदा**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में होने में अभी दस महीने का समय बचा है। लेकिन, राजनीतिक गलियारों में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस बीच बिहार शरीफ विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की नेता डॉ. आयशा फातिमा ने अपनी चुनावी दावेदारी को लेकर घोषणा की हैं। डॉ. फातिमा ने कहा कि "पिछले कई सालों में हमने देखा है कि जनप्रतिनिधियों ने बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन उन्हें पूरा करने में विफल रहे। मैं जनता से एक ठोस वादा करती हूं कि मेरा हर वचन पूरा होगा।" आयशा फातिमा ने बिहार शरीफ के विकास के लिए एक व्यापक कार्ययोजना प्रस्तुत की। इसमें, शहर में सीसीटीवी कैमरों की व्यापक स्थापना, महिला सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता, हर मोहल्ले में सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना, एक केंद्रीय विद्यालय की स्थापना और शैक्षिक बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। डॉ. फातिमा ने कहा कि अगर सरकार का सहयोग मिला तो बेहतर है, नहीं तो मैं व्यक्तिगत स्तर पर इन परियोजनाओं को पूरा करने का प्रयास करूंगी। ऐसा मानना है कि बिहार शरीफ में शिक्षा और सुरक्षा के मुद्दों पर केंद्रित उनका चुनावी एजेंडा महत्वपूर्ण हो सकता है। विशेषकर महिला सशक्तिकरण और युवा विकास पर उनका विशेष जोर क्षेत्र की जनता के लिए आकर्षक प्रतीत हो रहा है। बिहार शरीफ में यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले महीनों में राजनीतिक समीकरण किस करवट बैठते हैं। फिलहाल, डॉ. फातिमा की घोषणाओं ने बिहार शरीफ की राजनीति में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है।



## एक नवंबर से सभी पर्यटन स्थल होंगे चालू

**नालंदा**। बिहार के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल राजगीर में इस साल दीपावली के अवसर पर पर्यटकों को निराशा हाथ लगेगी। प्रशासन ने त्योहार के मद्दे नजर नेचर सफारी और जू सफारी को एक दिन के लिए बंद रखने का निर्णय लिया है। नालंदा के डीएफओ राजकुमार एम और जू सफारी के निदेशक रामचंद्र एम ने जारी संयुक्त आदेश के अनुसार, 31 अक्टूबर यानी आज दोनों प्रमुख पर्यटक आकर्षण बंद रहेंगे। यह निर्णय प्रशासनिक कारणों से लिया गया है। राजगीर की जू सफारी अपने प्राकृतिक परिवेश में वन्य जीवों के दर्शन के लिए प्रसिद्ध है। इसमें पर्यटक पर्यावरण अनुकूल वाहनों में बैठकर भालू, बाघ और शेर जैसे वन्य प्राणियों का अवलोकन करते हैं। नेचर सफारी में लोकप्रिय ग्लास ब्रिज, सस्पेंशन ब्रिज, मड हट और रॉक क्लाइम्बिंग जैसी साहसिक गतिविधियां शामिल हैं। पर्यटन विभाग ने सभी पर्यटकों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना तदनुसार बनाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 1 नवंबर से सभी सुविधाएं पूर्ववत चालू रहेंगी। बता दें कि राजगीर बिहार के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में से एक है, जहां देश-विदेश से हजारों पर्यटक प्रतिदिन आते हैं। यहां की प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिक सुविधाओं का अनूठा संगम पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करता है।



## चंडीगढ़ में मिली सफलता, इन्वेस्टिगेटर के पद पर हुआ चयन, नालंदा के लाल ने रचा इतिहास

**नालंदा**। नालंदा के एक छोटे से गांव कृपागंज से निकलकर अभिषेक कुमार ने अपनी मेहनत और लगन से सफलता हासिल की है। चंडीगढ़ में आयोजित रोजगार मेले के माध्यम से उन्होंने अनुसंधान अधिकारी (इन्वेस्टिगेटर) के पद पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अभिषेक की इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी हैं। यह उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिभा का प्रमाण है कि इससे पहले वे भारत सरकार के गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य विभाग में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अभिषेक ने अपनी शैक्षणिक यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जुलाई 2024 में पहले ही प्रयास में उन्होंने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। उनका अगला लक्ष्य IAS बनकर देश और समाज की सेवा करना है। अपनी सफलता का श्रेय देते हुए अभिषेक कहते हैं की मेरे जीवन में सबसे बड़े प्रेरणास्त्रोत मेरे पिता हैं। मेरी इस सफलता के पीछे मेरे माता-पिता, गुरुजन और मित्रों का बहुत बड़ा योगदान है। समाज में कई चुनौतियों और कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद अभिषेक अपने लक्ष्य पर डटे रहे। उनकी कहानी आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है, जो दर्शाती है कि दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। वर्तमान में अनुसंधान अधिकारी के पद पर कार्यरत अभिषेक का कहना है कि यह उनकी यात्रा का सिर्फ एक पड़ाव है। उनका अंतिम लक्ष्य IAS अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। उनकी यह महत्वाकांक्षा और समर्पण भाव युवा पीढ़ी के लिए एक मिसाल है।

### प्रशांत किशोर ने लालू यादव को दी चुनौती, पार्टी को परिवार का बिजनेस बना दिया

# बोले- काबिल को बनाओ नेता, जन सुराज देगा साथ

निज संवाददाता। गया

बिहार विधानसभा की चार सीटों पर हो रहे उपचुनाव में राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ की सीटों पर सभी दल जीत का दावा कर रहे हैं। इसी बीच, जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने बेलागंज में RJD चीफ लालू प्रसाद यादव को सीधी चुनौती देकर माहौल और गरमा दिया है। प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर लालू यादव परिवार से हट कर किसी काबिल यादव को राजद का नेता और बिहार का राजा बनाएंगे, तो जन सुराज की पूरी टीम उनके समर्थन में खड़ी होगी। उन्होंने लालू यादव की परिवारवादी राजनीति पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि लालू ऐसा नहीं करेंगे, क्योंकि उनकी राजनीति सिर्फ परिवार तक ही सीमित है।

**लालू यादव अपने बेटों को ही विधायक बनाते हैं**: बेलागंज में चुनाव प्रचार के दौरान प्रशांत किशोर ने RJD के प्रति मुस्लिम और यादव समुदायों के अंधे समर्थन पर सवाल उठाए हैं। किशोर ने साफ कहा कि लालू यादव और सांसद सुरेंद्र यादव यादव समाज के काबिल लड़कों को आगे लाने की बात कभी नहीं करते। ये दोनों अपने बेटों को ही विधायक और मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। बेलागंज सीट पर लालू यादव ने सुरेंद्र यादव के बेटे विश्वनाथ कुमार को टिकट देकर अपनी मंशा पहले ही साफ कर दी है। प्रशांत किशोर ने इसी बात को उठाते हुए कहा कि लालू यादव ने पार्टी को परिवार का बिजनेस बना दिया है। मुस्लिम समुदाय के सवाल पर भी पीके ने तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि 2014 में जब नीतीश कुमार ने भाजपा का साथ छोड़ा था, तब मुस्लिम समुदाय ने उन्हें नेता नहीं माना, बल्कि राजद पर भरोसा किया। अब नतीजा सबके सामने है, पिछले 35 सालों से मुस्लिम समुदाय लालटेन में केरोसिन की तरह जल रहा है, लेकिन रोशनी किसी और की झोली में जा रही है। दरअसल, प्रशांत किशोर दीपावली की सुबह गया के बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में अपने उम्मीदवार मोहम्मद अमजद के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। इसी दौरान प्रशांत किशोर ने लालू यादव पर हमला किया था।



## मंदिर के प्रकाश के आगे फीका पड़ा अंधेरा, दिवाली पर महाबोधि मंदिर का श्रृंगार

### रात की रोशनी ने मंदिर की भव्य सजावट

निज संवाददाता। गया

गया में विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर इस दिवाली पर आस्था और रोशनी के अद्भुत संगम का केंद्र बन गया है। बोधगया स्थित इस ऐतिहासिक स्थल को हजारों झिलमिलाती लाइट्स से इस तरह सजाया गया है कि रात का अंधकार भी इस मंदिर के प्रकाश के आगे फीका पड़ गया है। दिवाली के अवसर पर महाबोधि मंदिर की यह भव्य सजावट, मंदिर के शिखर से लेकर उसकी दीवारों तक को चमकाते हुए, देखने वालों को एक अलौकिक अनुभव दे रही है। रात में मंदिर की रोशनी की छटा अद्वितीय है। जैसे ही सूर्यास्त होता है, रंग-बिरंगी लाइट्स मंदिर के चारों ओर बिछ जाती हैं और मंदिर के शिखर पर फैली रोशनी दूर से ही दिखाई देती है। हर ओर बिखरी हुई यह रोशनी महाबोधि मंदिर को एक स्वर्गिक रूप दे रही है। विशेष रूप से, मंदिर के चारों ओर फैली लाइट्स की चादर इसे दिव्यता का आभास देती है, मानो बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति के पल को फिर से जीवंत कर रही हो। दूर-दूर से श्रद्धालु और पर्यटक इस अनूठी सजावट का हिस्सा बनने के लिए बोधगया पहुंच रहे हैं। मंदिर का यह दिव्य रूप हर साल की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए एक अद्भुत अनुभव लेकर आया है, लेकिन इस बार की सजावट और रोशनी का खास आकर्षण है, जो इसे और भी भव्य बना रही है। महाबोधि मंदिर की जगमगाहट से न केवल मंदिर परिसर, बल्कि पूरा बोधगया शहर एक दिव्य प्रकाश में डूब गया है। रात में मंदिर के चारों ओर बिछी रंगीन लाइट्स की रोशनी, वातावरण को और भी अधिक पवित्र और शांतिमय बना रही है। मंदिर की दीवारों पर फैली यह रोशनी मानो ज्ञान, शांति और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दे रही है । इस दिवाली, महाबोधि मंदिर की सजावट ने न सिर्फ धार्मिक महत्व को और भी ऊंचा उठाया है, बल्कि पर्यटकों के लिए भी यह अनुभव अद्वितीय बना दिया है।



## थर्मोकोल और प्लास्टिक गोदाम में लगी आग

निज संवाददाता। गया

गया में थर्मोकोल और प्लास्टिक गोदाम में दिवाली की रात आग लग गई। गोदाम में थर्मोकोल और प्लास्टिक के कप, प्लेट और ग्लास थे। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आसपास के घरों में रहने वाले लोग घबरा गए। लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल हो गया। लोग आग बुझाने की कोशिश रहे थे, पर स्थिति उनके काबू से बाहर थी। सूचना पर मुफस्सिल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड अधिकारी संजय सिंह के नेतृत्व में आग बुझाने का अभियान शुरू हुआ, जिसमें 35 से ज्यादा फायर कर्मी जुटे। संजय सिंह के मुताबिक रात 12 बजे तक आग की लपटें इतनी ज्यादा थी कि गोदाम के आसपास फैलने लगी थी। दो घंटे की मेहनत के बाद आग बुझ गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुफस्सिल मोड़ के पास की है।



- **35 दमकलकर्मियों ने 2 घंटे में लपटों को किया शांत, आसपास के घर जलने से बचे**

**पटाखा के कारण आग लगने की संभावना**: आग लगने का कारण पटाखें बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार किसी ने रॉकेट छोड़ा था, जिसकी चिंगारी गोदाम के अंदर गिरी। इस कारण आग लग गई। पुलिस की तैनाती अब भी मौके पर है, ताकि स्थिति पर नजर रखी जा सके।

## महाबोधि मंदिर में आनंदीबेन पटेल का भावपूर्ण दर्शन, भगवान बुद्ध और विष्णुपद मंदिर में किया नतमस्तक

निज संवाददाता। गया

गया के बोधगया स्थित विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर में सोमवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भगवान बुद्ध के दर्शन किए। पटेल के इस आध्यात्मिक यात्रा पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मंदिर में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ के बीच सुरक्षा कर्मियों ने चाक-चौबंद व्यवस्था बनाए रखी। आनंदीबेन पटेल ने पहले पवित्र बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान साधना की। फिर गर्भगृह में जाकर भगवान बुद्ध की शरण में सिर झुकाया और उन्हें नमन किया।

महाबोधि मंदिर में ध्यान की आनंदीबेन पटेल की तस्वीरें वहां उपस्थित लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनीं। वहां मौजूद श्रद्धालु उन्हें ध्यान में देखकर प्रभावित हुए। इसके बाद आनंदीबेन पटेल ने बोधगया के विष्णुपद मंदिर की ओर रुख किया। जहां वह अपने पूर्वजों का पिंडदान कर रही हैं। पिंडदान विष्णुपद मन्दिर परिसर में किया जा रहा है। जिस स्थान पर पिंडदान वह कर रहीं है, वहां पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। गवर्नर द्वारा किए जा रहे पिंडदान को विष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष पण्डा शंभू लाल विट्ठल कर रहे हैं। मीडिया का प्रवेश फिलहाल रोक दिया गया है। इस मौके पर भगवान विष्णु के पवित्र चरणों पर माथा टेका और विनम्रता से प्रार्थना की। उनकी यह यात्रा आध्यात्मिक अनुभव से भरी हुई रही। दर्शन के दौरान गया के जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन और SSP आशीष भारती उनकी सुरक्षा में साथ रहे।

डीएम डॉक्टर त्याग राजन ने उन्हें महाबोधि मंदिर के ऐतिहासिक महत्व और धार्मिक धरोहर की जानकारी दी। इस मौके पर डीएम त्यागराजन ने आनंदीबेन पटेल को मन्दिर का स्तूप भी भेंट किए। उन्होंने यूपी की गवर्नर को बताया कि इस मंदिर को यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल का दर्जा दिया है और यहां हर साल लाखों श्रद्धालु भगवान बुद्ध की शांति का संदेश लेकर आते हैं। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का यह दौरा उनकी गहरी आस्था को दर्शाता है।

### पूर्वजों का पिंडदान करने पहुंची



## नालंदा में प्राचीन दुग्धेश्वर नाथ मंदिर का जीर्णोद्धार

**नालंदा** । बिहार शरीफ के चकरसलपुर स्थित प्राचीन श्री दुग्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद भव्य उद्घाटन समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 2 नवंबर को श्री श्री 108 माता जग तारणी जी की ओर से मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी के अनुसार तीन दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन के दिन दोपहर 2 बजे से माता जग तारणी जी का विशेष आशीर्वचन कार्यक्रम होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उपस्थित होने की संभावना है। कार्यक्रम के दूसरे दिन 3 नवंबर को रुद्राभिषेक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू होगा। जिसमें "हरे कृष्ण हरे राम" और "गौरी शंकर सीता राम" के मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा।

## नालंदा में छठ पूजा की तैयारियों का मंत्री ने लिया जायजा

**नालंदा**। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने छठ की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने नालंदा जिले के विभिन्न छठ घाटों का दौरा किया। साथ में सांसद कौशलेंद्र कुमार भी थे। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रवण ने भगवान सूर्य की धरती के रूप में प्रसिद्ध बड़गांव क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य हिस्सा है। इसलिए व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं और घाटों पर आवश्यक सुविधाओं में कोई कमी न रहे पूरा ख्याल रखने को कहा गया है। इनमें घाटों की समुचित साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, चौबीसों घंटे सुरक्षा व्यवस्था, आपातकालीन नियंत्रण कक्ष की स्थापना, पेयजल-शौचालय की व्यवस्था, महिला व्रतियों के लिए विशेष चेंजिंग रूम, निगरानी के लिए वॉच टावर, मेडिकल टीम की तैनात, गश्ती दल का गठन, व्यवस्थित वाहन पार्किंग, SDRF की तैनाती, सूर्य मंदिर के प्रवेश और निकास द्वार पर विशेष सुरक्षा और व्रती माताओं-बहनों के लिए पंडाल निर्माण का भी निर्देश दिया है। इस अवसर पर सिलाव प्रखंड अध्यक्ष मुकेश सिंह, जदयू के मुख्य प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, मिंटू चौधरी, मंगल सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. : 141-144 और 146, दिनांक 23.10.2024 (सिविल/ ब्रिज कार्य)**, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं. : 141-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के कार्यक्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन तिकानी-धौनी स्टेशनों के बीच सांझा हॉल्ट स्टेशन पर, धौनी-बाराहाट शाखा के बीच पुनसिया हॉल्ट स्टेशन पर और मंदारहिल-हंसडीहा शाखा के बीच दांड़े हॉल्ट स्टेशन पर आईबीएस के प्रावधान हेतु सिविल कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,11,86,468.49, **क्रम सं. 2, निविदा सं. : 142-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम** : मालदा मंडल के बांका में स्टील टैंक के सुदृढ़ीकरण कार्य एवं साहिबगंज और सुलतानगंज स्टेशनों पर स्टील टैंक की डिस्मैंटलिंग के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 57,71,393.66, **क्रम सं. 3, निविदा सं. : 143-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम** : वरिष्ठ डीईएन/1/मालदा टाउन के कार्यक्षेत्र में एईएन/न्यू फरक्का के अधीन मालदा मंडल में न्यू फरक्का में स्टील टैंक के सुदृढ़ीकरण कार्य और बड़हरवा स्टेशन पर स्टील टैंक की डिस्मैंटलिंग के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 38,50,498.85, **क्रम सं. 4, निविदा सं. : 144-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता/I/मालदा मंडल के कार्यक्षेत्र में सहायक अभियंता/मालदा के अधीन विभिन्न आईटी परियोजनाओं जैसे सीओए, आरटीआईएस, एफओआईएस, आईसीएमएस की कुशल निगरानी के लिए आधुनिकीकरण कार्य के साथ मालदा कंट्रोल ऑफिस की अग्नि सुरक्षा के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 37,61,602.43, **क्रम सं. 5, निविदा सं. : 146-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता/I/मालदा के कार्यक्षेत्र में मालदा मंडल की बड़हरवा-साहिबगंज शाखा में ब्रिज नं. 275 (5X3.66 मी.) के सहायक कार्यों के साथ बी स्लैब के एफसी स्लैब के प्रतिस्थापन/मरम्मत के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,16,24,921.81, **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 14.11.2024 को 15.30 बजे। (प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट** : www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/ मालदा टाउन (प्रत्येक हेतु)। MLD-133/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**जीईएम बोली सं. : जीईएम/2024/बी/5539619, दिनांक 29.10.2024**, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 द्वारा "वर्कशॉप रेलवे अस्पताल/काँचरापाड़ा में यंत्रचालित सफाई कार्य" के लिए खुली जीईएम सेवा निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** रु.55,37,235.65, **बयाना राशि जमा :** रु. 1,10,744/-, **ई-पीबीजी :** पी.ओ. मूल्य का 2%, **खुलने की तिथि और समय** : दिनांक 09.11.2024 (शनिवार) को 09.30 बजे। **समापन अवधि:** 01 (एक) वर्ष। जीईएम सेवा बोली दस्तावेज जीईएम साइट (गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस) अर्थात जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in पर उपलब्ध होंगे और दरें जीईएम पोर्टल अर्थात https://gem.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन कोट की जाएंगी एवं ऑनलाइन जमा की जाएंगी। MED-09/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल-51-24**, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (साधारण), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** एसएसई/इलेक्ट (सा.)/आसनसोल के अधीन एक वर्ष के लिए विविध विद्युत कार्य का अनुबंध। **निविदा मूल्य :** रु.60,11,529.07, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 1,20,200/-, **कार्य के लिए समापन अवधि** : 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय** : दिनांक 22.11.2024 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। ASN-211/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. : 147-एमएलडीटी-24-25, दिनांक 25.10.2024 (सिविल/कार्य)**, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. : 147-एमएलडीटी-24-25, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/मालदा के कार्यक्षेत्र में सहायक अभियंता, जमालपुर के अधीन अभयपुर स्टेशन पर 25 शय्या वाले आरपीएफ बैरक एवं कार्यालय भवन के निर्माण कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,70,21,756.40, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 19.10.2024 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/ मालदा टाउन। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। MLD-134/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा प्रणाली के लिए संक्षिप्त निविदा सूचना सं. :एएसएन/I/05 ऑफ 2024-25**, उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/I/पूर्व रेलवे, आसनसोल, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिना-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** डीसीओपी के यार्ड सहित डीसीओपी दुर्गापुर के बीच 5वीं लाइन के कटाव और भराव में मिट्टी कार्य, ब्लैंकेटिंग, लघु पुलों का निर्माण, रिटेनिंग वॉल, साइड ड्रेन, कैच वाटर ड्रेन, पी. वे कार्य एवं अन्य सहायक कार्य, हावड़ा से सीएच 171.503 किमी. (डीजीआर से सीएच 1453.00 मी.) से हावड़ा से सीएच 173.8221 किमी (डीसीओपी वेस्ट केबिन से सीएच 582.08 मी.) तक। **निविदा मूल्य :** रु.11.14 करोड़, **निविदा का माध्यम:** दो पैकेट प्रणाली। **बोली प्रतिभूतति राशि :** रु.7,07,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य (रु.):** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 22.11.2024 को 11.00 बजे। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। इस निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। CON-68/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-323, के लिए खुली ई-निविदा सूचना, दिनांक 29.10.2024**, वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** :"मालदा टाउन मंडल के तहत स्टेशन, सेवा भवन में बीएलडीसी सीलिंग फैन और प्लेटफॉर्म लाइट के प्रावधान (फेज-II)" के सिलसिले में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,24,65,710.20, **बयाना राशि:** रु. 2,62,300/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 05.11.2024 से 19.11.2024 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट** : वेबसाइट www.ireps.gov.in सूचना पट: वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट www.ireps.gov.in में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। MLD-131/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-आरपीएच-केडब्ल्यूएई-24-25, दिनांक: 29.10.2024**, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-आरपीएच -केडब्ल्यूएई-24-25** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** अनुसूची क-हावड़ा मंडल की अहमदपुर-कटवा शाखा के बीच किमी. 37/1-2 पर एल.सी. गेट नं. 14/सी/ई के स्थान में लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) का निर्माण । अनुसूची ख-हावड़ा मंडल की खाना जं.-बोलपुर शांतिनिकेतन शाखा में गुसकरा-पिचकुरिरढाल के बीच में किमी. 24/23-25 पर एल.सी. गेट नं. 5 के स्थान में लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) का निर्माण। अनुसूची ग-हावड़ा मंडल की रामपुरहाट-दुमका शाखा में किमी. सं. 109/7-8 तथा रामपुरहाट-अदलपहाड़ी के बीच एल.सी. गेट 29 ई के स्थान में लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) का निर्माण। अनुसूची घ-हावड़ा मंडल की रामपुरहाट-दुमका शाखा में किमी. सं. 105/7-8 तथा रामपुरहाट-अदलपहाड़ी के बीच एल.सी. गेट 30 ई के स्थान में लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) का निर्माण। **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,17,01,151.21, **बयाना राशि:** रु. 2,08,500/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 29.10.2024 को 11.42 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 12.11.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 26.11.2024 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है। HWH-382/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

# तीन नवंबर को भगवान चित्रगुप्त की होगी पूजा

**भागलपुर**। कायस्थ जाति के कुलदेवता भगवान चित्रगुप्त की पूजा 03 नवंबर रविवार के दिन की जाएगी। जिले में कायस्थ समाज के द्वारा यह पूजा धूमधाम से मनाई जाती है। शहर में यूं तो कई मंदिर और स्थानीय स्तर पर पूजा की परंपरा रही है, परंतु कायस्थ इसे अपने मंदिरों के अलावा घर में भी पूजा अर्चना करते रहे हैं। मिथकों और पुराणों के अनुसार धर्मराज चित्रगुप्त अपने दरबार में मनुष्यों के पाप-पुण्य का लेखा-जोखा करके न्याय करने वाले बताए गए हैं।

# महिला के साथ मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**तारापुर**। तारापुर थाना के नवटोलिया गांव में शराब छुपा कर रखने से मना करने पर महिला के साथ मारपीट के नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को घटना में शामिल नवटोलिया गांव का अभिनंदन उर्फ प्रज्ञा यादव को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नवटोलिया की कल्पना देवी ने 30 सितंबर को तारापुर थाना में आधे दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध उनके और उनके परिवार के साथ मारपीट कर जख्मी किए जाने का केस दर्ज किया था। महिला का आरोप था कि आरोपित उनके बगीचा में शराब छुपा कर रखता था और कारोबार करता था। जिसका यह बराबर विरोध करती थी। उसी के फलस्वरूप इसके साथ मारपीट की गयी।

## 10 नवंबर तक बंद रहेगा मुंगेर विश्वविद्यालय

**मुंगेर**। 31 अक्टूबर से लेकर 9 नवंबर तक विश्वविद्यालय एवं उसके अंतर्गत सभी कॉलेज बंद रहेंगे। 10 नवंबर को रविवार है। इसलिए अब 11 नवंबर को ही विश्वविद्यालय खुलेगा। विवि द्वारा बुधवार को जारी किए गए सूचना के अनुसार दीपावली, चित्रगुप्त पूजा, भाई दूज, छठ महापर्व के अवसर पर मुंगेर विवि मुख्यालय एवं उसके अंतर्गत आनेवाले सभी महाविद्यालय एवं कार्यालय बंद रहेंगे।

## 18 वर्ष के युवा बनवा सकते हैं वोटर कार्ड

**मुंगेर**। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 कार्यक्रम को लेकर 29 अक्टूबर से मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम शुरू हो गया है। 1 जनवरी 2025 के आधार पर फोटो निर्वाचक सूची में नाम युवा वर्ग जुड़वा सकते हैं। उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए बीएलओ की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जहां आप स्वयं भी उनके माध्यम से नाम निर्वाचक सूची में जुड़वा सकते हैं। 18 वर्ष की उम्र सीमा पार करने अथवा अधिक उम्र वाले युवा व युवती मतदाता सूची में नाम पंजीकृत करा सकते हैं। सूची में नाम जोड़ने का काम 28 नवंबर तक चलेगा। 2 और 3 नवंबर के अलावा 23 और 24 नवंबर को विशेष अभियान चलाकर युवा मतदाताओं को पंजीकृत किया जाना है।

## श्रीकृष्ण वाटिका को सुदृढ़ करने को लेकर वन विभाग को सौंपा ज्ञापन

**बरियारपुर**। आजाद हिंद सामजिक संगठन के सदस्यों द्वारा ऋषिकुंड हॉल्ट के समीप रेल पटरी किनारे बसे गंगा कटाव से पीड़ित जो बाढ़ से ग्रसित थे ऐसे जरुरतमंद परिवारों के बीच दीपावली से पूर्व मिठाई, मिट्टी के दीपक, तेल, बत्ती, फुलझड़ी, लावा व मूढ़ी आदि सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के संस्थापक मोहित चौधरी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि संगठन के द्वारा जो सहयोग किया जा रहा है, वह संगठन के सभी सदस्य एवं आम नागरिकों से सहयोग लेकर किया जा रहा है। उन सभी लोगों को धन्यवाद, जो उन्होंने इन जरूरतमंदों के दर्द को समझते हुए इनके सहयोग के लिए आगे आए। मौके पर यशवंत गौरव, शिवम, नीतीश, कौशल, करण, आदित्य जयसवाल, जितेन्द्र, राहुल, प्रदुम्य कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## बनाया गया 5 फीट घरौंदा, जल जीवन हरियाली का दिया गया थीम, जल संरक्षण करने का दिया संदेश

**मुंगेर**। मुंगेर में आज दीपावली मनाया जा रहा है, जिसे लेकर हर और दीपावली काली पूजा और लक्ष्मी पूजा को लेकर जगह-जगह पर तैयारी की गई है। देर शाम लोग दीपावली के अवसर पर दीप जलाकर और घरों में लक्ष्मी की पूजा कर दीपावली का पर मनाएंगे तो वहीं दूसरी ओर दीपावली को लेकर युवतियों में भी काफी खुशी है। चुकी दीपावली के दिन युवतियों के द्वारा घरौंदा की पूजा अर्चना की जाती है जिसे लेकर घर के अंदर घरौंदा तरह-तरह की बनाई जाती है।



इस बीच जिला मुख्यालय स्थित शादीपुर में रेशम कुमारी के द्वारा एक आकर्षक तरीके का घरौंदा बनाया गया है जो कि आसपास के लोगों के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। लगभग 5 फीट ऊंची घरौंदा को तीन मंजिला मकान का स्वरूप दिया गया है और इसे अलग-अलग तरीके से पेंटिंग कर रंग-बिरंगी लाइट लगाया गया है। इस घरौंदा में खास यह है कि इस जल जीवन हरियाली के थीम पर बनाया गया है और इसमें घर के अंदर जो पानी का बहाव होता है उसे जल को किस तरह से संरक्षित किया जाता है इसके लिए घरों के अंदर सूक्त का निर्माण करने के साथ चापानला को भी बनाकर दिखाया गया है। रेशम कुमारी का कहना हुआ कि यह घरौंदा को बनाने उसे 2 दिन का समय लगा और इसमें उसकी मां का भी सहयोग रहा। रेशम का कहना हुआ कि दीपावली को लेकर प्रत्येक बार कुछ अलग तरीके के घरौंदा बनाई जाती है। इस बार जल जीवन हरियाली जो सरकार के द्वारा संदेश दिया जाता है इसकी थीम पर घरौंदा बनाया गया है और इसे बेहतर तरीके से सजाया गया और इसमें आज दीपावली के दिन पूजा अर्चना किया जाएगा।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो ने राष्ट्रीय एकता दौड़ कराई



**भागलपुर**। केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्रालय के संचार ब्यूरो भागलपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस पर डेफोडिल्स स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों के बीच दौड़ कराई। दौड़ स्कूल कैंपस से विभिन्न क्षेत्रों तक हुई। डेफोडिल्स स्कूल की प्राचार्य रजनी पांडेय, संयुक्त निदेशक प्रतिमा अग्रवाल और मंत्रालय के अधिकारियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। वक्ताओं ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व तथा कृतित्व की चर्चा की। स्कूल के निदेशक तन्मय तरुण ने कहा कि सरदार पटेल ने पूरे देश को एकता के सूत्र में बांध दिया था। केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि इस वर्ष केन्द्र सरकार सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर विशेष अभियान चला रही है।

# पुलिस बस बेकाबू, ई-रिक्शा को मारी टक्कर, ब्रेक फेल होने पर हुआ हादसा

## 3 ऑटो और 1 ई-रिक्शा टकराई, एक चालक जख्मी

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में पुलिस बस का ब्रेक फेल हो जाने के कारण गाड़ी बेकाबू हो गई। इस दौरान बाइक सहित तीन ऑटो और एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, इस हादसे में कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना कहलगांव थाना क्षेत्र के हटिया रोड में घटी है। घटना के बाद आसपास लोगों के बीच कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। समय रहते लोग इधर-उधर भागने लगे। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कहलगांव उल्टापुल के पास चढ़ाव पर पुलिस बस बेकाबू हो गई। चालक ने संभालने का काफी प्रयास किया, लेकिन बस आगे जाने के बदले उल्टे पीछे की ओर जाने लगी। जब बस बैक में जाने लगी तो बस के पीछे खड़ी एक बाइक और तीन ऑटो बस की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, एक ई-रिक्शा पलट गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त ई-रिक्शा पर यात्री नहीं था। हादसे में बस की टक्कर से बाइक चालक को पैर में चोट लगी है। इससे वह जख्मी है। घायल के बाइक में भी चोट आई है। इससे बाइक भी क्षतिग्रस्त हुआ है।

**धनतेरस पर नया ई-रिक्शा लिया था**: इधर, इस घटना की सूचना मिलते ही कहलगांव थाना से पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा गया और स्थिति को काबू में किया गया। पुलिस बाइक सवार को इलाज कराने ले गई और उसकी बाइक का मरम्मत कराया। इधर, तीन क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा में से एक ई-रिक्शा चालक अपना गाड़ी लेकर भाग गया। चालक मंटु तांती ने बताया कि वह धनतेरस में नया ई-रिक्शा खरीदकर लाया था। इस घटना से उसकी नई गाड़ी टूट गई। उसने बताया कि मेरा ज्यादा नुकसान हुआ है। पहुंची पुलिस, खराब बस को हटाई। वहीं इसी घटना में क्षतिग्रस्त हुए एक अन्य ई-रिक्शा चालक सौरव कुमार ने बताया कि मेरा टोटो क्षतिग्रस्त हो गया है।

इधर, घटना के थोड़ी देर बाद कहलगांव पुलिस ने डायल 112 की टीम की मदद से खराब बस को हटाया। मामले को लेकर कहलगांव पुलिस ने बताया कि ज्यादा किसी का नुकसान नहीं हुआ है। बाइक ठीक करा दी गयी है।

# जदयू बिहार के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी बढ़ाएगा जनाधार




निज संवाददाता। भागलपुर

जनता दल (यूनाइटेड) के 21वें स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को महानगर जिला जनता दल (यू०) कार्यालय में केक काटकर कार्यकर्ताओं ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर महानगर के जिलाध्यक्ष संजय साह ने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) देश एक मात्र ऐसा दल है, जो राजनीतिक दायित्वों के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करती है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व्यक्ति नहीं विचारधारा है। आने वाले समय में जदयू बिहार के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों में भी अपने जनाधार को बढ़ाएग। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष सुड्डू साईं, युवा जदयू के राष्ट्रीय सचिव राकेश ओझा, महानगर जद (यू०) के उपाध्यक्ष नीरज राय, प्रवक्ता मुकेश कुमार दीपक, महासचिव राहुल सिंह, सचिव मयंक वर्मा, गुड्डू भगत, कार्यालय प्रभारी मुनेश्वर प्रसाद दास, साक्या सलीम, सुबोध महतो, विनोद मंडल, सेक्टर अध्यक्ष विकास सिंह, संजय सिंह, चंदन कुमार भगत, सेक्टर प्रभारी राकेश मंडल, मोहम्मद जावेद इकबाल, लाखी देवी, सुजाता देवी, वजीर खान, राजकुमार साह, सागर कुमार, डॉ. अतिष कुमार, फिरदौस, विमल कुमार, विक्की कुमार, संतोष महतो, डब्लू आदि मौजूद रहे।

# युवक को अपराधियों ने मारी गोली, घायल

## जुआ खेलने को लेकर हुआ था विवाद, चल रहा इलाज

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में काली मंदिर जाने के दौरान 21 साल के युवक को अपराधियों ने गोली मार दी। घटना गुरुवार देर रात की है। गोली युवक के कंधे में लगी है। घायल युवक की पहचान कासिम बाजार थाना क्षेत्र के घोषी टोला निवासी विरवल ठाकूर का बेटा रोहीत कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की देर रात जुआ खेलने के दौरान पड़ोस के कुछ लोगों ने मारपीट की थी। उसके साथ रुपए की छिनतई भी की गई थी। घायल रोहित की मां अनीता देवी ने कहा कि बेटे से बुधवार को घोसी टोला में जुआ खेलने को लेकर विवाद हुआ था। इसमें छिनतई के बाद वह घर आ गया।

वहीं गुरुवार की देर शाम रोहित काली मंदिर जा रहा था, तभी पहले से घात लगाए युवकों ने गोली चला



दिया। घटना के बाद कुछ लोगों ने उसको सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन उसे मुंगेर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। जहां स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि उनके बेटे को उसके दोस्त विक्की बैगन ने गोली मारी थी। जबकि हर्ष वर्धन ने जो गोली मारी थी वह लगा नहीं था। जानकारी मिलने के बाद कासिम बाजार थाने की पुलिस अस्पताल पहुंचकर घायल युवक से पूछताछ की।

# 22 दिन बाद एनिमा नहीं लगो वाले स्टाफ पर कार्रवाई, भागलपुर में स्टाफ को विभाग से हटाया

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में हॉस्पिटल के फैब्रिकेटेड वार्ड में भर्ती मरीज को एनिमा नहीं लगाने से मरीज की मौत हो गई थी। इसकी सूचना डॉक्टर व नर्स को नहीं देने वाले स्टाफ मों. नौशाद आलम खां को वहां से हटा दिया गया है। घटना के 22 दिन बाद अधीक्षक डॉक्टर. केके सिन्हा ने यह कार्रवाई की है। उन्होंने नौशाद को फैब्रिकेटेड वार्ड से हटाकर हड्डी वार्ड भेज दिया है। साथ ही उसे बुलाकर कहा है कि मरीजों के इलाज को लेकर वह संवदेनशील रहे। पहले मेडिसिन एचओडी डॉक्टर अविलेष कुमार ने भी अधीक्षक से कहा था कि अगर किसी मरीज के इलाज में लापरवाही होती है तो इसकी सजा तय है। अगर किसी को वह काम नहीं करना है या उसे नहीं आता है, तो इसकी सूचना डॉक्टर को दी जानी चाहिए



थी। अगर कंट्रोल रूम से उसे बार-बार एनिमा लगाने कहा जा रहा था तो उसे डॉक्टर को जाकर बताना चाहिए था।

**लापरवाही के कारण हुई थी मरीज की मौत**: बता दें कि आठ अक्टूबर को मरीज को भर्ती किया गया था और देर रात 1.35 में फैब्रिकेटेड वार्ड में हो रही लापरवाही के चलते मरीज की मौत हो गयी थी। परिजनों की मौखिक शिकायत के बाद प्रबंधन ने लिखित आवेदन मांगा। आवेदन देने के बाद पहले नौशाद से शोकॉज पूछा गया। उसका जबाब आने के बाद भी सीधे एक्शन लेने से प्रबंधन बचता

♦ लापरवाही के कारण हुई थी मरीज की मौत

रहा। लेकिन, बाद में एचओडी व अन्य डॉक्टर से विचार-विमर्श करने के बाद कहा कि एनिमा लगाने का काम उस स्टाफ का नहीं था। कायदे से इंटर्न डॉक्टर या नर्स को लगाना चाहिए था।

इसलिए सीधी कार्रवाई उस स्टाफ पर नहीं की जा सकती, लेकिन उसकी लापरवाही यह रही कि इसकी सूचना सही जगह नहीं दी। फैब्रिकेटेड वार्ड से मो. नौशाद आलम को हटा दिया गया है। उसे हड्डी विभाग में अब भेजा गया है। साथ ही यह कहा गया है कि अब एनिमा लगाने की जरूरत होगी तो इंटर्न डॉक्टर या नर्स ही लगाएंगे।

## भागलपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कार्यक्रम

# SSP ने दिलाई शपथ, कहा- राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखें

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में गुरुवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम हुआ। SSP आनंद कुमार, सिटी SP के.रामदास ने भागलपुर पुलिस लाइन में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए समर्पित रहने की शपथ दिलाई। SSP आनंद कुमार ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता और उनके कार्यों का ही परिणाम है कि आज हम एक सशक्त और अखंड राष्ट्र के रूप में खड़े हैं। उन्होंने सभी को प्रेरित किया कि हमें भी अपने कार्यों को ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ करना चाहिए



और राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लिए गए संकल्पों को दृढ़ता से बनाए रखना चाहिए। जिले के पुलिस लाइन और शाखाओं पर भी सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। थाना/शाखा प्रभारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा हेतु शपथ दिलाई।

## बदमाशों ने युवक के सिर में मारी गोली, गंभीर

# परिजन बोले-देर रात घर से निकला फिर नहीं लौटा, हायर सेंटर रेफर

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मिर्जापुर में गुरुवार की सुबह बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर जख्मी कर दिया। जख्मी युवक की पहचान बरदह निवासी मोहम्मद अकबर (25) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह अकबर को सीताकुंड डीह निवासी रीबन यादव के घर के दरवाजे पर गंभीर अवस्था में पाया गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल अकबर को तुरंत सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया। परिजन ने फिर उसे मुंगेर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई गई।

**देर रात घर से निकला था**: अकबर के परिजनों ने बताया कि बुधवार रात वह खाना खाने के बाद घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। सुबह ग्रामीणों ने जानकारी दी कि अकबर रीबन यादव के दरवाजे पर घायल अवस्था में पड़ा है। अकबर पेशे से ड्राइवर है। परिजनों का कहना है कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी।




**सिर में गोली मारी गोली**: अस्पताल के डॉक्टर प्रशांत त्रिपाठी ने कहा कि अकबर को सिर में गोली मारी गई है, और उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

**जांच में जुटी पुलिस**: थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि अकबर को पहले सदर अस्पताल ले जाया गया और फिर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले की छानबीन में जुटी है, और घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# रंग बिरंगी लाइट से चमक रहा शहर, 12 जगह पर लगा आई लव नवगछिया का बोर्ड



निज संवाददाता। भागलपुर

दीपावली के मौके पर नवगछिया नगर परिषद रंग बिरंगी लाइटों से चमक रहा है। बता दें कि नवगछिया नगर परिषद के क्षेत्र में पोलो पर रंग बिरंगी लाइट लगाई गई है। जिससे शहर और खूबसूरत दिखने लगा है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि नवगछिया नगर परिषद को और सुंदर और बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास जारी है धनतेरस से लेकर छठ तक शहर को रंग बिरंगी लाइटों से सजा दिया गया है। पोल पर यह लाइट शोभा पा रही हैं। यही नहीं उन्होंने बताया कि नवगछिया नगर परिषद के करीब 12 जगह पर आए लव नवगछिया का बोर्ड भी लगाया गया है, जिससे लोगों को नवगछिया और बेहतर लग सके। बताया गया कि दिवाली के बाद छठ की तैयारी भी प्रारंभ कर दी गई है। 18 कृत्रिम घाट की

## सरकारी दीवारों पर 3D पेंटिंग

सुरक्षा, लाइटिंग व साफ सफाई की जा रही है। सभी घाटों पर छठ व्रतियों की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम भी बनाया जाएगा।

**लोगों से सुरक्षा का ध्यान रखने की अपील**: नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार ने नगर क्षेत्र के सभी जनता से दिवाली और छठ में साफ सफाई के साथ-साथ अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना को भी कहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नवगछिया नगर परिषद और भी बेहतर होगा। इस दिशा में लगातार पहल की जा रही है. ताकि नवगछिया आने जाने वाले लोगों को नवगछिया की याद हमेशा रहे। नवगछिया की सरकारी दीवारों और खाली जगह पर 3D पेंटिंग भी बनाई जा रही है, इससे शहर और खूबसूरत दिख रहा है नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि आगामी काली पूजा को लेकर भी सभी मंदिरों और पंडालून में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**नगर परिषद क्षेत्र को साफ रखने की अपील**: इस मौके पर नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि प्रेम सागर उर्फ डब्लू यादव ने भी नगर परिषद क्षेत्र के लोगों से शहर को साफ रखने की अपील की है, उन्होंने दिवाली और छठ में शहर को और कैसे खूबसूरत बनाया जाए, इस संबंध में भी राय मांगी हैं। डब्लू यादव ने कहा कि नवगछिया को दिवाली और छठ में सजा दिया गया है, ताकि यहां से गुजरने वाले लोग और यहां रहने वाले लोगों को नवगछिया दिल में बसे रहे। छठ को लेकर उन्होंने कहा कि छठ घाटों पर समुचित व्यवस्था के लिए लगातार नगर परिषद तैनात है छठ वृत्तियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


# दिवाली की रात मुजफ्फरपुर में 18 घर जले: बेगूसराय में आग बुझने से पहले दमकल का पानी खत्म, भोजपुर में पटाखा जलाने में 60 लोग झुलसे

**पटना, एजेंसी।** दिवाली की रात मुजफ्फरपुर में एक साथ 18 घर जल गए। राहत की बात ये रही कि किसी तरह से के जान का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन लाखों की संपत्ति खाक हो गई। वहीं औरंगाबाद में पटाखा जलाने के दौरान 10 लोग झुलस गए। मोतिहारी में इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लग गई तो वहीं बेगूसराय में हार्डवेयर की दुकान जल गई। आग बुझाने से पहले ही दमकल गाड़ी में पानी खत्म हो गया। इधर गया में प्लास्टिक के सामान वाला गोदाम धू-धू कर जल गया।

### मुजफ्फरपुर में एक घर से 18 घरों में फैली आग

मुजफ्फरपुर में दिवाली की रात करीब 18 घर जल गए। आग एक घर में शॉर्ट-सर्किट की वजह से लगी थी। जो देखते-देखते काफी फैल गई। लपटों ने काफी विकराल रूप ले लिया था। लोग कुछ समझ पाते इससे पहले काफी नुकसान हो चुका था। अनुमान लगाया जा रहा कि करीब 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आसपास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई, लेकिन देरी से आने की वजह से घर जलकर राख हो गए। लोगों ने किसी तरह से अपने मवेशियों को बचाया। घटना कटरा थाने क्षेत्र के धनौर गांव की है।

### बक्सर में फर्नीचर गोदाम धू-धू कर जला

बक्सर में गुरुवार की रात फर्नीचर के गोदाम में आग लग गई। जिससे लाखों का नुकसान हुआ है। पटाखे की चिंगारी की वजह से अगलगी की घटना हुई है। दमकल की गाड़ियां आने के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर दमकल की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, तबतक लाखों रुपए के फर्नीचर जलकर राख हो गए। आग बुझाने के लिए एक घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। न्यू बक्सर फर्नीचर हाउस के प्रौपराइटर संजय कुमार सिंह उर्फ ब्रजेश सिंह ने बताया कि फर्नीचर गांव में बने गोदाम में ही रखते हैं। जिसमें कई कंपनियों की कुर्सियां और अन्य फर्नीचर थे। दिवाली की देर रात गांव के बच्चों ने पटाखे चलाए। चिंगारी गोदाम में गिरी, जिससे आग लग गई। लगभग 7 लाख का नुकसान हुआ है।

### बेगूसराय में पूजा के बाद हार्डवेयर की दुकान में लगी आग

बेगूसराय में हार्डवेयर की दुकान में आग लगी गई। 15 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। बताया जा रहा कि राम उदय पंडित की वीरपुर-संजात रोड में सदगुरु हार्डवेयर नाम से दुकान है। दुकान में लक्ष्मी-गणेश की पूजा के बाद वे घर चले गए थे। इसी दौरान करीब 11:00 बजे आग लग गई। थोड़ी देर बाद लोगों की नजर पड़ी। बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई। डायल-112 को फोन किया गया, लेकिन चार बार के बाद भी कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। लोगों ने प्रशासन और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन पानी खत्म हो गया। घटना वीरपुर थाना क्षेत्र के मुजफरा बाजार की है।

### मोतिहारी में इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग, लाखों का नुकसान

मोतिहारी के तुरकौलिया बाजार में इलेक्ट्रॉनिक दुकान में देर रात आग लग गई। इस हादसे में सारा सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में करीब 15 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। दुकान के मालिक दिनेश कुमार ने बताया कि आग लगने से कई कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान पूरी तरह नष्ट हो गए। सूचना



मिलते ही अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। घटना के कारण का पता नहीं चल सका है।

### मधेपुरा में पटाखे की चिंगारी से बिस्कुट की होलसेल दुकान खाक

मधेपुरा शहर के भिरखी में दीपावली की रात बिस्कुट और कुरकुरे की थोक दुकान में आग लगने से सारा समान जलकर राख हो गया। दुर्घटना रेलवे ढाला के दक्षिण सत्संग मंदिर के पास हुई। दुकानदार सुनील साह ने बताया कि दिवाली की रात अचानक पटाखे से दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते सारा समान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोग और दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस घटना में लगभग पांच लाख रुपए के समान का नुकसान हुआ है। दुकान में बिस्कुट और अन्य किराना समान था। समय पर दमकल की गाड़ी नहीं पहुंचती तो और ज्यादा नुकसान हो जाता।

### भोजपुर में पटाखे से 60 लोग झुलसे

भोजपुर में दिवाली रात नकली पटाखों से अलग-अलग घटना में करीब 60 लोग झुलस गए। ज्यादातर लोग अनार के ब्लास्ट होने से झुलसेहैं। घायलों में बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहीं, करीब 28 लोग ऐसे हैं जो निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। सदर अस्पताल के डॉ. आशुतोष ने बताया कि पटाखे से काफी लोग जल गए हैं। जो भी मरीज आए, उनका प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर मरीजों को ऑब्जर्वेशन में रखा जा रहा है। जिनकी स्थिति नाजुक है। संबंधित हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है।

### औरंगाबाद में पटाखा जलाने में 10 लोग जले

औरंगाबाद में गुरुवार की रात अलग-अलग जगह पटाखा जलाने के दौरान 10 लोग झुलस गए। सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में फेसर थाना क्षेत्र के देवरीया गांव निवासी शंकर, औरंगाबाद शहर के कर्मा रोड़ निवासी विकास, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेंदुआ अकौना गांव निवासी नीतीश, शहर के सत्येंद्र नगर निवासी रंजीत कुमार, संतोष कुमार शामिल हैं। इसके अलावा नगर थाना के विभिन्न मोहल्लों में निशा कुमारी, सोनी कुमारी, शंकर यादव, शिवम कुमार, रामदेव , सुमन देवी, सागर कुमार सहित अन्य लोग जख्मी हो गए। सदर अस्पताल में डॉ. सुनील कुमार, डॉक्टर साबिद खान और डॉक्टर खालिद ने सभी घायलों का इलाज किया। डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि रात 9:00 बजे से झुलसे मरीज आने लगे थे। जो देर रात तक आते रहे। ज्यादातर लोगों के हाथ जले हैं।

### गया में थर्मोकोल और प्लास्टिक की गोदाम जलकर खाक

गया में थर्मोकोल और प्लास्टिक गोदाम में दिवाली की रात आग लग गई। गोदाम में थर्मोकोल और प्लास्टिक के कप, प्लेट और ग्लास थे। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आसपास के घरों में रहने वाले लोग घबरा गए। लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल हो गया। लोग आग बुझाने की कोशिश रहे थे, पर स्थिति उनके काबू से बाहर थी। सूचना पर मुफस्सिल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड अधिकारी संजय सिंह के नेतृत्व में आग बुझाने का अभियान शुरू हुआ, जिसमें 35 से ज्यादा फायर कर्मी जुटे। संजय सिंह के मुताबिक रात 12 बजे तक आग की लपटें इतनी ज्यादा थी कि गोदाम के आसपास फैलने लगी थी। दो घंटे की मेहनत के बाद आग बुझ गई। आशंका जताई जा रही कि पटाखें की चिंगारी से अगलगी हुई है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुफस्सिल मोड़ के पास की है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुजफ्फरपुर में बेपटरी हुई तेल टैंकर की तीन बोगियां; शेंटरिंग के दौरान हादसा



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सोनपुर मंडल के मुजफ्फरपुर समस्तीपुर रेलखंड के नारायणपुर अनंत स्टेशन यार्ड में तेल टैंकर की तीन बोगियां बेपटरी हो गईं। गुरुवार की दोपहर करीपौने चार बजे यह हादसा हुआ। जिसके बाद अप और डाउन दोनों लाइन बाधित हो गई। जिसके चलते कई एक्सप्रेस ट्रेनों को मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, ढोली आदि स्टेशन पर रोकना पकड़ा। फिलहाल तेल टैंकर का तीन बैगन पूरी तरह ट्रैक से उतर चुका है। वहीं एक आंशिक रूप से उतरा है। यह हादसा शेरपुर स्थित तेल कंपनी के साइडिंग से नारायणपुर अनंत स्टेशन का यार्ड में सेटिंग के दौरान हुआ, तेल रेल टैंकर खाली है। इसकी सूचना मिलते ही रेल महकमे में एक बार फिर हड़कंप मच गई। मालूम हो कि बीते डेढ़ माह के भीतर रेलगाड़ी के नारायणपुर अनंत स्टेशन यार्ड के रेलवे लाइन से उतरने की यह दूसरी घटना है। सितंबर में ओडिशा से रेल लाइन लेकर आई मालगाड़ी ( मैकेनिकल रैक ) नारायणपुर अनंत में बेपटरी हुई थी। जहां आज तेल टैंकर बेपटरी हुई है। इधर तेल टैंकर के बेपटरी होने से दीघरा रेलवे गुमटी जाम हो गया हैं। दीपावली होने की वजह से स्थानीय लोगों को इससे काफी परेशानी हो रही है। मौके पर आरपीएफ नारायणपुर अनंत के इंस्पेक्टर मनोज कुमार यादव टीम के साथ कैंप कर रहें है। फिलहाल एआरटी टैंकर के गिरे रैक को उठाने के लिए समस्तीपुर और सोनपुर से मंगवाया जा रहा है।

### कन्याओं ने निकाली दीपोत्सव यात्रा, मंदिरों में जलाए दीप

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** दीपावली की पूर्व संध्या पर रामबाग मोहल्ले से बुधवार को 251 से अधिक कन्याओं व महिलाओं ने दीपोत्सव यात्रा निकाली। उप महापौर डॉ. मोनालिसा ने मुख्य दीप लेकर स्थानीय मंदिरों के दर्शन एवं दीप प्रज्वलन करते हुए यात्रा की। अध्यक्षता सुंदर देवी ने की। यात्रा में नगर विधायक विजेंद्र चौधरी, भाजपा के वरीय नेता विवेक कुमार एवं वरीय चिकित्सक डॉ. नवीन कुमार साथ थे। इसमें सनातन सेवादार ट्रस्ट के सचिव सुनील रंजन उर्फ बबलू, अध्यक्ष सेवादार अविनाश कुमार, रत्नेश्वर पांडे मौजूद रहे। यात्रा रामबाग रोड से मालीघाट चौक दुर्गा मंदिर, कालीबाड़ी रोड मां वैष्णो देवी मंदिर, चतुर्भुज नाथ मंदिर, कन्हौली नाका मंदिर होते हुए मार्ग में अवस्थित सभी 16 मंदिरों में पहुंची, जहां वापस काली मंदिर रामबाग चौक में आकर संपन्न हुई।

# इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग, 15 लाख की संपत्ति जलकर राख

**मोतिहारी में दीपावली के दिए से आग लगने की आशंका, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू**



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के तुरकौलिया थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार में दीपावली की रात एक दुकान में आग लगने से करीब 15 लाख रुपए का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार, दीपावली की पूजा के बाद दुकानदार दिनेश कुमार ने दीप जलता छोड़कर दुकान बंद कर दी थी। माना जा रहा है कि उसी दीप से आग लगी। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरे दुकान को अपने आगोश में ले लिया। आसपास के लोग आग बुझाने में जुट गए लेकिन आग की लपटें तेज होने के कारण वे असमर्थ रहे। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, जिन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान में रखा लाखों का सामान जल चुका था।

### दीप से आग लगने की आशंका

दिनेश कुमार ने बताया कि दीपावली की रात दुकान में पूजा कर घर चला गया था, दुकान में दीप जल रहा था, हो सकता है कि उसी दीप से दुकान में आग लग गई।

### आवेदन मिलने पर होगी कार्रवाई

तुरकौलिया थानाध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि दीपावली कि रात एक बिजली दुकान में आग लग गई थी, फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों ले मदद से आग पर काबू पाया गया है। दुकानदार के तरफ से कोई आवेदन नहीं मिला है, मिलने के साथ ही आगे कि कार्रवाई कि जायेगी।

**2 साल से जमीन के लिए चल रहा विवाद**

# दीप जला रहे युवक को सिर में मारी गोली: भोजपुर में केस मैनेज करने के लिए गोलीबारी



**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में गुरुवार को दिवाली की रात घर में दीप जला रहे युवक को सिर में गोली मार दी। घायल युवक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव निवासी रविंद्र सिंह का 18 वर्षीय बेटा नीरज कुमार सिंह है। परिजनों ने कहा कि पट्टीदार से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। पहले भी उनलोगों ने गोलीबारी की थी। उस समय केस दर्ज कराया था। उसी केस को उठाने की वे लोग लगातार धमकी दे रहे थे। मना करने पर वारदात को अंजाम दिया है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव की है।

### शहर के निजी अस्पताल में ले गए

घायल युवक को सिर में गोली दाहिने साइड लगी है। उसे पहले परिजन सदर अस्पताल ले गए थे। जहां युवक का प्राथमिक इलाज चला, फिर उसे पटना रेफर कर दिया। परिजन पटना न ले जाकर आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल ले गए, पर वहां से भी उसे रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर उतवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### 12 डिसमिल जमीन को लेकर विवाद

जख्मी युवक के बड़े भाई सूरज कुमार ने कहा कि 12 डिसमिल जमीन को लेकर 2022 से ही पट्टीदार से विवाद चल रहा है। पहले भी गोलीबारी हुई थी, जिसमें मेरी बहन मधुमाला घायल हो गई थी। हमलोगों ने पट्टीदार पक्ष के 11 लोगों के खिलाफ केस किया था। वे लोग केस उठाने का दबाव बना रहे थे। गुरुवार दीपावली की देर शाम छोटा भाई नीरज कुमार सिंह अपने घर के बाहर दरवाजे पर दीप जला रहा था। आरोपियों का घर हमारे घर के बगल में ही है। पट्टीदार रौनक, रोहित और अन्य अपने घर की छत पर चढ़ गए और भाई नीरज को गोली मार दी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चे की मौत: किशनगंज में परिजनों ने लापरवाही का लगाया आरोप

### जमकर किया हंगामा



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला के कोख में नवजात की मौत हो गई है। इसके साथ ही महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार कोचाधामन प्रखंड के कैरी बीरपुर की रहने वाली जाफराना बेगम को प्रसव पीड़ा होने के बाद। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। यहां पर परिजनों को बताया गया कि बच्चे की मौत हो गई है। वहीं महिला की हालत खराब होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। परिजनों ने बताया कि सुबह से ही सही इलाज नहीं किया जा रहा था। इसके कारण बच्चे की मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि परिजनों ने जब गर्भवती महिला को भर्ती कराया था। तब से ही बच्चे की स्थिति काफी खराब थी। परिजनों को कई बार अल्ट्रासाउंड करवाने को कहा गया था। इसमें देरी होने के कारण मौत हो गई।

# चचेरा भाई ही निकला आरोपी: औरंगाबाद विकास हत्याकांड का पुलिस ने किया उदभेदन, दो गिरफ्तार

**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद के दाउदनगर थानाक्षेत्र के चौरी निवासी 20 वर्षीय युवक विकास कुमार की हत्या की घटना का पुलिस ने उद्वेदन करते हुए हत्याकांड में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने दाउदनगर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि हत्याकांड के उद्भेदन हेतु तीन टीमें बनाई गई और थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक फहीम आजाद खान द्वारा अनुसंधान प्रारंभ किया गया, जिसमें जिला आसूचना इकाई के पुलिस अवर निरीक्षक राम इकबाल यादव के नेतृत्व में टीम सहयोग कर रही थी। मंगलवार को ही मृतक के पिता चौरी निवासी दुर्गा चौधरी के फर्द बयान पर दाउदनगर थाना क्षेत्र के चौरी निवासी स्व.



सुदेव यादव के पुत्र प्रिंस कुमार के विरुद्ध गोली मारकर हत्या कर लोरहिया बधार में पीपल वृक्ष के नीचे अहरा में फेंक देने के आरोप में दाउदनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। बुधवार को इस कांड के प्राथमिकी अभियुक्त प्रिंस कुमार को उसके दालान से गिरफ्तार किया गया. उसके दालान की तलाशी लिए जाने पर एक कमरा में रखे भूसा के नीचे केसरिया रंग के गमछा में बांधकर रखा हुआ एक देसी कट्टा व एक पीतल का जिंदा कारतूस बरामद किया गया तथा अप्राथमिकी अभियुक्त चौरी निवासी गुलेंदर चौधरी के पुत्र रंजन कुमार को गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्तों ने इस हत्याकांड में अपनी -अपनी संलिप्ता स्वीकार किया है। एसडीपीओ ने बताया कि विकास और अभियुक्त प्रिंस कुमार मिलकर चोरी करते थे। कुछ दिन पहले चोरी के एक घटना में विकास जेल भी गया था और स्वीकरोक्ति बयान में उसने प्रिंस का नाम लिया था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच मनमुटाव भी चल रहा था। अभियुक्त रंजन विकास का चचेरा भाई है, जिसे विकास ने कभी अपनी बहन के साथ देख लिया था। इसे लेकर रंजन और विकास में भी तनाव बना रहता था।

# दिवाली पर आतिशबाजी से जहरीली हुई बिहार की हवा: हाजीपुर की हवा सबसे खराब

**पटना, एजेंसी।** बिहार समेत पूरे देश में दिवाली धूमधाम से मनाई गई। पटाखों की गूंज और रंग-बिरंगी लाइट्स से हर चौक-चौराह जगमगा उठा, लेकिन दिवाली पर हुई आतिशबाजी की वजह से प्रदेश की हवा काफी दूषित हो गई। वायू प्रदूषण का स्तर खतरनाक लेवल पर पहुंच गया है। हाजीपुर में हवा बेहद खतरनाक के लेवल को पार कर गई। यहां का एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) लेवल 303 रहा। वहीं अररिया, पूर्णिया, पटना में भी हवा काफी खतरनाक हो गई है। पटना, गया, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर में पटाखे बैन होने के बाद भी आतिशबाजी हुई। मौसम विज्ञान केंद्र की माने तो अगले तीन से चार दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा। आज अधिकतम तापमान 31 से 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम



तापमान 22 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

**दोगुना बढ़ा पूर्णिया का प्रदूषण स्तर** : दिवाली से एक दिन पहले पूर्णिया का एक्यूआई 150 दर्ज किया गया था। लेकिन दिवाली की रात पूर्णिया का एक्यूआई 280 दर्ज किया गया। वहीं दिवाली की दूसरी सुबह एक्यूआई 253 दर्ज किया गया।

### क्या होता है एक्यूआई

वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) वह मानक है जिससे हवा की गुणवत्ता को मापा जाता है। इसमें प्रदूषकों की मात्रा जैसे पीएम 2.5, पीएम10, नाइट्रोजन ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड को मापा जाता है। ये छोटे कण सांस के माध्यम से फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं और कई बीमारियों का कारण बनते हैं। अगर किसी क्षेत्र का एक्यूआई जीरो से 50 के बीच है तो एक्यूआई 'अच्छा' माना जाता है, 51 से 100 एक्यूआई होने पर 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम'माना जाता है, अगर किसी जगह का एक्यूआई 201 से 300 के बीच हो तो उस इलाके का एक्यूआई 'खराब' माना जाता है। अगर एक्यूआई 301 से 400 के बीच हो तो 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई होने पर 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

### पटाखों पर बैन के बावजूद हुई आतिशबाजी

पिछले साल भी दीपावली के समय राज्य के कई जिलों में प्रदूषण खराब रहा था। इसमें पटना, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और गया में ज्यादा खराब स्थिति रही थी। इसकी वजह से इन जिलों में इस बार पटाखों के जलाने पर प्रतिबंध भी लगाया था। अन्य जिलों में भी सिर्फ ग्रीन पटाखे जलाने के निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद इसका ज्यादा असर देखने को नहीं मिला।

### मुजफ्फरपुर में घरेलू गैस सिलेंडर लीक :दंपती समेत मासूम झुलसी, दीपावली का खाना बनाने वक्त हादसा हुआ

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में दीपावली की रात घर का खाना बनाने के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। घर में इस्तेमाल किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर की पाइप से गैस लीक होने से आग लग गई। इस दौरान पति-पत्नी और एक बच्ची झुलस गई। इसके बाद से मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। घटना सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के बालूघाट मुहल्ले वार्ड 15 की बताई गई है। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम और पुलिस ने आग पर काबू पाया। वहीं, घटना में झुलसे तीनों को इलाज के लिए सभी को स्चस्ष्ट॥ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर रामसाखी देवी ने बताया कि आज दिवाली पर बेटा और बहू खाना बना रहे थे। छोटी बच्ची भी साथ में थी। तभी अचानक ही इस्तेमाल किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर की पाइप से गैस लीक हो गया।आग लग गई है। घटना में घायल का नाम कमलेश सहनी( 45 ) है, जबकि घायल पत्नी का रजवंति देवी( 40 ) और एक बच्ची रिचा कुमारी( 1 ) है। सभी का इलाज चल रहा है। पूरे मामले में सिकंदरपुर थाना के प्रभारी रमन राज ने बताया कि गैस सिलेंडर लीक होने के कारण से आग लगी हुई थी। पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची आग पर काबू पाया गया है।



# ज्योतिष की भविष्यवाणी को आप किस रूप में लेते हैं

**कुछ लोगों के लिए ज्योतिष एक उलझा हुआ विषय है, जो ज्योतिष के रहस्यों को नहीं समझ पाते हैं, वे इसे अंधविश्वास अथवा हास-परिहास का विषय मान लेते हैं। परंतु ज्योतिष के मर्म को समझने वाला व्यक्ति इस विद्या से पूर्ण लाभ उठाता है।**

बहुत पुरानी बात है, एक दिन एक प्रसिद्ध ज्योतिषी राजा के दरबार में आया और उसने राजा से कहा कि वह उनकी जन्मपत्रिका देखकर उनके भविष्य के बारे में बता सकता है।
राजा ने ज्योतिषी को अपनी जन्मपत्रिका दी और ज्योतिषी ने उसे देखकर कहा कि राजा की मृत्यु एक बहुत बड़े और भयानक जानवर के कारण होने की सम्भावनाऐं हैं।
राजा को यह सुनकर कोई आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि वे जानते थे कि मृत्यु तो अटल है और किसी न किसी रूप में आनी ही है। कुछ समय बाद, राजा जंगल में शिकार के लिए गए। अचानक उनके सामने एक शेर आ गया। शेर ने राजा पर हमला कर दिया, लेकिन राजा भविष्यवाणी के चलते पहले से ही चौकन्ना और तैयार था, इसलिए उसने बहादुरी से लड़ाई लड़ी और शेर को मार गिराया। जब राजा ने शेर को मारा तो उन्हें समझ में आया कि ज्योतिषी ने जो कहा था, वह सच था। शेर ही वह भयानक जानवर था जिसके कारण उनकी मृत्यु हो सकती थी, लेकिन उनकी बहादुरी और बुद्धिमत्ता ने उन्हें बचा लिया।
राजा ने अपने राज्य में आकर घोषणा कराई कि ज्योतिष शास्त्र हमें संभावित भविष्य के बारे में अवगत कराता है।
भविष्यवाणियों को सुनकर हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं, हम अपने साहस, बुद्धिमानी और सूझबूझ से काम लें तो किसी भी संकट अथवा परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। राजा ने अपने स्वयं का उदाहरण देकर बताया कि भविष्यवाणी से पूर्व वह जब भ्रमण के लिए जाते थे तो उनके अस्त्र-शस्त्र उनके आस-पास महामंत्री, विशेष सेवादार, सिपाहियों के पास रहते थे, परन्तु जब से उन्हें किसी जानवर द्वारा उन पर हमले होने की सम्भावना का पता लगा, तब से वे अपने साथ अपने बचाव के सभी हथियार स्वयं लेकर चलने लगे, जिसके कारण उनकी जान बची। ज्योतिष शास्त्र में बताई गई बातें सच होती हैं, शेष हमारे कर्म के ऊपर निर्भर करता है, कि हम ज्योतिषी की उस भविष्यवाणी को किस तरह से लेते हैं।



# भगवान की आरती समेत पूजा के दौरान इन चीजों का रखें विशेष ध्यान, तभी मिलेगा पूरा फल

**सुख और समृद्ध जीवन के लिए हर रोज पूजा की जाती है लेकिन जानकारी ना होने की वजह से कई बार पूजा व आरती करते समय गलती कर बैठते हैं। शास्त्रों में पूजा पाठ और आरती के कुछ नियम बताए गए हैं। इन नियमों का पालन करने से भगवान आपकी पूजा और आरती को स्वीकार करते हैं और उनका आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। आइए जानते हैं पूजा पाठ के दौरान किन चीजों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।**

हिंदू धर्म में पूजा पाठ सबसे जरूरी प्रक्रिया मानी जाती है। हम सभी के घर में भगवान का मंदिर होता है लेकिन जानकारी के अभाव में हम कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिनकी वजह से पूजा का पूरा फल नहीं मिल पाता। शास्त्रों व पुराणों में भगवान को प्रसन्न करने और पूजा करते समय के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं, जैसे आरती कैसे करनी चाहिए, दीपक को कैसे जलाएं आदि। इन नियमों का पालन करने से पूजा सफल मानी जाती है और उसका पुण्य फल भी प्राप्त होता है। आज हम आपको पूजा पाठ से संबंधित कुछ ऐसे नियमों के बारे में बताएंगे, जिनको अपनाने से पूजा का शुभ फल प्राप्त होगा और भगवान का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा...

## तुलसी अर्पित करने के नियम

शास्त्रों में बताया गया है कि बिना नहाए तुलसी के पत्ते तोड़ना वर्जित है, पूजा के समय ऐसे तुलसी के पत्तों को भगवान स्वीकार नहीं करते हैं। साथ ही रविवार, एकादशी, द्वादशी, संक्रांति और शाम के समय तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए। शिवजी, गणेशजी और भैरवजी को तुलसी के पत्ते नहीं चढ़ाए जाते। तुलसी के पत्ते 11 दिनों तक बासी नहीं होते हैं, तुलसी के पत्तों पर हर रोज जल छिड़ककर फिर से भगवान को अर्पित कर सकते हैं।

## पंचदेव का अवश्य करें ध्यान

भगवान गणेश, भगवान शिव, भगवान विष्णु, माता दुर्गा, सूर्यदेव को पंचदेव कहा जाता है। किसी भी पूजा या शुभ कार्य करने से पंचदेव की पूजा अनिवार्य रूप से की जाती है। पूजा-पाठ करते समय हर रोज पंचदेव का ध्यान जरूर करना चाहिए, ऐसा करने से पंचदेव का आशीर्वाद बना रहता है और जीवन की सभी परेशानियां व दुख दूर होते हैं।

## आरती करने का नियम

शास्त्रों में भगवान की आरती करते समय ध्यान रखने लायक जरूरी बातें भी बताई गई हैं। आरती करते समय सबसे पहले भगवान के चरणों की चार बार आरती करें, फिर दो बार नाभि, मुख की एक या तीन बार आरती करें। फिर भगवान के ऊपर से लेकर नीचे तक सात बार आरती करें। आरती का यह नियम हर पूजा में ध्यान रखें और इसी तरह आरती करें। ऐसा करने से भगवान आपकी आरती को स्वीकार करते हैं और आशीर्वाद देते हैं।

## घर के मंदिर में ऐसी ना हों मूर्तियां

पूजा घर में मूर्तियां 1, 3, 5, 7, 9 और 11 इंच तक की ही होनी चाहिए, इससे ज्यादा नहीं। साथ ही ध्यान रखें कि पूजा घर में खड़े हुए गणेशजी, सरस्वतीजी और माता लक्ष्मी की मूर्ति न हो। पूजा घर में इनकी मूर्तियां हमेशा बैठी हुई होनी चाहिए। गणेशजी, देवी की प्रतिमा तीन, शिवलिंग दो, शालिग्राम दो, सूर्य प्रतिमा दो और गोमती चक्र की संख्या दो बिल्कुल ना रखें। साथ ही मंदिर में प्रतिष्ठित मूर्ति ही रखें, उपहार, लकड़ी, कांच, फायबर या खंडित मूर्तियां बिल्कुल ना रखें।

## परिक्रमा करने के नियम

घर के मंदिर में पूजा पाठ और आरती के पूरे हो जाने के बाद उसी स्थान पर तीन बार परिक्रमा अवश्य करनी चाहिए। वहीं अगर आप बाहर मंदिर जा रहे हैं तो भगवान विष्णु की चार, भगवान गणेश की तीन, सूर्य देव की सात, दुर्गा माता की एक और शिवजी की आधी परिक्रमा अवश्य करनी चाहिए। शास्त्रों में परिक्रमा का यही नियम बताया गया है, इस नियम का पालन करने से आपकी परिक्रमा को भगवान स्वीकार करते हैं।

## दीपक जलाने के नियम

पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके ही करनी चाहिए और हर रोज ब्रह्म मुहूर्त से लेकर 8 बजे तक पूजा अवश्य करनी चाहिए। साथ ही घर के मंदिर में सुबह शाम दीपक अवश्य जलाएं। एक दीपक घी का तो दूसरा तेल का जलाएं। लेकिन हमेशा ध्यान रखें कि कभी भी दीपक से दीपक को नहीं जलाना चाहिए। शास्त्रों के अनुसार, जो व्यक्ति दीपक से दीपक को जलाता है, वह रोगी होता है।

## गंगाजल को रखने के नियम

पवित्र गंगा के जल को हमेशा तांबे के बर्तन में ही रखा जाना चाहिए, भूलकर भी प्लास्टिक या किसी अपवित्र धातु जैसे एल्युमिनियम और लोहे से बने बर्तन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। साथ ही पूजा में मनोकामना पूरी होने के लिए दक्षिणा अवश्य चढ़ानी चाहिए। दक्षिणा अर्पित करते समय सभी दोषों को छोड़ने का संकल्प करना चाहिए, ऐसा करने से मनोकामना जल्द पूरी होती है।

## फूलों को अर्पित करने के नियम

माता लक्ष्मी को कमल का फूल अर्पित किया जाता है। इस फूल को आप पांच दिनों तक जल छिड़ककर फिर से चढ़ा सकते हैं। वहीं भगवान शिव को चढ़ाने जाने वाला बेलपत्र छह मास तक बासी नहीं होता है। आप बेलपत्र को जल से साफ करके फिर से अर्पित कर सकते हैं। ज्यादातर लोग जानकारी ना होने की वजह से फूलों को हाथ से भगवान को अर्पित करते हैं लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। पहले फूलों को किसी साफ पात्र में रखें और इसी पात्र से देवी देवताओं को फूल अर्पित करें।



# भगवान कल्कि कौन हैं और कलियुग में कहां लेंगे जन्म, स्कंद पुराण में लिखी हैं ये अद्भुत भविष्यवाणियां

**हाल ही में सिनेमाघरों में कल्कि फिल्म रिलीज हुई है। जिसके बाद से लोगों के बीच एक बार फिर से भगवान कल्कि के अवतार को लेकर उत्सुकता देखने को मिल रही है। भगवान विष्णु के कल्कि अवतार के बारे में स्कंदपुराण, श्रीमद्भागवत पुराण, कल्कि पुराण आदि पुराणों में लिखा गया है। विष्णु जी के कल्कि अवतार का जन्म कलियुग के अंत समय से कुछ पहले होगा। भगवान कल्कि उत्तरप्रदेश के एक गांव में जन्म लेंगे।**

कल्कि फिल्म के रिलीज होने के बाद से लोग एक बार फिर से भगवान विष्णु के कलियुग में होने वाले अवतार कल्कि के बारे में चर्चा कर रहे हैं। मनोरंजन की दुनिया से अलग पुराणों के आधार पर कल्कि अवतार की बात करें, तो भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि का उल्लेख कई पुराणों में मिलता है। माना जाता है कि कलियुग के पांच हजार से ज्यादा वर्ष बीत चुके हैं। ऐसे में जब कलियुग अपनी चरम सीमा पर होगा, तो भगवान विष्णु के अवतार कल्कि का जन्म होगा। कल्कि भगवान तब इस संसार में बढ़ते पापियों का अंत करेंगे और धरती को पापमुक्त बनाएंगे, जिससे कलियुग का अंत हो जाएगा। आइए, जानते हैं स्कंदपुराण, श्रीमद्भागवत पुराण, कल्कि अवतार, अग्नि पुराण के अनुसार कौन हैं भगवान कल्कि और इन जन्म कहां होगा।

## कौन है भगवान कल्कि और कहां जन्म लेंगे

स्कंदपुराण के अनुसार कलियुग के आखिर में, जब पाप अपने चरम पर होगा, तब भगवान विष्णु कल्कि के रूप में अवतार लेंगे। यह समय कलयुग और सतयुग के बीच का संधिकाल होगा। कहा जाता है कि भगवान कल्कि 64 कलाओं में माहिर होंगे। कल्कि पुराण के अनुसार उत्तरप्रदेश के मुरादाबाद जिले के सम्भल नामक स्थान पर विष्णुयशा नामक तपस्वी ब्राह्मण के घर भगवान कल्कि पुत्र रूप में जन्म लेंगे।

## परशुराम होंगे कल्कि भगवान के गुरु

कल्कि भगवान, जो विष्णु जी के अवतार हैं, अपने गुरु परशुराम जी से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। परशुराम जी भी विष्णु जी के अवतार माने जाते हैं और उन्हें अमरता मिली हुई है। कल्कि भगवान, परशुराम जी के कहने पर भगवान शिव की तपस्या करेंगे। इस तपस्या से उन्हें दिव्य शक्तियां मिलेंगी जिनसे वे दुनिया से अधर्म का नाश करेंगे।

## भगवान विष्णु का कल्कि अवतार कैसा होगा

स्कंद पुराण के दशम अध्याय में स्पष्ट वर्णित है कि कलियुग में भगवान श्रीविष्णु का अवतार श्रीकल्कि के रुप में सम्भल ग्राम में होगा। अग्नि पुराण के 16वेंअध्याय में कल्कि अवतार का चित्रण भी किया गया। इस चित्रण के अनुसार भगवान राम की तरह ही कल्कि अवतार ने हाथ में तीर-कमान धारण किया होगा और वे एक घोड़े पर सवार होकर आएंगे। कल्कि पुराण में उल्लेख मिलता है कि भगवान कल्कि हाथ में चमचमाती हुई तलवार लिए सफेद घोड़े पर सवार होकर पापियों का अंत करेंगे।

## भगवान राम की तरह ही होंगे 4 भाई

भगवान विष्णु के दसवें अवतार, कल्कि, के बारे में कहा जाता है कि उनके भी चार भाई होंगे। ये भाई उनके साथ मिलकर धर्म की स्थापना में मदद करेंगे। उनके नाम होंगे सुमन्त, प्राज्ञ और कवि। अपने इन्हीं भाइयों के साथ मिलकर भगवान धर्म की स्थापना करेंगे।



# ईशान कोण दिशा में जरूर रखें यह एक चीज, होगा धन लाभ

**वास्तु शास्त्र के अनुसार ईशान कोण दिशा को उत्तर-पूर्व दिशा भी कहा जाता है। यह घर का सबसे पवित्र स्थान माना जाता है। इस दिशा में देवी-देवताओं का वास स्थान माना जाता है। इसलिए इस स्थान को बेहद शुभ और पवित्र माना जाता है। बता दें, ईशान कोण दिशा में अगर आप देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-पाठ करते हैं, तो व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही सौभाग्य में भी वृद्धि हो सकती है। अब ऐसे में इस दिशा में शंख रखने का विशेष महत्व बताया गया है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि इस दिशा में शंख रखने का क्या महत्व है**

## ईशान कोण का महत्व क्या है

ईशान कोण को देवताओं का निवास स्थान माना जाता है। इस दिशा में पूजा स्थल स्थापित करने से देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन में सुख-शांति आती है। ह दिशा ग्रह गुरु बृहस्पति से संबंधित है, जो ज्ञान और बुद्धि का कारक माना जाता है। ईशान कोण सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश द्वार माना जाता है। इसलिए इस दिशा को स्वच्छ रखना बेहद जरूरी है। ईशान कोण धन और समृद्धि से जुड़ा है। इस दिशा में तिजोरी रखने से आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। ईशान कोण दिशा में पूजा करने और ध्यान लगाने के लिए सबसे शुभ स्थान माना जाता है।

## ईशान कोण दिशा में शंख रखने का क्या लाभ है

शंख को ईशान कोण में रखना शुभ माना जाता है। शंख को जल से भरकर उसमें कुछ तुलसी के पत्ते डालकर रखें। शंख को देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है। ईशान कोण में शंख रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। इससे घर और कार्यस्थल में शांति और समृद्धि का वातावरण बनता है। ईशान कोण धन और समृद्धि से जुड़ा है। इसलिए इस दिशा में शंख रखने से माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। ईशान कोण दिशा में शंख बजाने से मानसिक तनाव दूर हो सकती है और मन शांत रहता है।

## ईशान कोण दिशा में शंख की पूजा कैसे करें

सबसे पहले, शंख को जल से अच्छी तरह धो लें। फिर, शंख में थोड़ा सा गंगाजल डालकर उसमें कुछ तुलसी के पत्ते डालें। शंख को ढककर कुछ देर के लिए रख दें। फिर ईशान कोण दिशा में एक चौकी रखें और उसपर लाल रंग का कपड़ा बिछाएं। चौकी पर शंख रखें। शंख के मुख को पूर्व दिशा की ओर रखें। शंख के पास घी का दीपक जलाएं। इससे व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# अंधेरे पर प्रकाश की जीत

त्यौहार मानव जीवन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू हैं। वे भाईचारे, को साझा करने और मनुष्यों की सामाजिक प्रकृति का जश्न मनाते हैं। ऐसा ही एक त्योहार है दिवाली। यह अंधेरे के खिलाफ प्रकाश की जीत के मूल विषय का जश्न मनाता है। हमारे मानव मन सामाजिक और व्यवहारिक पैटर्न के लोकाचार से सुसज्जित हैं जो हमारे आसपास के लोगों के साथ जटिल संबंध बनाते हैं। रोशनी का त्योहार दिवाली काफी समय से चल रहा है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान राम इस दिन राक्षस राजा रावण का वध करके अयोध्या लौटे थे। अपने राजा के आगमन पर, अयोध्या के निवासियों ने इस अवसर को मनाने के लिए सड़कों और घरों को तेल के दीयों से रोशन किया। तब से, हिंदू इस त्योहार को धूमधाम से मनाकर परंपरा का पालन कर रहे हैं। त्यौहार अपने पड़ोसियों को जानने और उनके साथ जश्न मनाने का सही तरीका है। दिवाली हमें हर किसी के प्रति दयालु होना सिखाती है और अच्छे परिणाम आने की प्रतीक्षा करने के लिए धैर्यवान दिल और दिमाग रखती है। हमारे विश्वास हमारे मन को आकार देते हैं; इसलिए हमें कभी भी त्योहारों में विश्वास नहीं खोना चाहिए। दिवाली लंबे समय से पटाखे फोड़ने से जुड़ी हुई है, लेकिन क्या यह जरूरी है? पटाखों को जलाने से वातावरण में हानिकारक गैसें निकलती हैं जो अंततः वायु प्रदूषण का कारण बनती हैं। पटाखों से हमारे आसपास रहने वाले जानवरों को नुकसान होता है। हमें दूसरों की सुरक्षा से समझौता किए बिना जिम्मेदारी से त्योहार मनाना चाहिए। देश में इस समय दिल्ली में प्रदूषण स्तर खतरे के निशान पर है और हवा दम घोंटू हो गई है। हम दिवाली के दौरान, घर ताजा पके हुए भोजन से उठने वाली स्वादिष्ट सुगंध की महक से भर जाते हैं। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि त्योहार हमारे बीच भाईचारे की महत्वपूर्ण भावना को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए हैं न कि उत्सव के नाम पर हमारे परिवेश को नष्ट करने के लिए। त्योहार अंधेरे पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है। इसका अर्थ बुराई पर अच्छाई की जीत और अज्ञान पर ज्ञान की जीत भी है। इसे रोशनी के त्योहार के रूप में जाना जाता है। नतीजतन, दिवाली के दौरान पूरे देश में चमकदार रोशनी होती है। दिवाली के कारण एक और लोकप्रिय परंपरा है। यहां भगवान विष्णु ने कृष्ण के अवतार के रूप में नरकासुर का वध किया था। नरकासुर निश्चित रूप से एक राक्षस था।

# वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी महत्वपूर्ण है भारत चीन की पहल

(अशोक मधुप)

24 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन दोनों देश समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांतों के आधार पर 'जमीनी स्थिति' बहाल करने के लिए आम सहमति पर पहुंच गए हैं। भारत चीन दोनों ने दावा किया है कि पूर्वी लद्दाख सेक्टर के डेमचोक और देपसांग में दो टकराव बिंदुओं पर भारत और चीन के सैनिकों की वापसी शुरू हो गई है। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के अनुसार, भारतीय सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में पीछे के स्थानों पर अपने उपकरण वापस खींचना शुरू कर दिया है। ऐसा होने से पिछले चार साल से अधिक समय से चल रहा सैन्य गतिरोध समाप्त हो गया है। चीन ने भी ऐसा ही दावा किया है। सीमा से सेना की वापसी एक अच्छी पहल है। इससे विवाद वाले देशों में शांति होती है। विकास होता है। अब तक तनाव के दौरान सीमा और सेना पर किया जा रहा व्यय देश के विकास पर खर्च होगा। इतना सब होने पर भी चीन के रवैये को देखकर उस पर यकीन नही किया जा सकता। उसके बहुत सावधान रहने की जरूरत है। सीमा पर विकास कार्य लगातार चलाए रखने होंगे। सीमा तक सेना के अवागमन को सरल करने की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए। सीमा क्षेत्र में सूचना तंत्र विकसित करने का कार्य लगातार चलना चाहिए। 24 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन दोनों देश समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांतों के आधार पर 'जमीनी स्थिति' बहाल करने के लिए आम सहमति पर पहुंच गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें 'पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और चराई' की बहाली शामिल है। रक्षा मंत्री ने संबंधों में प्रगति का श्रेय 'निरंतर बातचीत में संलग्न होने की शक्ति को दिया, क्योंकि जल्द या बाद में, समाधान निकलेगा।' बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की और पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त व्यवस्था पर दोनों देशों के बीच हुए समझौते का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों की प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए और आपसी विश्वास द्विपक्षीय संबंधों का आधार बना रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-चीन संबंध न केवल दोनों देशों के लोगों के लिए बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 22 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने चीन के साथ गश्त व्यवस्था पर एक समझौता किया है, जिससे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति मई 2020 से पहले जैसी हो जाएगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पेट्रोलिंग (गश्त) को लेकर हुए समझौता का श्रेय भारतीय सेना और कूटनीति को दिया। पूर्वी लद्दाख में देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में दोनों देशों की सेनाओं के बीच शुक्रवार को डिसएंगेजमेंट (सैनिक वापसी) की प्रक्रिया शुरू हुई, जो 29 अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना थी। इसके बाद 30-31 अक्टूबर से गश्त फिर से शुरू की जाएगी। पुणे में छात्रों के साथ संवाद करते हुए जयशंकर ने कहा कि संबंधों के सामान्य होने में अभी समय लगेगा, क्योंकि विश्वास और सहयोग को दोबारा स्थापित करना लंबी प्रक्रिया है। विदेश मंत्री ने बताया कि हाल ही में रूस के कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों देशों के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक करेंगे और आगे की रणनीति पर विचार करेंगे। जयशंकर ने कहा, अगर आज हम उस मुकाम पर पहुंचे हैं, जहां हम हैं...तो इसका एक कारण यह है कि हमने अपनी जमीन पर डटे रहने और अपनी बात रखने के लिए बहुत दृढ़ प्रयास किया। सेना देश की रक्षा के लिए बहुत ही अकल्पनीय परिस्थितियों में (एलएसी पर) मौजूद थी, और सेना ने अपना काम किया और कूटनीति ने अपना काम किया। उन्होंने यह भी बताया कि भारत अब पिछले एक दशक की तुलना में पांच गुना अधिक संसाधन लगा रहा है, जिससे सेना को प्रभावी ढंग से तैनात किया जा सका है। ओआरएफ में फेलो और चीन मामलों के जानकार कल्पित मणकिकर कहते हैं कि ऐसा एक लंबी प्रक्रिया के तहत होता है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और दोनों देशों के विदेश मंत्री लगातार मुलाकात करते आ रहे हैं। पिछले चार सालों से बॉर्डर मुद्दों को सुलझाने को लेकर कोशिशें लगातार हो रही है। सेना के कमांडर स्तर पर बातें अलग से होती रही हैं। भारत और चीन दोनों की ओर से इस तरह की कोशिशें की जा रही थी। हालांकि अब जो दिख रहा है, उसके मद्देनजर इस तरह की कोशिशें क्या दिशा लेंगी, इसे लेकर अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में ही रहा जा सकता है। 2020 की झड़प के बाद से दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसे वास्तविक नियंत्रण रेखा के रूप में भी जाना जाता है। भारत द्वारा उच्च ऊंचाई वाले हवाई अड्डे तक एक नई सड़क का निर्माण चीनी सैनिकों के साथ 2020 में होने वाली घातक झड़प के मुख्य कारणों में से एक माना जा रहा है। अच्छा यह है कि दोनों देश मई 2020 की यथास्थिति पर वापस लौटने पर सहमत ही नही हुए, इस प्रक्रिया के लिए कार्य भी शुरू हो गया। सीमा विवाद के चार साल के दौरान समाचार आए की चीन सीमा पर नए हवाई अड्डे?सैनिक छावनी उनके लिए बंकर बना रहा है। अपने सीमा से सटे क्षेत्र में गांव विकसित कर रहा है। भारतीय क्षेत्र के स्थानों क नाम बदल रहा है। हालांकि विवाद की अवधि में भारत ने भी सीमा पर सुरक्षा ढांचा विकसित किया है। नए एयरबेस तैयार कर रहा है। ठंडे स्थानों में रहने के लिए सैनिकों को प्रशिक्षित करने के साथ ही उनके लिए बर्फ के दौरान भी रहने के लिए सौलर से गर्म करने वाले उनके टैंट बना रहा है। इस प्रक्रिया को भारत का और तेज करना होगा। सीमा रेखा के सटाकर गांव विकसित करने होंगे तोकि चीन की गतिविधि पर नजर रखी जा सके। एक तरह से चीन की प्रत्येक कार्रवाई का उत्तर उसके कदम ही से आगे बढकर देना होगा। एक बात और सेना की वापसी के बावजूद सीमा क्षेत्र का विकास कार्य अनवरत चलता रहना चाहिए।

> *सीमा पर विकास कार्य लगातार चलाए रखने होंगे। सीमा तक सेना के अवागमन को सरल करने की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए। सीमा क्षेत्र में सूचना तंत्र विकसित करने का कार्य लगातार चलना चाहिए। सीमा क्षेत्र के गांव वालों को इसके लिए शिक्षित किया जाना चाहिए कि वे दुश्मन देश की गतिविधि पर नजर रखें।*

# कश्मीर में आतंकियों ने शुरू की टारगेट किलिंग

कश्मीर में पिछले कुछ समय से, बाहरी राज्यों से गए मजदूरों पर, लक्षित आतंकी हमलों का जो दौर शुरू हुआ है और उसमें जैसी निरंतरता देखी जा रही है, वह अब सरकार और वहां तैनात सुरक्षा बलों के लिए एक जटिल चुनौती बन रही है। गौरतलब है कि शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में एक प्रवासी मजदूर का शव मिला था। रोजी-रोटी की तलाश में बिहार से वहां गए मजदूर को दो गोलियां मारी गई थीं। अनुमान है कि दहशतगर्दों ने टारगेट अटैक की अपनी रणनीति के तहत उस मजदूर की हत्या कर दी।यों, यह कोई पहली घटना नहीं है, मगर सच यह है कि हाल के वर्षों में सुरक्षा बलों के शिविरों से लेकर प्रवासी मजदूरों तक के घरों पर हमला करने के पीछे उनकी हताशा दिखती है। हालांकि आतंकवादी गिरोहों से किसी तरह के विवेक की उम्मीद करना बेमानी है, मगर हैरानी की बात यह है कि बेहद कमजोर तबके के ऐसे लोगों को भी मार डालने में वे नहीं हिचकते, जो महज रोजी-रोटी की उम्मीद में अपनी जमीन से उखड़ कर वहां पहुंचे होते हैं। जम्मू-कश्मीर में टारगेट अटैक के रूप में आतंकी हमलों की यह नई प्रकृति है, जिसमें आतंक का दायरा फैल रहा है। निश्चित रूप से यह चिंता की बात है और सुरक्षा बलों के साथ सरकार को आतंकवाद के इस नए चेहरे से निपटने के लिए अलग रणनीति पर काम करने की जरूरत है। इस समस्या के जटिल होते जाने की मुख्य वजह यह रही है कि इसके तार सीमा पार के ठिकानों से संचालित संगठनों से जुड़े हैं। वहीं से मिलने वाले संरक्षण और पोषण का नतीजा है कि कभी सुरक्षा बलों के शिविर पर हमला करके, तो कभी किसी प्रवासी मजदूर की हत्या कर आतंकी अपनी मौजूदगी दर्शाना चाहते हैं। हाल में हुए विधानसभा चुनावों के बाद वहां एक चुनी हुई सरकार ने काम करना शुरू कर दिया है और उसके बाद यह स्वाभाविक उम्मीद जगी है कि वह अपनी सीमा में आतंकवाद और खासतौर पर टारगेट अटैक पर काबू पाने के मामले में सख्त कदम उठाएगी।

# फिर बिगड़ी दिल्ली की आबोहवा, अभी हालात और होंगे खराब

(पुष्पेंद्र कुमार)

दीवाली आने में अब बस महज दो से तीन दिन का ही समय रह गया है। इससे पहले दिल्ली की आबोहवा काफी खराब हो चुकी है। प्रदूषण के स्तर में लगातार इजाफा होता जा रहा है। पूर्वानुमान इस तरफ इशारा कर रहे हैं कि 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर, 2024 तक दिल्ली में एयर क्वालिटी बहुत ही खराब श्रेणी में रहेगी। पटाखे और पराली जलाने से स्थिति और खराब हो सकती है। इससे 30 अक्टूबर के बाद प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में पहुंच सकता है। अब एक्यूआई की बात करें तो देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 350-400 से ज्यादा रहा है। सबसे ज्यादा एक्यूआई दिल्ली के जहांगीपुरी इलाके में दर्ज किया गया है। यहां पर एक्यूआई 370 दर्ज किया गया। वहीं नोएडा में एयर क्वालिटी खराब श्रेणी में दर्ज की गई। कई क्षेत्रों में,त्ख्र 250 से 299 के बीच रहा। साथ ही गुरुग्राम में भी एयर क्वालिटी खराब श्रेणी में ही रही, जबकि कुछ इलाकों में यह 'बहुत खराब' श्रेणी में रही। रविवार को वाहनों से निकलने वाले धुएं को दिल्ली के वायु प्रदूषण की मुख्य वजह माना गया। इसके कारण प्रदूषण में करीब 14 फीसदी की हिस्सेदारी है। इस टाइम पीरियड के दौरान दक्षिण-पूर्व से आने वाली प्रमुख सतही हवाओं की स्पीड 28 अक्टूबर को 8 किमी प्रति घंटे रहने के आसार हैं। यह धीरे-धीरे 30 अक्टूबर तक 6 से 12 किमी प्रति घंटे के बीच हो जाएगी। इन हवाओं के साथ में सुबह स्मॉग भी रहेगा लेकिन आसमान साफ रहेगा। इन हवाओं की वजह से प्रदूषण के स्तर को कम करने में बहुत मदद मिलेगी। प्रदूषण के साथ-साथ दिल्ली के लोग अब पानी की किल्लत से भी जूझ रहे हैं, पूरी खबर के लिए यहां क्लिक करेंज अगर एयर क्वालिटी में सुधार नहीं हुआ तो जल्द ही ग्रैप तीन के प्रतिबंध भी लागू हो जाएंगे। इसमें बोरिंग, ड्रिलिंग, खुली खाई सीवर लाइन, ईंट भट्टे, आरएमसी बैचिंग प्लांट, बड़े वेल्डिंग और गैस-कटिंग कामों पर प्रतिबंध लग जाएगा। साथ ही, कच्ची सड़कों पर वाहनों की एंट्री और दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। जरूरी सामान ले जाने वाले वाहनों को छोड़कर बीएस-3 ईंधन पर चलने वाले हल्के कमर्शियल वाहनों पर भी बैन रहेगा। राजधानी में हवा की दिशा व गति बदलने से वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार आया है। हालांकि, हवा बेहद खराब स्तर पर बरकरार है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि मंगलवार को बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। इसके बाद हवा दम घोंटू होने की आशंका है। इससे लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 304 दर्ज किया गया। यह रविवार के मुकाबले 52 सूचकांक कम है। वहीं, यह एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे खराब श्रेणी में रही। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि हवा में पटाखों और पराली के धुएं की हिस्सेदारी बढ़ेगी। इससे वायु गुणवत्ता गंभीर होगी।जैसे-जैसे हवा गंभीर श्रेणी की ओर रुख करेगी, वैसे ही ग्रैप का तीसरा चरण लागू होने की आशंका बढ़ रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदूषकों के प्रभावी फैलाव के लिए मौसम संबंधी परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। अगले 6 दिनों तक वायु गुणवत्ता बहुत खराब से गंभीर श्रेणी में रहने की आशंका है। वेंटिलेशन इंडेक्स 4500 घनमीटर प्रति सेकंड रही। डिसिजन स्पोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के मुताबिक सोमवार को हवा में ट्रांसपोर्ट से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 10.707 फीसदी, कूड़ा जलने से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 0.971 फीसदी रही। जबकि, रविवार को पराली के धुएं की हिस्सेदारी 8.03 फीसदी रही। बृहस्पतिवार तक हवा गंभीर श्रेणी में पहुंच सकती है। सीपीसीबी के मुताबिक बुराड़ी, आनंद विहार, मुंडका व विवेक विहार समेत 21 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी व 14 इलाकों में हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक सोमवार को हवा दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर से चली।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-5539

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | 6 | |
| 9 | | 6 | 5 | | 2 | | | 4 |
| | | | | | | 9 | 5 | |
| 3 | 2 | | | | | | 8 | |
| 1 | | | 7 | 5 | 9 | | | 2 |
| | 9 | | | | | | 1 | 5 |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| 6 | | | 4 | | 8 | 5 | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5538

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली 5539



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारत के इस पडौसी देश में 6 जून 1995 को बाल अपराध अथवा उनकी फांसी की सजा प्रतिबंधित की गई (4)
4. माता सरस्वती का एक नाम (3)
6. जमीन से उगने वाला पेड़, पौधे आदि (4)
8. सुखभोग, चसका (2)
9. पार लगना, उद्धार होना (4)
11. अनुराग, प्रेम, लालसा (2)
12. केकड़ा, फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
13. काव्यमर्मज्ञ, रस लेने वाला (3)
14. पश्चिम अफ्रीका के दश सेनेगल की यह राजधानी है, उर्ध्ववायु को मुंह से निकलती है (3)
16. मिथ्या संवाद, झूठी खबर (2)
17. जबड़े की हड्डी (2)
18. जामन डालकर जमाया हुआ दूध (2)
19. सप्ताह का दिन प्रहार करने की क्रिया (2)
20. शक, संदेह, भ्रम (2)
21. एक नक्षत्र जिसमें पांच तारे है (2)
22. विस्तार पूर्वक कथन (3)

**ऊपर से नीचे**

1. कुंती का एक नाम पृथा भी था इसलिए अर्जुन का एक नाम यह भी है (2)
2. स्तुति करने वाला (3)
3. महिला ईसाई पादरी यह कहलाती है (2)
4. काइंया, चालाक (3)
5. गर्म धातु से शरीर पर निशान लगाना (3)
7. अग्नि की चिंगारी को यह अंग्रेजी में कहते है (3)
8. पतिव्रता (उर्दू) (6)
10. फागुन की पूर्णिमा को होने वाला हिंदुओं का एक त्यौहार, होली (6)
12. क से ह तक की वर्णमाला (4)
15. महादयाल, कृपा, दया करने वाला (3)
16. जिसने कोई घटना अपनी आंखों से देखी हो, साक्षी (3)
20. अक्षर, जाति, रंग (2)

### वर्ग पहेली 5538 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | नि | या | मि | र्जा | | बु | ध |
| ब | दा | | ल | | सा | ज | न |
| र | न | क | ना | | | दि | वा |
| म | | र्म | | फि | स | ल | न |
| ती | ज | | आ | रो | ही | | |
| | या | | ग | जा | | स | जा |
| | प्र | जा | | बा | हु | ब | ली |
| कु | दा | ल | | द | | ब | |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन आर्थिक मामलों में लाभ से भरा होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। स्थापित कारोबार का विस्तार होगा। त्रिपक्षीय साझेदारी करने की स्थिति बनेगी, निजी संबंधों के मामले में त्रिपक्षीय रिश्ते अनुकूल साबित नहीं होंगे। एक नया दोस्त आपके प्रति आकर्षित होगा लेकिन वह अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति नहीं कर सकेगा।

### वृष
आज दिन लाभ से भरा होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी और दिन लाभ से भरा होगा। कारोबार में सफलता मिलेगी और सौभाग्य भी साथ देगा। आप खुलकर खरीददारी करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप ईमानदारी से काम करना चाहेंगे। पारिवारिक रिश्तों को आप अच्छी तरह निभाएंगे। बच्चे और परिवार के सदस्य फरमाइशें पेश कर सकते हैं।

### मिथुन
आज बहुत ज्यादा अपेक्षाएं और उम्मीदें संजोते हैं और ऐसा सोचते हैं कि ऐसा होना चाहिए या फिर ऐसा नहीं होना चाहिए, तो इस तरह की सोच से उबरें, अन्यथा आपको संघर्ष करना पड़ेगा। यही नहीं, आप स्वयं को बोझिल भी महससू करेंगे। व्यावसायिक मामलों में फैसले लेते वक्त आपको सुस्पष्ट सोच से काम करना होगा।

### तुला
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपने पहले से जो उम्मीदें संजो रखी हैं वे पूरी होंगी। आप किसी कारण से हताश हो सकते हैं। निजी संबंधों के मामले में आपको मतभेद का सामना करना पड़ सकता है। जब आपको जरूरत होगी तब आपको परिवार के सदस्यों और दोस्तों से मदद नहीं मिलेगी। जिंदगी के तल्ख अनुभवों से सबक लेकर आगे बढ़ने से लाभ होगा।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा। नए अवसर सामने आएंगे। कामयाबी पाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। एक तरफ तो आप कुछ बातों से स्वयं को आहत कर रहे हैं और दूसरी तरफ भावनाओं को आप छिपाना भी चाहते हैं। विचारों को खुलकर अभिव्यक्त करने का वक्त आ गया है। आपका मन हल्का हो जाएगा। दूसरों को माफ करना भी सीखें। फैसले लेते वक्त दिल की पुकार को सुनें।

### धनु
आज दिन काफी ऊर्जावान रहेगा। परिवार के प्रति आपका रवैया उदार रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप युवा लोगों को प्रोत्साहित करने में सफल रहेंगे। आपकी पुत्री करियर के मामले में स्वतंत्र रूप से फैसला लेने वाली है। सावधान रहें कि आपके परिवेश से जुड़े चालाक दोस्त आपकी उदारता का फायदा उठाना चाहते हैं। एक निजी संबंध प्रगाढ़ता में परिवर्तित होगा।

### कर्क
आज करियर के मामले में लाभ होगा। अतीत और भविष्य की योजनाओं में न डूबकर आप वर्तमान में रहें और हर लम्हे का आनंद उठाएं। अगर आप सचेत नहीं रहे, तो आपके साथ से एक सुनहरा मौका निकल सकता है जीवन के हर क्षेत्र में आप बदलाव करने के लिए आमादा हैं। मकर राशि का व्यक्ति जीवन में उम्मीद की किरण लेकर सामने आएगा।

### सिंह
आज करियर के मामले में लाभ होगा। व्यावसायिक और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के साथ संपर्क स्थापित करें। रचनात्मक प्रवृत्ति से अंजाम देंगे। अभिभावकों और उम्रदराज लोगों को आपके सहयोग की दरकार है। निजी संबंधों और पारिवारिक स्थितियों के मामले में बोझिल रवैया अख्तियार न करें।

### कन्या
आज आप बदलाव के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर हैं। अत्यधिक भावुकता से बचें। अतीत के बोझ को न ढोएं, क्योंकि जो गुजर गया, वो गुजर गया। खान-पान और काम के मामले में अतिरेक से बचें। निजी संबंधो पर भावनाएं हावी रहेंगे। पुरानी लतों को छोड़ने का वक्त आ चुका है।

### मकर
आज लाभ होगा और करियर में सफलता प्राप्त होगी। अतीत के एक दौर की समाप्ति हो रही है और एक नया दौर शुरू होने वाला है। जैसे ही आप व्यावसायिक परियोजना को पूरा कर लेते हैं, वैसे ही आप हल्का व तनावरहित महसूस करेंगे। नए अवसरों को सामना करने के लिए तैयार रहें। कई संभावनाएं हैं, जिन्हें आपको तलाशना है।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप अलग छाप छोड़ने में सफल रहेंगे। निजी व व्यावसायिक मामले में ऊर्जावान होकर साहस का परिचय देंगे। आप असंभव से दिखने वाले कार्यों और चुनौतियों से रूबरू होंगे और उनका समाधन निकालकर ही दम लेंगे। ऐसे लोगों से बचकर रहें, जो दिखावा पसंद हैं। खुलकर खरीददारी करने से आपका मासिक बजट बिगड़ सकता है।

### मीन
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको हर मामले में लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा। नकारात्मक विचारों आदि को भुला सकेंगे। अगर नकारात्मक विचारों को दूर करने की कोशिश नहीं की गई तो फिर भावनात्मक रूप से दुःखी होंगे। मिथुन राशि का व्यक्ति आपके जीवन में प्रसन्नता लेकर आएगा। निजी संबंधों के मामले में आप फिलहाल वादे न करें, तो बेहतर रहेगा। दिल की पुकार सुनें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित **संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, स्थानीय संपादक- **साकेत अम्बष्ट**, -9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, **RNI-BIHHIN/2017/72765**

## संक्षिप्त समाचार

### पीलीभीत में दीवाली की रात सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**पीलीभीत, एजेंसी।** बाइक पर सवार होकर जा रहे तीन युवकों की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। दीपावली की रात हुए इस हादसे से तीन परिवारों में चीत्कार मच गया है। सूचना पाकर गांव पहुंची पुलिस ने तीनों के शव अपने कब्जे में ले लिए। परिवार के लोगों से हादसे की जानकारी हासिल की।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव शहादत गंज निवासी गिरीश कुमार, शिवकुमार व प्रदीप कुमार बाइक पर सवार होकर गुरुवार की रात अपने अपने घरों पर पूजन करने के उपरांत दीया जलाने के लिए दुहा गांव में स्थित एक आश्रम पर जा रहे थे। न्यूरिया महोफ मार्ग पर गांव भिलैया के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। ऐसे में तीनों गंभीर रूप से घायल होकर गिर गए।

मौके पर ही तीनों युवकों की मृत्यु हो गई। पूरी रात उनके शव मौके पर ही पड़े रहे। शुक्रवार को सुबह मानपुर गांव के कुछ लोग उधर से गुजर रहे थे। उन्होंने तीन युवकों के लहुलुहान शव और क्षतिग्रस्त बाइक पड़ी देखी। राहगीरों ने मृतकों को पहचान लिया। इसके बाद उनके परिवारों को सूचना दी गई। तब परिवार के लोग मौके पर पहुंचे।

बताते हैं कि शिव कुमार और प्रदीप का आपस में चाचा-भतीजे का रिश्ता था। शिव कुमार रिश्ते में प्रदीप के चाचा लगते थे। तीनों के परिवारों में चीत्कार मचा है। सूचना पाकर गांव पहुंची पुलिस ने तीनों के शव अपने कब्जे में ले लिए। साथ ही उनके परिवार के लोगों से हादसे की जानकारी प्राप्त की। तीन युवक मजदूरी करते थे।

वहीं पीलीभीत के अमरिया कस्बे में चल रहा रामलीला मेला देखकर वापस घर जा रहे लोगों की दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें एक युवक की मृत्यु हो गई। अमरिया थाना क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा निवासी सुखदेव बुधवार को अमरिया में रामलीला मेला देखने आया था। रात लगभग 11 बजे सुखदेव मोटरसाइकिल से घर वापस लौट कर जा रहा था।

### हाईवे की तरह शहर के अंदर फर्राटा भरेंगे वाहन

**वाराणसी, एजेंसी।** जाम से निजात दिलाने के लिए हाईवे और रिंग रोड से शहर के अंदर आने वाली फोरलेन और सिक्सलेन सड़कों का नए साल में काशीवासियों को तोहफा मिलेगा। हाइवे से शहर के अंदर आने वाले वाहनों की रफ्तार कम नहीं होगी। इन छह सड़कों में पांच सड़कें फोरलेन और एक सिक्स लेन बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

मॉनीटरिंग करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को लगाया गया है जिससे समय से योजना पूरी हो सके। चौड़ीकरण करने में अतिक्रमण या अवैध कब्जा में बाधा पहुंचा रहे 98 प्रतिशत निर्माण तोड़ दिए गए हैं। वही, मकान शेष रह गए जिनके मामले न्यायालय में विचाराधीन है। हालांकि, उसके आसपास सड़क चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है।

प्रदेश में दोबारा योगी सरकार बनते ही लोक निर्माण विभाग ने हाइवे और रिंग रोड से शहर के अंदर आने वाली छह सड़कों पर काम तेजी से शुरू कर दिया है। जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से सर्वे कर प्रस्ताव देने को कहा। प्रस्ताव जाते ही मुख्यमंत्री ने बजट स्वीकृत कर तेजी से काम करने को कहा।

नतीजा रहा कि हाईवे और रिंग रोड से आने वाली छह सड़कें धरातल पर दिखाई देने लगी है। दिसंबर तक कार्यदायी संस्थाओं को काम पूरा करना है लेकिन कई स्थानों पर अतिक्रमण और न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के चलते काम तेजी से आगे नहीं बढ़ पाया। वहीं, कार्यदायी संस्थाओं ने भी लापरवाही बरती, नतीजा रहा है कि योजना धरातल आने में एक साल पीछे हो गई। काम धीमी गति से होने पर मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण कर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने एक-एक सड़कों की जिम्मेदारी एक-एक मजिस्ट्रेटों को सौंपी।

# पटाखों से पूरा इलाका हुआ धुआं-धुआं, लखनऊ की प्रदूषित हवा में सांस लेना दूभर



**लखनऊ, एजेंसी।** दीपावली के बाद लखनऊ की हवा में भारी प्रदूषण देखा जा रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के अनुसार, लखनऊ के कई क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। आतिशबाजी और पटाखों के धुएं ने शहर को प्रदूषण के संकट में धकेल दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति सांस और दिल की बीमारियों के मरीजों के लिए बेहद खतरनाक हो सकती है।

तालकटोरा क्षेत्र का एक्यूआई सबसे ज्यादा, 350 के पार दर्ज किया गया है, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। यह स्तर स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें सांस संबंधी समस्या है।

इसके अलावा, लखनऊ के अन्य क्षेत्रों में भी प्रदूषण का स्तर चिंताजनक है। कुकरैल पिकनिक स्पॉट का एक्यूआई 242, केंद्रीय विद्यालय के आसपास 264, लालबाग 258, और आशियाना क्षेत्र 234 दर्ज किया गया है। इन क्षेत्रों में भी प्रदूषण का स्तर सामान्य से कहीं अधिक है, जिससे यहां के निवासियों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

अधिकारियों के अनुसार, दीपावली के दौरान भारी मात्रा में पटाखे फोड़े गए, जिससे वायुमंडल में

## दुकानों से लेकर घरों तक चाइनीज पटाखों की धूम, देसी का नहीं दिखा क्रेज, आदेश को भी किया अनदेखा

सहजनवां, एजेंसी। दीपावली पर चाइनीज पटाखों की धूम तहसील क्षेत्र में देखने को मिली। देसी पटाखा कहीं दूर-दूर तक नजर नहीं आया। दीपावली पर पूजा-पाठ करने के बाद घर में बड़ा से लेकर छोटा सदस्य देर रात तक पटाखे फोड़ कर खुशियों का इजहार करता रहा। पटाखों की आवाज की जहां चारों तरफ गूंज रही, वहीं आसमान भी रंग-बिरंगी राकेट व अनार से नहाता दिखा। दीपावली के दिन भी मुरारी इंटर कालेज तथा घघसरा के मंगल बाजार में पटाखों की बिक्री होती रही।

सहजनवां तहसील क्षेत्र में दीपावली के दिन आतिशबाजी की धूम हर तरफ देखने को मिली। नगर पंचायत से लेकर ग्रामीण इलाकों के कस्बों तथा गांवों में धूम-धड़ाका होता रहा। प्रशासन के तरफ से दीपावली के दिन भी मुरारी इंटर कालेज तथा घघसरा के बुधवारी बाजार में पटाखा की दुकान लगाने की अनुमति देने के बाद दीपावली के दिन भी लोग पटाखा खरीदने के लिए पहुंचे।

देर शाम तक दुकानों पर लोगों ने पहुंच कर पटाखा की खरीदारी किया और पूजा-पाठ के बाद पटाखे फोड़ने लगे। दुकानों से लेकर घरों तक चाइनीज पटाखों की धूम रही। दुकानदार अतुल कुमार ने बताया कि रोक के बाद भी पटाखा की खूब बिक्री हुई है और आम लोगों ने पसंद किया है। फुलझड़ी, अनार, बिजली बम गंधक-पोटाश की मात्रा बाजार में ग्राहकों की पहली पंसद बनी हुई हैं।

राकेट, बमों की लड़ी भी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। पटाखों की शोर-गुल तरफ सुनाई दे रही थी और आकाश भी विविध रंगों से रूक-रूक नहा रहा था। इतना ही रात दस बजे के बाद पटाखा नहीं छोड़ने के आदेश का पालन नहीं किया गया और देर रात तक पटाखे फोड़े गए। हालांकि त्योहार के दिन पुलिस क्षेत्र में काफी सक्रिय दिखी।

दीपावली का त्योहार गुरुवार को श्रद्धा व भक्ति के साथ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। शाम होते ही लोग अपने घरों में विधि-विधान के साथ गणेश-लक्ष्मी का पूजन-अर्चन करके दीपक जलाए। पूजा-पाठ करने के बाद लोगों ने एकदूसरे से गले मिल कर दीपावली की बधाई दी और मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। दिन ढ़लते ही सतरंगी छटा से आसमान रंगीन हो गया। नगर से लेकर गांवों में देर रात तक चहल पहल देखने को मिला।

दीपावली का त्योहार सहजनवां तहसील मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बड़े ही परम्परागत तरीके से मनाया गया। गुरुवार की सुबह से ही घरों की साफ-सफाई में लोग जुटे रहे। शाम हाते ही परिवार में बड़ा से लेकर छोटा सदस्य तक नया परिधान पहन कर रंगोली सजाई तथा दीपक जला कर भगवान गणेश व मां लक्ष्मी का पूजन-अर्चन किया। छप्पन भोग तथा लड्डू से भोग लगाया और भूजा, गट्टा, लावा व बताशा चढ़ाया गया।

# बेटे-बहू की हत्या में मां और मामा गिरफ्तार

### इरादा पानी में डुबोकर मारने का था, लेकिन नहीं मिली जगह फिर रची साजिश



आगरा, एजेंसी। कैला देवी मंदिर दर्शन के लिए गए अछनेरा के दंपती की करौली में गोली मारकर मारकर हत्या कर दी गई थी। बुधवार सुबह मासलपुर थाना क्षेत्र में विकास सिसोदिया उनकी पत्नी दीक्षा के शव कार में मिले थे। करौली पुलिस ने गुरुवार को सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का पर्दाफाश कर दिया।

बेटे-बहू के संबंध अन्य से होने के शक में मां और मामा ने हत्या की साजिश रची थी। मामा ने कर्मचारी के साथ मिलकर दंपती की हत्या की थी। करौली पुलिस ने मां, मामा और कर्मचारी तीनों को गिरफ्तार करके गुरुवार को जेल भेज दिया।

गांव सांथा अछनेरा के 21 वर्ष विकास सिसोदिया उनकी पत्नी दीक्षा 29 अक्टूबर की दोपहर घर से वायरल की दवा लेने कुकथला जाने की कहकर निकले थे। विकास को कार चलाना नहीं आता था। वह अपने मामा रामबरण के कर्मचारी कौलारी, धौलपुर के चमन खान को लेकर गया था।

शाम तक नहीं लौटने पर पिता जितेंद्र राजपूत ने बेटे-बहू से संपर्क करने का प्रयास किया, दोनों ने कॉल रिसीव नहीं की। अगले दिन बुधवार सुबह भोजपुर-गढ़ी बाजना रोड पर कार में विकास और दीक्षा के शव मिले।

शवों की पहचान के बाद पुलिस ने कैला देवी मंदिर के फुटेज चेक किए तो उसमें दंपती के साथ चमन खान के फुटेज थे। पुलिस ने चमन खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की, उसने सच उगल दिया, जिसके आधार पर पुलिस ने कोलारी के रहने वाले विकास के मामा रामबरण और गांव सांथा से मां ललिता उर्फ लालो को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी करौली ब्रजेश ज्योति उपाध्याय के अनुसार, पूछताछ में मां ललिता ने बताया कि बेटे-बहू के अन्य लोगों से संबंध थे। दोनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन नहीं माने। ललिता ने बताया कि समाज में परिवार की बेइज्जती होने से बचने के लिए अपने भाई रामबरण के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।

वह दो महीने से हत्या की साजिश रच रहे थे, जिसमें विकास उनकी पत्नी दीक्षा को सड़क दुर्घटना या पानी में डुबोकर मारने की योजना बनाई। इसके तहत एक महीने पहले पुरानी कार और पिस्टल खरीदी।

# पटाखे फोड़ने के विवाद में बुजुर्ग को पीट-पीटकर मार डाला, फिर ट्रैक्टर से कुचला



हापुड़, एजेंसी। हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के शेरे कृष्णा वाली मढैया गांव में बृहस्पतिवार की रात को दीपावली पर्व मनाने के दौरान पटाखा छोड़ने को लेकर दो पक्ष आपस में भीड़ गए।

घर के बाहर पटाखा छोड़ने का पीतम ने विरोध किया तो दूसरे पक्ष के युवकों ने ट्रैक्टर चढ़ा दिया जिससे पीतम गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको स्वजन ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बुजुर्ग पीतम ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से घायल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है, शिकायती पत्र के आधार पर आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कर्रवाई की जायेगी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव शेर कृष्णा वाली मढ़ैया में पटाखे फोड़ने को लेकर हुए विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह ने ओजोन में खरीदा नया घर, कोठी नंबर 38 अब नया पता

**अलीगढ़, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह का अब नया पता ओजोन सिटी के द गोल्डन एस्टेट में कोठी नंबर 38 होगा। उन्होंने यहां अपने सपनों का आशियाना खरीद लिया है। बुधवार को सुबह सबसे पहले इस नए घर की कोल तहसील के निबंधन कार्यालय में रजिस्ट्री हुई। इसके बाद शाम को परिवार के साथ नए घर में प्रवेश किया। पूजा अर्चना और फीता काटकर नए घर में प्रवेश किया गया।

शहर के गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। ओजोन सिटी में द गोल्डन एस्टेट के नाम से लग्जरी परियोजना विकसित की जा रही है। रिंकू सिंह ने इसी में 500 वर्ग गज का घर पसंद किया है। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर रवाना होने से दो दिन पहले पहले रिंकू सिंह बुधवार को शहर में पहुंचे।

उन्होंने सबसे पहले तहसील के निबंधन कार्यालय में बैनामा कराया। एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह की मौजूदगी में सब रजिस्ट्रार आजाद सिंह ने इस बैनामे की प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शाम को नए आशियाने में प्रवेश के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

ओजोन सिटी के चेयरमैन प्रवीण मंगला ने रिंकू सिंह, उनके पिता खानचंद, मां बीना देवी को नए घर की चाबी सौंपी। इसके बाद परिवार के सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटा। भाई सोनू लेफ्टी, बिट्टू, जीतू और बहन नेहा सिंह ने भी रिंकू सिंह को नया घर लेने पर शुभकामनाएं दी।

# सूरमाओं के बीच सीसामऊ का रण, चुनाव चिह्न आवंटित

**कानपुर, एजेंसी।** सीसामऊ विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के रण में अब पांच सूरमा बचे हैं। इनमें भाजपा, सपा व बसपा के साथ दो अन्य उम्मीदवार हैं। इनके बीच ही चुनावी युद्ध में दो-दो हाथ होंगे। सियासी चक्रव्यूह में सभी ने अपनी-अपनी टीमें भी उतार दी हैं।

अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय एवं रिटर्निंग आफीसर राम शंकर ने बताया, सीसामऊ विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव में 18 से 25 अक्टूबर तक नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई थी। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच में छह प्रत्याशी बचे थे। 30 अक्टूबर को



नाम वापसी के दौरान जालौन निवासी निर्दलीय आफताब शरीफ ने पर्चा वापस ले लिया।

इससे भाजपा के सुरेश अवस्थी, सपा की नसीम सोलंकी, बसपा के वीरेंद्र कुमार, सभी जन पार्टी के अशोक पासवान व निर्दलीय कृष्ण कुमार यादव अब मैदान में हैं। इन्हीं पांच उम्मीदवारों के बीच चुनावी मुकाबला होगा।

सीसामऊ विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में अब सियासी लड़ाकों के बीच द्वंद्व शुरू हो गया है। भाजपा, सपा व बसपा समेत पांचों प्रत्याशियों के चुनावी प्रचार के रंग गली-गली दिखने लगे हैं। उधर, जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में 12 सौ कर्मचारी निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने के लिए लगाए गए हैं।24 सेक्टर और तीन जोनल मजिस्ट्रेटों ने भी कमान संभाल ली है। सीसामऊ सीट के लिए उपचुनाव में 18 से 25 अक्टूबर के बीच नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई। प्रमुख दलों के साथ 11 प्रत्याशियों ने नामांकन कराए। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच में पांच पर्चे खारिज कर दिए गए।

इसके बाद 30 अक्टूबर को नाम वापसी के बाद केवल पांच प्रत्याशी भाजपा से सुरेश अवस्थी, सपा से नसीम सोलंकी, बसपा से वीरेंद्र कुमार, सभी जन पार्टी से अशोक पासवान व निर्दलीय कृष्ण कुमार यादव मैदान में हैं।

## घर में धमाका- पति की मौत

# पत्नी की हालत गंभीर- पुलिस बोली- सिलिंडर में हुआ विस्फोट



कानपुर, एजेंसी। दीपावली के दिन गांधीनगर में गुरुवार को संदिग्ध हालातों में विस्फोट के बाद पति की मृत्यु हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल है। घायल की हालात काफी गंभीर है। पुलिस का दावा है विस्फोट सिलिंडर में हुआ। मगर, मौके से सिलिंडर का एक भी टुकड़ा नहीं मिलने से पुलिस का दावा गले नहीं उतर रहा।

हालांकि, मौके से बड़ी मात्रा में पटाखे जरूर बरामद किए गए हैं, जिसके आधार पर इस बात की संभावना जताई जा रही है कि शक्तिशाली बम में विस्फोट की वजह से हादसा हुआ। विस्फोट कितना शक्तिशाली था, इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि शव घटनास्थल से करीब पंद्रह फीट दूर दरवाजा तोड़कर पड़ोसी के कमरे में जाकर गिरा। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने भी हादसा स्थल से नमूने लिए हैं।

गांधी नगर में शनि मंदिर गणेश पार्क में सुरेंद्र गौड़ अपने परिवार के साथ रहते थे। सुरेंद्र क्षेत्र की विभिन्न दुकानों में ब्रेड, सिगरेट, पान मसाला, टाफी-कंपट आदि सप्लाई करने का काम करते थे। दीपावली के समय वह मोहल्ले में पटाखों की दुकान लगाते थे। परिवार में 23 साल का बेटा आयुष और 20 साल की बेटी सलोनी है। बेटे आयुष के मुताबिक पिता सुबह करीब साढ़े दस बजे खाना बनाने वाला गैस सिलिंडर भराने के लिए निकले थे।

दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह मोपेड से लौटे। बेटे के मुताबिक सिलिंडर उठाने के लिए मां रमिता गौड़ बाहर गई। कुछ देर बात तेज धमाका हुआ। धमाके के बाद पूरे क्षेत्र में धुआं भर गया। करीब दो मिनट बाद धुआं छटा तो वहां का नजारा देखकर लोग सन्न रह गए। मोपेड धू-धू करके जल रही थी। पास में गंभीर रूप से घायल रमिता पड़ी थीं। जबकि सुरेंद्र गौड़ का शव घटनास्थल से करीब पंद्रह फीट दूर पड़ोसी किरन वर्मा के बाहर वाले कमरे में पड़ा मिला। शरीर से अलग एक हाथ दूसरे स्थान पर पड़ा मिला।

### विस्फोट के कारण दरवाजा तक टूटा

विस्फोट की तीव्रता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सुरेंद्र के टकराने से किरन वर्मा के बाहर वाले कमरे का दरवाजा तक टूट गया। इसीलिए शव कमरे के अंदर से बरामद हुआ। इसके अलावा एक अन्य पड़ोसी दिव्यांशू के घर का दरवाजा और खिड़कियां टूटकर नीचे गिर गईं। आसपास के कई घरों की दीवारों में दरारें पड़ गईं। हादसे में एक मोपेड, एक स्कूटी और दो कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे की सूचना पर डीसीपी सेंट्रल दिनेश कुमार त्रिपाठी, एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार, एसीपी सीसामऊ चित्रांशु गौतम और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। मौके पर फारेंसिक टीम को कोई भी सिलिंडर का टुकड़ा नहीं मिला है, जबकि पास ही कुछ पटाखे जरूर बरामद हुए हैं। पुलिस सिलिंडर में ब्लास्ट बता रही है, जबकि ऐसी संभावना अधिक है कि पटाखे में विस्फोट से हादसा हुआ।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



# महाराष्ट्र में बागियों ने बढ़ाया सिरदर्द, महायुति में टेंशन तो एमवीए भी है बेहाल

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल हो चुके हैं। लेकिन इसके बाद जो तस्वीर उभरी है उसने महायुति और एमवीए दोनों की टेंशन बढ़ा दी है। दोनों ही गठबंधन बड़े पैमाने पर बागी उम्मीदवारों का सामना कर रहे हैं। ऐसे उम्मीदवार यहां पर सियासी खेल बिगाड़ सकते हैं। हालांकि दोनों पक्षों की तरफ से कहा जा रहा है कि चार नवंबर तक इस पर कंट्रोल कर लिया जाएगा। चार नवंबर नाम वापस लेने की आखिरी तारीख है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में तकरीबन 50 ऐसे उम्मीदवार हैं जिन्होंने अपनी पार्टी से विद्रोही रुख अख्तियार कर रखा है। इनमें सबसे ज्यादा 36 उम्मीदवार महायुति गठबंधन से हैं। इसमें भी भाजपा से 19 और शिंदे सेना से 16 नाम शामिल हैं, जबकि अजित पवार की एनसीपी से एक उम्मीदवार है।

एमवीए की बात करें तो इसमें सबसे अधिक विद्रोही बागी कांग्रेस से 10 हैं। एमवीए के अन्य 14 बागी उम्मीदवारों ने कुर्ला, दक्षिणी सोलापुर, परांदा, संगोला और पंढारपुर से नामांकन दाखिल कर रखा है। कुछ मामलों में बागियों ने अपने परिजनों का नामांकन कराया है। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक पिछले हफ्ते केंद्रीय मंत्री अमित शाह, डिप्टी सीएम अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस के बीच इस मुद्दे पर बात हुई थी। इसमें अंदरूनी बगावत और संघर्ष पर लगाम लगाने की बात कही गई थी। देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि बागी उम्मीदवारों का नाम वापस कराने की कोशिशें जारी हैं। उन्होंने कहाकि भाजपा एक बड़ा दल है और इसमें कई नेता हैं, जो चुनाव लड़ते हैं। लेकिन गठबंधन में सभी को मौका नहीं मिल सकता। हमारी कुछ सीमाएं हैं और हम सभी को चुनाव नहीं लड़ा सकते।



बता दें कि एकनाथ शिंदे की पार्टी के नौ बागियों ने उन सीटों से नामांकन दाखिल किया है, जहां से भाजपा पहले ही उम्मीदवार उतार चुकी है। इन सीटों में नवी मुंबई की ऐरोली, मुंबई की अंधेरी ईस्ट, जलगांव जिले की पेचोरा और ठाणे की बेलापुर शामिल हैं। अंधेरी ईस्ट से पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा की पत्नी और बेटी ने नामांकन दाखिल किया है। दूसरी तरफ भाजपा के 10 बागी उम्मीदवारों ने उन सीटों पर नामांकन किया है, जहां से शिवसेना उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। इन सीटों में अलीबाग, रायगढ़ की करजत, बुल्ढाणा, मुंबई उपनगर की बोरीवली और जालना आदि शामिल हैं। इसी तरह अजित पवार की एनसीपी के खिलाफ भाजपा के नौ और शिवसेना के सात विद्रोही उम्मीदवारों ने सिर उठा रखा है। एनसीपी के एकमात्र विद्रोही उम्मीदवार ने नासिक की नांदगांव सीट से नामांकन किया है।

महाविकास अघाड़ी में भी हालात कुछ बहुत बेहतर नहीं हैं। यहां पर कांग्रेस में चार विद्रोही उम्मीदवारों ने अपने आधिकारिक सहयोगी के खिलाफ ठाणे के कोपरी पचपखड़ी, मुंबई की बायकुला और नागपुर की रामटेक सीट पर नामांकन कर रखा है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के विद्रोहियों ने मुंबई उपनगर की मानखुर्द शिवाजी नगर सीट पर नामांकन किया हैं। यहां से सपा के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी भी उम्मीदवार हैं। इसके अलावा मुंबई उपनगर के वर्सोवा और बुल्ढाणा की मेहकर सीट से भी सेना के उम्मीदवार बगावती रुख अख्तियार किए हुए हैं। वहीं, मुंबई की धारावी सीट पर कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़ की बहन ज्योति के खिलाफ बागी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। कुछ अन्य सीटों पर एनसीपी शरद पवार पार्टी के बागी उद्धव ठाकरे की सेना और कांग्रेस के खिलाफ नामांकन कर चुके हैं। एमवीए नेताओं ने गुरुवार को इस समस्या के समाधान के लिए मुलाकात की।

## संक्षिप्त समाचार

### उमर अब्दुल्ला का यह दोहरा चरित्र, यूटी डे से दूरी बनाने पर भड़के जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा



**जम्मू-कश्मीर , एजेंसी।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर अब केंद्र शासित प्रदेश है और सभी को इस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने यूटी के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि जब यह फिर से राज्य बनेगा तो उस दिन भी जश्न मनाया जाएगा। आपको बता दें कि उनके निशाने पर उमर अब्दुल्ला की सरकार थी, जो कि इस कार्यक्रम से दूर रही है। अब्दुल्ला, उनके मंत्री, सभी क्षेत्रीय दलों के साथ-साथ कांग्रेस और सीपीआई (एम) ने भी इस कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी। एलजी ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन्होंने भारतीय संविधान के नाम की शपथ ली है, वे जम्मू-कश्मीर के यूटी दर्जे का विरोध कर रहे हैं। यह उनके दोहरे चरित्र को दर्शाता है। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि यह जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए काला दिन है क्योंकि यह विकास नहीं बल्कि वंचित होने का प्रतीक है। वहीं, अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस ने इसे जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए अपमान का दिन बताया। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रवक्ता ने कहा, हम यूटी दर्जे से कभी संतुष्ट नहीं होंगे। हमारी मांग दृढ़ है- पूर्ण राज्य का दर्जा। मीडिया से बात करते हुए एलजी ने कहा, चीजें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वादे के अनुसार आकार ले रही हैं। उन्होंने कहा था पहले परिसीमन होगा, फिर विधानसभा चुनाव होंगे और फिर उचित समय पर राज्य का दर्जा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्गों के आरक्षण में देरी के कारण पंचायत चुनाव नहीं हो सके और प्रशासन जल्द ही चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश आने वाला है, जिससे 5 लाख नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

### गाजियाबाद में दिवाली पर जमकर जले पटाखे



**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में प्रतिबंध के बाद भी दीवाली पर गुरुवार रात जमकर आतिशबाजी हुई। पटाखों के धुएं के कारण वायु गुणवत्ता बेहद खराब हो गई। गाजियाबाद का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शुक्रवार सुबह 9 बजे 318 के स्तर पर पहुंच चुका था। पिछले साल दीवाली के अगले दिन एक्यूआई 329 था। इस बार रात के समय हवा की गति तेज रहने से पिछले साल के मुकाबले एक्यूआई कम रहा है। यानी इस बार हवा में मामूली सुधार है। दीवाली पर गुरुवार को शाम चार बजे से ही पटाखे चलाने शुरू हो गए। देर रात दो से तीन बजे तक लोगों ने जमकर पटाखे फोड़े, जिनके धुएं से वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में चली गई। शहर में पिछले चार दिन से प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। खासकर दीवाली के दो दिन के दौरान एक्यूआई में 81 अंक की बढ़ोत्तरी हुई है। शुक्रवार सुबह से प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ने लगा है। हवा की गति थमी तो एक्यूआई बढ़ेगा। तापमान गिरते ही स्मॉग की समस्या शुरू हो गई थी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने 15 अक्तूबर को ग्रैप का पहला और 22 अक्तूबर को दूसरा चरण लागू कर दिया। मगर अभी तक ग्रैप की पाबंदियों का असर वायु गुणवत्ता पर नहीं दिख रहा है। ग्रैप के दूसरे चरण में सड़कों की मैकेनाइज्ड एवं वैक्यूम स्वीपिंग पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया है। इसके साथ ही सड़कों को चिह्नित कर इन पर लगातार पानी का छिड़काव कराने का निर्देश दिया गया है। गाजियाबाद नगर निगम का दावा भी है कि ग्रेप लागू होते ही पानी के छिड़काव के इंतजाम बढ़ा दिए हैं, लेकिन सड़कों से धूल अभी भी उड़ रही है। अधिकारियों का कहना है कि पांच अतिरिक्त वाहन लगाए गए हैं।

## ग्रेटर नोएडा में धू-धू कर जलने लगी बिल्डिंग, 3 फ्लोर पर लगी भीषण आग

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।** दिल्ली और आसपास के इलाकों में दीवाली धूमधाम से मनाई गई। हालांकि, राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर बैन होने के बावजूद इसका कहीं कोई असर नहीं दिखा। लोगों ने प्रतिबंध की खुलेआम धज्जियां उड़ाई। इसका एक जीता-जागता उदाहरणण देखने को मिला ग्रेटर नोएडा में। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सुपरटेक ईको विलेज 1 की बिल्डिंग में आग लग गई। आग की वजह बने नीचे जलाए जा रहे पटाखे और उसकी चिंगारी। रात को जब बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से में आग लगी तो वहां हड़कंप मच गया था। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। दीवाली पर दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में आग की खबरें सामने आई हैं। इस दौरान लगभग सभी मामलों में आग पटाखों की वजह से लगने की बात सामने आई है। ऐसा ही हुआ है ग्रेटर नोएडा की सुपरटेक ईको विलेज की बिल्डिंग में। दीवाली के जश्न के दौरान लोग नीचे पटाखों से आतिशबाजी कर रहे थे। इस दौरान पटाखे की चिंगारी ऊंचाई पर स्थित फ्लैट के किसी हिस्से तक पहुंच गई और वह धू-धूकर जलने लगी। देखते ही देखते आग बिल्डिंग के ऊपर स्थित तीन फ्लोर तक फैल गई। ऊंची लपटें देखकर बिल्डिंग में रहने वाले लोगों के बीच हड़कंप मच गया। आनन-फानन में फायर विभाग को फोन किया गया और आग को बुझाया। इस घटना में किसी तरह की हताहत की जानकारी सामने नहीं आई है।

## कर्नाटक के गांव पर वक्फ का दावा, ग्रामीणों ने मुस्लिम नेताओं पर कर दिया हमला

**हावेरी, एजेंसी।**
कर्नाटक के हावेरी जिले के कडकोल गांव में बुधवार देर रात उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई जब कथित तौर पर वक्फ संपत्ति को वापस लेने के प्रशासनिक आदेश जारी किया गया। माना जा रहा है कि उक्त संपत्ति पर वहां के लोगों का कब्जा है। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि लोगों ने एकजुट होकर कुछ व्यक्तियों पर पथराव किया और उन पर आरोप लगाया कि उन्होंने उनकी संपत्तियों को वक्फ के नाम पर पंजीकृत कराने में मदद की है। इस दौरान कुछ लोग घायल हो गए जिनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि वक्फ एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान ने तीन सितंबर को एक बैठक की थी, जिसमें हावेरी जिले के अधिकारियों को कथित तौर पर अतिक्रमित वक्फ भूमि को मुक्त कराने के निर्देश दिए गए थे। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद अधिकारियों ने सात सितंबर को एक आदेश जारी किया, जिसपर हावेरी के सावन्नूर तालुका के कडकोल के ग्रामीण भड़क गए और हिंसक हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि परिवारों पर हमला करने



के आरोप में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इस मामले को लेकर बीजेपी विधायक बासवगौड़ा आर पाटिल ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है और कहा है कि इस तरह के अन्याय को रोकने के लिए वक्फ की संपत्ति का राष्ट्रीयकरण होना जरूरी है। उन्होने पत्र में लिखा, वक्फ कर्नाटक में किसानों, मठों और मंदिरों की जमीन पर दावा कर रहा है। उन्होंने कहा की मौजूदा कानून की वजह से वक्फ के पास ताकत है और वह लोगों की संपत्ति पर भी काबिज होना चाहता है।

कर्नाटक बीजेपी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि कृषि भूमि सहित हिंदू मंदिरों को वक्फ संपत्तियों के रूप में चिह्नित किया गया है। पार्टी के नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) आर अशोक ने 4 नवंबर को एक महत्वपूर्ण विरोध प्रदर्शन की योजना की घोषणा की, जिसमें किसानों की भूमि और मंदिर संपत्तियों पर कथित अतिक्रमण के लिए वक्फ बोर्ड और राज्य सरकार दोनों को निशाना बनाया जाएगा। शोक ने गुरुवार को मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा की चिंताओं को विस्तार से बताते हुए कहा, विजयपुरा के बाद, कोलार में मंदिर की संपत्तियों को वक्फ संपत्तियों के रूप में चिह्नित किया जा रहा है। यह किसानों की भूमि और हिंदू मंदिरों दोनों पर स्पष्ट अतिक्रमण है।

## बीजेपी विधायक के निधन पर भावुक हो गए उमर अब्दुल्ला

### कहा- हमारे बीच मतभेद था लेकिन साथ बिताए अच्छे पलों को भुलाया नहीं जा सकता

**जम्मू कश्मीर, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और नगरोटा सीट से विधायक देवेंद्र सिंह राणा का गुरुवार को निधन हो गया। वह 59 वर्ष के थे। उनके निधन के बाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। दरअसल देवेंद्र सिंह राणा उमर अब्दुल्ला के पुराने सहयोगी थी। 2021 में वह बीजेपी में शामिल हो गए थे। उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, देर रात दुखद खबर मिली तब से रात कटने का नाम नहीं ले रही है। पिछले कुछ सालों से हमारे बीच मतभेद जरूर था लेकिन हमें उनके साथ बिताया अच्छा समय याद है। हमने मिलकर बहुत काम किया और वह हमेशा याद रहेगा। आप बहुत जल्द हमें छोड़कर चले गए और हमेशा याद आएंगे। उमर अब्दुल्ला ने देवेंद्र राणा के साथ अपनी पुरानी तस्वीरें भी साझा कीं। अब्दुल्ला ने आगे कहा, आपकी आत्मा को शांति मिले। हमारी संवेदनाएं आपके परिवार के साथ हैं। इस दुख को व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। बता दें कि हाल ही में हुए चुनाव में राणा ने नगरोटा सीट से चुनाव जीता था। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार को बड़े अंतर से हराया था। वहीं 2014 में भी उन्होंने इसी सीट से जीत दर्ज की थी। हालांकि उस वक्त वह



खुद नेशनल कॉन्फ्रेंस में थे। एक समय में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला के भरोसेमंद सहयोगी और मुख्यमंत्री के रूप में अब्दुल्ला के पिछले कार्यकाल के दौरान उनके राजनीतिक सलाहकार रहे राणा का जम्मू में मुसलमानों, विशेषकर गुज्जर समुदाय के बीच काफी प्रभाव था। देवेंद्र राणा ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) पार्टी के साथ अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी, जहां वे एक प्रमुख रणनीतिकार और सलाहकार के रूप में प्रमुखता से उभरे और प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में जम्मू में पार्टी का आधार बढ़ाया। उन्होंने जम्मू में पार्टी की रणनीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भाजपा के गढ़ माने जाने वाले नगरोटा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार चुनाव लड़ा था, जहां उन्होंने तीन बार सांसद रहे भाजपा के जुगल किशोर शर्मा को हराकर जीत हासिल की थी।

## माहिम का महासंग्राम: राज ठाकरे के बेटे को भाजपा का समर्थन, असमंजस में शिंदे की शिवसेना

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में अब केवल 20 दिन बचे हैं। माहिम विधानसभा सीट पर उम्मीदवारों को लेकर महायुति गठबंधन में असमंजस की स्थिति बन गई है। इस सीट पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे, शिवसेना के मौजूदा विधायक सदा सर्वणकर और शिवसेना (यूबीटी) के महेश सावंत के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने वाला है। यहां लड़ाई दिलचस्प तब हो गई जब भाजपा ने अमित ठाकरे को अपना समर्थन देने का वादा कर दिया। वहीं, सीएम एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने अपने मौजूदा विधायक को मैदान में उतारने का फैसला किया है और दोनों ही दल अपने फैसले पर अड़े हुए हैं।

भाजपा को इस बात उम्मीद थी कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना विधायक सर्वणकर को सीट से हटाकर अमित ठाकरे का समर्थन करेगी। हालांकि भाजपा नेताओं का दावा है कि इस मामले पर शिंदे के साथ समझौता हो गया है। वहीं, शिवसेना नेताओं का तर्क है कि अगर वे उम्मीदवार नहीं उतारते हैं तो उनके वोट उद्धव गुट को जा सकते हैं। सर्वणकर ने बुधवार को राज ठाकरे से अनुरोध किया कि वे अपने बेटे की माहिम सीट से उम्मीदवारी वापस लें और शिवसेना का समर्थन करें। विधायक ने ट्वीट कर शिवसेना के वफादार के रूप में अपने 40 साल के कार्यकाल और कड़ी मेहनत के दम पर तीन बार विधायक चुने जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर दिवंगत शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे जीवित होते तो वे उनसे अपने रिश्तेदारों के लिए सीट छोड़ने के लिए नहीं कहते। शिवसेना एमएलए ने कहा, दादर-माहिम में बाल ठाकरे के 50 रिश्तेदार रहते हैं।

## लड्डू विवाद के बाद टीटीडी के नए अध्यक्ष ने सुनाया फरमान- तिरुमाला में होंगे केवल हिंदू कर्मचारी

**तिरुमाला , एजेंसी।**
तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष बी.आर. नायडू ने गुरुवार को कहा कि भगवान वेंकटेश्वर के निवास तिरुमला में काम करने वाले सभी लोग हिंदू होने चाहिए। टीटीडी अध्यक्ष ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह आंध्र प्रदेश सरकार से बात करेंगे कि दूसरे धर्मों के कर्मचारियों के संबंध में क्या फैसला लिया जाए, क्या उन्हें अन्य सरकारी विभागों में भेजा जाना चाहिए या वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) दी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा, 'तिरुमला में काम करने वाला हर व्यक्ति हिंदू होना चाहिए। यह मेरा पहला प्रयास होगा। इसमें कई मुद्दे हैं। हमें इस पर गौर करना होगा।' भगवान वेंकटेश्वर के भक्त नायडू ने कहा कि वह टीटीडी बोर्ड के अध्यक्ष



के रूप में नियुक्त किए जाने को अपना सौभाग्य मानते हैं। उन्होंने बोर्ड का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी देने के लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को धन्यवाद दिया।

बी.आर. नायडू ने आरोप लगाया कि पिछली वाईएसआर कांग्रेस सरकार के दौरान तिरुमला में कई अनियमितताएं हुईं। उन्होंने कहा कि मंदिर की पवित्रता बरकरार रखी जानी चाहिए। बता दें कि तिरुपति मंदिर में लड्डू प्रसाद को लेकर काफी बवाल हुआ था। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने दावा किया था कि उनकी पूर्ववर्ती जगन मोहन की सरकार में तिरुपति बालाजी के लड्डू प्रसादम में मिलावटी घी का इस्तेमाल किया जाता था। एक लैब की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा था कि इसमें गाय और सुअर की चर्बी का इस्तेमाल किया जाता था। उनके आरोपों के बाद जगन मोहन रेड्डी ने सफाई दी थी कि लड्डू बनाने में शुद्ध घी का ही इस्तेमाल किया जाता था। वहीं यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट ने नसीहत देते हुए कह कि धर्म और राजनीति को मिश्रित करने की कोई जरूरत नहीं है। कोर्ट ने कहा कि जब जांच चल ही रही है तो मीडिया के पास जाने की जरूरत क्या थी।

## यह छोटी उपलब्धि नहीं, जवानों की बहादुरी से मिली सफलता- राजनाथ सिंह

**तेजपुर, एजेंसी।**
भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (ऌष्ट) पर पेट्रोलिंग को लेकर सहमति बनने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे एक बड़ी उपलब्धि करार दिया। उन्होंने कहा कि देश ने लंबे प्रयासों के बाद यह सफलता हासिल की है। बुधवार को असम के तेजपुर स्थित मेघना स्टेडियम में सेना के जवानों के साथ बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, मैं सभी को बधाई देना चाहता हूं क्योंकि हाल ही में सीमा को लेकर एक महत्वपूर्ण विकास हुआ है। भारत और चीन के बीच कई वर्षों से कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर बातचीत चल रही थी, और अंततः हम सफलता तक पहुंच पाए हैं।

उन्होंने जवानों की बहादुरी और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा, यह छोटी उपलब्धि नहीं है। हमने यह मील का पत्थर आपके (सेना के जवानों की) साहस और कर्तव्यनिष्ठा के कारण



हासिल किया है। चीन के साथ बातचीत तभी संभव हो पाई जब हर किसी ने आपकी वीरता और बहादुरी को पहचाना। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध रखना चाहता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर वह अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए संघर्ष भी करेगा।

बुधवार को भारतीय सेना के सूत्रों ने बताया कि पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में भारत और चीन के बीच सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई है। भारत, अप्रैल 2020 के पूर्व की स्थिति को बहाल करने के लिए इस विवाद को हल करने की दिशा में काम कर रहा था। 21 अक्टूबर को भारत ने एलएसी पर पेट्रोलिंग के लिए चीन के साथ एक समझौता किया, जिससे पिछले चार सालों से चल रहा सैन्य गतिरोध समाप्त हो गया। सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी, जहां दोनों नेताओं ने एलएसी पर पेट्रोलिंग के प्रबंधों पर सहमति का स्वागत किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आज तवांग, अरुणाचल प्रदेश का दौरा निर्धारित था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण उनकी यात्रा असम की ओर मोड़ दी गई। उन्होंने जवानों से कहा, मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे दिवाली की पूर्व संध्या पर आपके बीच रहने का अवसर मिला। मुझे आज तवांग में होना था, लेकिन शायद भगवान यही चाहते थे कि मैं तेजपुर में आपके साथ दिवाली मनाऊं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परंपरा का पालन करते हुए, इस साल भी देश के वरिष्ठ रक्षा अधिकारी विभिन्न स्थानों पर तैनात जवानों के साथ दिवाली मना रहे हैं। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने अंडमान और निकोबार कमांड में सैनिकों के साथ दिवाली मनाई। नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने गुजरात के पोरबंदर में नौसैनिकों के साथ त्योहार मनाया, जहां पाकिस्तान से होने वाली संदिग्ध गतिविधियों और तस्करी की घटनाएं देखी जाती हैं। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में तैनात सैनिकों के साथ दिवाली मना रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना था, किसी भी त्योहार की खुशी तब और बढ़ जाती है जब इसे परिवार के साथ मनाया जाए। जितना बड़ा परिवार होता है, उतनी ही बड़ी खुशी होती है। इसलिए, मैं अपने बड़े परिवार - सशस्त्र बलों के परिवार - के साथ दिवाली मनाने का प्रयास करता हूं।

## नोएडा में उप्र पुलिस ने किया एनकाउंटर, दबोचे गए 5 बदमाश; हथियार बरामद

**नोएडा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में गुरुवार रात पुलिस और बदमाशों में मुठभेड हो गई। थाना सेक्टर-24 और थाना सेक्टर-49 पुलिस की बुधवार देर रात को चौड़ा गांव के पास संयुक्त चेकिंग के दौरान बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ में 5 बदमाशों को दबोचा गया है। मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस घायल समेत पांच बदमाश गिरफ्तार किए गए। इस मामले में दबोचे गए सभी बदमाशों की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने बदमाशों के पास से दो तमंचे के साथ ही कई चीजें बरामद की हैं।

इस मामले की जानकारी देते हुए एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि सेक्टर-24 और सेक्टर 49 थाना पुलिस संयुक्त रूप से सेक्टर-54 चौकी सेक्टर-57 रेड लाइट के मध्य चौड़ा गांव पर बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

भारत-न्यूजीलैंड टेस्टः

# मुंबई टेस्ट के पहले दिन भारत के 86 रन पर 4 विकेट

## कीवी टीम पहली पारी में 235 रन पर ऑलआउट, जडेजा ने लिए 5 विकेट



**बानखेड़े (एजेंसी)।** भारत की मुंबई टेस्ट के पहली पारी में बैटिंग काफी खराब रही। न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 86 रन बनाने में ही 4 विकेट गंवा दिए। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 235 रन बनाए। भारत अभी 149 रन पीछे है। शुभमन गिल और ऋषभ पंत नाबाद लौटे। यशस्वी जायसवाल 30, रोहित शर्मा 18, विराट कोहली 4 और मोहम्मद सिराज शून्य पर आउट हुए। एजाज पटेल को 2 और मैट हेनरी को 1 विकेट मिला। कोहली रन आउट हुए। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। पहले दिन भारतीय गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। कीवी टीम को पहली पारी में 235 रन पर समेट दिया। न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिचेल और विल यंग ने अर्धशतक लगाया। मिचेल ने 129 बॉल पर 82 और यंग ने 138 बॉल पर 71 रन बनाए। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने 5 और वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। एक विकेट आकाश दीप को मिला।

**6 रन बनाने में भारत ने 3 विकेट गंवाए-** एक वक्त टीम इंडिया का स्कोर 78 रन पर एक विकेट था। यहां से छह रन बनाने में टीम इंडिया ने तीन विकेट गंवा दिए। पहले एजाज पटेल ने लगातार दो गेंद पर यशस्वी जायसवाल और मोहम्मद सिराज को आउट किया। फिर विराट कोहली रन आउट हो गए।



**भारत की प्लेइंग 11:**
यशस्वी जयसवाल, रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, रविचंद्रन अश्विन, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज।

**न्यूजीलैंड प्लेइंग 11:**
टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, विल यंग, रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, ईश सोढ़ी, मैट हेनरी, एजाज पटेल, विलियम ओरोर्के।

हांग-कांग सिक्सस:

### पाकिस्तान ने भारत को हराया, 5 ओवर में चेज किया 120 रन का टारगेट



हॉन्ग कॉन्ग सुपर सिक्स में भारतीय टीम को पाकिस्तान ने 6 गेंद रहते 6 विकेट से हरा दिया। 6 ओवर और 6 खिलाड़ियों वाले इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.83 के रन रेट से 2 विकेट पर 119 रन ठोक दिए। पाकिस्तान ने टारगेट को बगैर विकेट खोए 6 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। भारत के लिए भरत चिपली ने सबसे ज्यादा 16 गेंद पर 53 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए आसिफ अली ने 14 गेंद पर 55 रन बनाए।

#### भारत की बल्लेबाजी

भारत की बल्लेबाजी की बात करें तो रॉबिन उथप्पा ने 8 गेंद पर 3 चौके और 3 छक्के की मदद से 31 रन बनाए। भरत चिपली ने 16 गेंद पर 6 चौके और 4 छक्के की मदद से 53 रन बनाए। केदार जाधव ने 3 गेंद पर 8 रन बनाए। मनोज तिवारी ने 7 गेंद पर 2 चौके और 1 छक्के की मदद से 17 रन बनाए। स्टुअर्ट बिन्नी ने 2 गेंद पर 1 चौके की मदद से 4 रन बनाए। 6 रन अतिरिक्त मिले।

#### पाकिस्तान की गेंदबाजी

पाकिस्तान ने 5 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। फहीम अशरफ ने 2 ओवर में 51 रन देकर 2 विकेट लिए। आमेर यमीन 1 ओवर में 27 रन दिए। शाहब खान ने 1 ओवर में 8 रन दिए। हुसैन तलत ने 1 ओवर में 14 और आसिफ अली ने 1 ओवर में 19 रन दिए। मुहम्मद अखलाक ने विकेटकीपर की जिम्मेदारी संभाली।

पाकिस्तान के लिए मुहम्मद अखलाक ने 4 छक्के और 3 चौके की मदद से 12 गेंद पर नाबाद 40 रन बनाए। आसिफ अली ने 14 गेंद पर 2 चौके और 7 छक्के की मदद से 55 रन बनाकर रिटायर हर्ट हुए। कप्तान फहीम अशरफ ने 5 गेंद पर 1 चौके और 3 छक्के की मदद से नाबाद 22 रन बनाए।

#### भारत की गेंदबाजी

रॉबिन उथप्पा ने 4 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। स्टुअर्ट बिन्नी ने 1 ओवर में 21, केदार जाधव ने 1 ओवर में 23,शाहबाज नदीम ने 2 ओवर में 57 और मनोज तिवारी ने 1 ओवर में 20 रन दिए।

# फीडे महिला ग्रां प्री शतरंज 2024

## दिव्या और हम्पी के बीच बेनतीजा रही बाजी

**सिमकेंत , कजक्सितान, एजेंसी।** विश्व महिला शतरंज चैंपियनशिप साइकल 2024-2025 का हिस्सा फीडे महिला ग्रां प्री के दूसरे चरण की शुरुआत आज से कजाकिस्तान के सिमकेंत में हो गयी है। 30 अक्टूबर 2024 से 9 नवंबर 2024 तक विश्व की शीर्ष 10 महिला खिलाड़ी राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इन खिलाड़ियों का उद्देश्य केवल जीतना ही नहीं, बल्कि फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए जरूरी ग्रां प्री पॉइंट्स भी अर्जित करना होगा। पहले दिन सफ़ेद मोहरो से खेल रही भारत की दिव्या देशमुख के सामने भारत की ही शीर्ष महिला खिलाड़ी कोनेरु हम्पी थी , दोनों के बीच स्कॉच ओपनिंग में हुए मुक़ाबले में दिव्या नें शुरुआत से आक्रामक रुख अपनाया पर हम्पी नें अपने अनुभव से दिव्या को बढ़त बनाने का कोई मौका नहीं दिया और 41 चालों के बाद बाजी बेनतीजा रही । पहले दिन 3 मैच के परिणाम आए , चीन की तान झोंग्यी नें जर्मनी की एलिजाबेथ पेहत्ज़ को , मंगोलिया की बतखुयाग मुंगुंतूल नें ग्रीस की स्टाव्रोउला त्सोलाकिदू को और मेजबान कज़ाकिस्तान की




बिबिसारा अस्सौबायेवा नें बुल्गारिया की नुरग्युल सलीमोवा को पराजित किया जबकि रूस की दोनों खिलाड़ियों अलेक्ज़ांद्रा गोर्याचकिना और लागनों काटेरयना नें ड्रॉ खेला ।




# दीवाली के दिन भारतीय रेसलर का कमाल, पहले किया धरना अब वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता मेडल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दीवाली का दिन भारतीय रेसलिंग के लिए यादगार रहा। युवा पहलवान मानसी अहलावात ने तिराना में जारी वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस दौरान मानसी अहलावत ने वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी को भी मात दी। मानसी कुछ दिन पहले तक खेल मंत्री के घर के बाहर पहुंची थीं और यह मांग की थी कि उन्हें इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने का मौका मिले।

जब उन्हें मौका मिला तो उन्होंने देश के लिए मेडल जीता।

मानसी नेब्रॉन्ज मेडल मैच में कनाडा की लॉरेंस ब्यूगार्ड को 5-0 से मात दी। इससे पहले पहले ही राउंड में मानसी ने बड़ा उलटफेर किया था। मानसी का मुकाबला अमेरिका की जैकेरा विनचेस्टर से थे। भारतीय रेसलर ने इस मुकाबले को 2-1 से जीता। विनचेस्टर ने 2019 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड जीता था जबकि 2023 में सिल्वर पर कब्जा जमाया था।

डब्ल्यूएफआई ने खिलाड़ियों को हटाया

डब्ल्यूएफआई ने कुछ दिन पहले इसी विश्व चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया था। उसने कुश्ती की विश्व संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू को बताया कि खेल मंत्रालय उसकी स्वायत्तता में हस्तक्षेप कर रहा है। हालांकि इसके बाद खिलाड़ी खेल मंत्री के घर के बाहर पहुंचे और उन्हें चैंपियनशिप में भेजने की अपील की। खेल मंत्रालय ने इसके बाद खिलाड़ियों को भेजने का ऐलान किया।

खेल मंत्री के घर के बाहर किया था विरोध

मानसी के साथ कुछ अन्य खिलाड़ी भी खेल मंत्री के घर के बाहर पहुंचे थे। वहीं महिलाओं के 65 किग्रा में जगह बनाने वाली मनीषा भानवाला ने पीटीआई से कहा,''विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने तक 10-12 साल लग जाते हैं और अब जब यह मौका हमें मिला है तो उसे छीना जा रहा है। आखिर हमारी गलती क्या है।''

उन्होंने कहा, ''जिन पहलवानों ने विरोध प्रदर्शन किया था उनका करियर समाप्त हो चुका है तो अब वे हमारे करियर के साथ क्यों खेल रहे हैं। जूनियर पहलवानों को उनके समर्थन की जरूरत नहीं है। अगर हमें विश्व चैंपियनशिप के लिए नहीं भेजा गया तो हमें विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# हेनरिक क्लासेन रहे रिटेन किए जाने वाले सबसे महंगे विदेशी प्लेयर

### भारतीय खिलाड़ियों में कोहली को मिली सबसे बड़ी रकम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के लिए आईपीएल की सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने जिन-जिन खिलाड़ियों को रिटेन किया उनके नाम की घोषणा कर दी। अगले सीजन के लिए जिन खिलाड़ियों को रिटेन किया गया है उसमें सबसे मंहगे हेनरिक क्लासेन रहे जिन्हें सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने 23 करोड़ रुपये में रिटेन किया।

क्लासेन इस बार आईपीएल में रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में सबसे महंगे रहे। वहीं भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो इसमें सबसे महंगे विराट कोहली रहे जिन्हें आरसीबी ने 21 करोड़ में रिटेन किया। दूसरे सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी निकोलस पूरन रहे जिन्हें 21 करोड़ में रिटेन किया गया।

#### क्लासेन रहे सबसे महंगे

हैदराबाद की टीम ने इस बार 5 खिलाड़ियों को रिटेन किया जिसमें उन्होंने पहले नंबर पर हेनरिक क्लासेन को रखा और उन्हें 23 करोड़ की रकम देकर रोका।

क्लासेन रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ी के रूप में सबसे ज्यादा पैसे पाने वाले खिलाड़ी रहे। इस टीम ने पैट कमिंस को 18 करोड़, अभिषेक शर्मा को 14 करोड़, ट्रेविस हेड को भी 14 करोड़ जबकि नितीश रेड्डी को 6 करोड़ में रिटेन किया।

#### कोहली रहे सबसे महंगे

रिटेन किए जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में विराट कोहली सबसे महंगे रहे जिन्हें आरसीबी ने अगले सीजन के लिए 21 करोड़ देकर रोका। कोहली इस टीम के साथ साल 2008 से जुड़े हुए हैं और पिछले सीजन में उन्होंने इस टीम के लिए सबसे ज्यादा रन भी बनाए थे। वहीं भारतीय खिलाड़ियों में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह रहे जिन्हें मुंबई ने 18 करोड़ जबकि संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स ने 18 करोड़ में रिटेन किया।

वसीम अकरम की गुजारिश

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आए भारतीय टीम

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने कहा है कि भारतीय टीम अगले वर्ष फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अगर पाकिस्तान आती है तो उनका बहुत अच्छे से ख्याल रखा जाएगा और यह क्रिकेट के लिए बेहतरीन बात होगी। अकरम ने कहा कि



मुझे लगता है कि जो भी मैं पढ़ रहा हूं उससे भारत सरकार और बीसीसीआई की ओर से सकारात्मकता नजर आ रही है। मैंने कहीं पर यह भी पढ़ा कि उनके सभी मैच लाहौर में होंगे। वे लाहौर आएंगे और उसी रात को वापस स्वदेश लौट जाएंगे। जब तक भारत सहज है, मैं इसके लिए तैयार हूं। मैं आपसे वादा करता हूं, उनका वहां पर बेहतरीन तरीक़े से ख़्याल रखा जाएगा।

भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव के पाकिस्तान में प्रशंसक हैं और युवा क्रिकेट प्रशंसक उनको पसंद करते हैं। उन्होंने कहा- इंसान दर इंसान संपर्क इस समय और इस उम्र में बेहद अहम है। मेरी राय में सोशल मीडिया के जमाने में दुनिया भर में बहुत नकारात्मकता है और मुझे लगता है कि अगर भारत आएगा तो यह क्रिकेट के लिए अच्छा होगा और यह पाकिस्तान के लिए भी अच्छा होगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा।



## आईपीएल 2025: हार्दिक, सूर्यकुमार, रोहित और बुमराह को रिटेन करने में कैसे सफल हुई मुंबई इंडियंस?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस एक बुरे सीजन के बाद अपने सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले स्टार्स को रिटेन करने में कैसे सफल रही? यह आईपीएल रिटेंशन की एक दिलचस्प कहानी है। ऐसे समय में जब अन्य टीमें कप्तान की तलाश में थीं तब मुंबई इंडियंस के बैकरूम स्टाफ ने अपने दिग्गज खिलाड़ियों और कोर को अपने साथ बरकरार रखने के लिए कड़ी मेहनत की। कोलकाता, लखनऊ, दिल्ली, बेंगलुरु की फ्रेंचाइजी कप्तान की तलाश में थीं। मुंबई इंडियंस के लिए काम आसान नहीं था। द इंडियंस एक्सप्रेस के अनुसार मामले की जानकारी रखने वाले लोग कहते हैं कि पिछले कुछ महीनों के दौरान फ्रैंचाइजी ने नेतृत्व परिवर्तन पर भी चर्चा की थी। यह बात समझी भी जा सकती है। नए कप्तान हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली टीम 2024 में अंतिम स्थान पर रही थी। मुंबई इंडियंस के पास रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह के रूप में कप्तान के बेहतरीन विकल्प थे।

# आईपीएल रिटेंशन से मालामाल हो गए यह क्रिकेटर, एक की सैलरी बढ़ गई 700 गुना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल रिटेंशन ने कई खिलाड़ियों की जिंदगी बदल दी है। फ्रेंचाइजियां जोकि महत्वपूर्ण क्रिकेटरों से एक जैसी कीमतों पर काम ले रही थी, अब रिटेन प्लेयरों को स्थाई राशि देने को मजबूर हो गई है। इस कारण कई क्रिकेटर ऐसे हैं जिनकी सैलरी में 700 गुणा तक बढ़ोतरी हो गई है। कहा जाता है कि आईपीएल की रिटेंशन नीति ने कई क्रिकेटर को मोटी रकम दिला दी है। आइए जानते हैं कौन से हैं वो क्रिकेटर जो इस नीति के कारण मालामाल हो गए हैं-



#### ध्रुव जुरेल

जुरेल को 2022 में राजस्थान रॉयल्स ने 20 लाख कीमत पर खरीदा गया था। दो साल ही में वह अपनी टीम के लिए इतने प्रमुख हो गए हैं कि उन्हें भविष्य का सितारा मानकर रिटेन कर लिया गया है। उन्हें अब 14 करोड़ रुपए मिलेंगे जोकि 20 लाख के मुकाबले 700 गुणा ज्यादा है।



#### मयंक यादव

लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज ने पिछले सीजन में 157 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। वह नई सनसनी हैं। लखनऊ ने उन्हें 2023 में 20 लाख में खरीदा था। उस साल वह खेल नहीं पाए थे लेकिन 2024 सीजन में उन्होंने ऐसी धूम मचा दी कि लखनऊ प्रबंधन ने उन्हें 11 करोड़ की राशि देकर रिटेन कर लिया है।



#### रजत पाटीदार

पाटीदार की जब आईपीएल में एंट्री हुई थी तो उन्हें मात्र 20 लाख रुपए ही मिले। बड़ी टीमों के खिलाफ दबाव में प्रदर्शन का ईनाम उन्हें मिला है कि अब उन्हें आरसीबी जैसी टीम ने रिटेन कर लिया है। पाटीदार को रिटेंशन के कारण 11 करोड़ की रकम मिलेगी।



#### रिंकू सिंह

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए वन मैच वंडर बनकर उभरे रिंकू सिंह की किस्मत भी चमक रही है। वह 2022 में 55 लाख की कीमत पर बिके थे। उन्होंने पिछला सीजन इन्हीं पैसों में खेला था।

#### ट्रिस्टन स्टब्स



दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर ट्रिस्टन को एबी डीविलियर्स का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। वह दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते हैं। पिछले सीजन में उनके बल्ले से गगनचुंबी छक्के भी निकले थे।



#### साई सुदर्शन

गुजरात टाइटंस के सुपरस्टार भी प्रमुख क्रिकेटर हैं। 2022 में उन्हें 20 लाख का बेस प्राइस मिला था लेकिन इस बार रिटेशन के कारण उन्हें 8.5 करोड़ रुपए मिलेंगे। साई विश्वसनीय क्रिकेटर हैं। उनके बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं।



#### नितिश रेड्डी

2023 में नितिश पर मात्र 20 लाख रुपए का ही दाव लगा था लेकिन एक दो साल में ही उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद में ऐसी धाक जमाई कि प्रबंधन को उन्हें 6 करोड़ रुपए में रिटेन करना पड़ा।

#### शशांक सिंह



पंजाब किंग्स ने जब 2024 मिनी ऑक्शन के दौरान शशांक सिंह को खरीदा था तो खूब विवाद हुआ था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### विषैले सांप के डसने से युवक की मौत

**आरा।** भोजपुर संदेश थाना क्षेत्र के भटौली गांव में बुधवार की रात विषैले सांप के डसने से एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए संदेश पीएससी ले जाने के दौरान रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार वालों में अफरा-तफरी मच गई । मृतक संदेश थाना क्षेत्र के भटौली गांव वार्ड नंबर-14 निवासी रामजी राम की 38 वर्षीय बेटा वीर बहादुर राम है। मृतक के पिता राम जी राम ने बताया कि वीर बहादुर देर शाम पंचायत भवन पर बैठा था। इसके बाद वह शौच जाने के लिए घर से बोतल लेने आया था । जैसे ही बोतल घर के कोने से निकाल रहा था, तभी उसे विषैले सांप ने डस लिया । लेकिन, उसे नजरअंदाज करके शौच करने के लिए बधार चला गया। कुछ देर के बाद शौच कर लौट रहा था, तभी उसकी हालत खराब हो गई और कहा कि मेरा हाथ खींच रहा है । इसके बाद उसे इलाज के लिए आनन-फानन में संदेश PHC ले जाया गया।

**PHC में डॉक्टरों ने किया मृत घोषितः** PHC में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । परिजन अपनी संतुष्टि के लिए उसे गांव के ओझा के पास झाड़-फूंक कराने के लिए लेकर चले गए । काफी देर तक झाड़-फूंक होता रहा। लेकिन, अंत में ओझा ने भी उसे मृत घोषित कर दिया । घटना के बाद परिजन ने इसकी जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी । पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत के घर में पत्नी सोनवसी देवी, एक बेटा रोहन और एक बेटी मटरी है। मृतक पेशे से मजदूर था । इस घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है।

### छठ को लेकर आम के लकड़ी की बिक्री में इजाफा

**बक्सर।** बक्सर में लोक आस्था के महा पर्व छठ को लेकर आम की लकड़ी की बिक्री तेज हो गई है। शहर के विभिन्न लकड़ी दुकानदारों ने लकड़ी मील से थोक के भाव में आम की लड़की खरीदा है। इसे इक्ट्ठा किया है। इस साल आम की लकड़ी पर भी महंगाई की मार देखी जा रही है। पिछले साल के हिसाब से इस बार लड़की पांच रुपए प्रति किलो महंगी मिल रहा है। हालांकि, महंगाई पर आस्था भारी दिख रही है। लोग प्रसाद बनाने में शुद्धता का ख्याल रखते है। लोग आम की लड़की लेना पसंद करते है। बताया गया कि भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए मिट्टी के चूल्हे पर आम की लड़की से पकवान बनाया जायेगा। जिसको लेकर किला मैदान अंबेडकर चौक नगर थाना के पास पुस्तकालय रोड,चौसा नगर पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर के पास स्थित दर्जनों लकड़ी दुकानदारों ने स्टॉक रखा है।

**लड़की की कीमत में 5 रूपए की बढ़ोतरीः** नगर थाना स्थित लकड़ी दुकानदार ने बताया कि पिछले साल की तरह इस साल भी लकड़ी पांच रुपए महंगा है। पिछली बार 10 रुपए प्रति किलो बिका था, जबकि इस बार प्रति किलो 15 रूपया है। दुकानदार ने बताया कि अन्य लड़कियों के अपेक्षा आम की लड़की मिलना मुश्किल होते जा रहा है। हम लोग चौसा में मशीन से वाहन पर लकड़ी को लोड कर शहर में लाते है।जिससे वाहन आदि का किराया महंगा पड़ रहा है, तो महंगा बेच रहे है। थोक के भाव में लकड़ी बेचने वाले चौसा के छट्टू लाल सिंह बताते है कि इस बार आम की लकड़ी 600 रुपए क्विंटल दिया जा रहा है। जबकि, पिछले साल हमारे यहां से 500 रुपए क्विंटल आम की लकड़ी ब्रिकी की थी। उन्होंने कहा कि थोक का भाव हमेशा एक ही भाव चलाता है। पर्व को लेकर कोई अधिक रेट नहीं लिया जाता है।जिस हिसाब से लकड़ी मिलता है।उसके बेस्ट को जलावन के रूप में बेच देते है।

**सनातन में आम की लड़की को माना जाता शुद्धः** पंडित आचार्य संतोष चतुर्वेदी ने बताया कि सनातन में आम की लड़की को शुद्ध माना गया है। इसलिए हर पूजा हवन में आम की लड़की ,आम का पत्ता और दातुन का भी उपयोग किया जाता है। छठ तो हम बिहार वासियों के लिए लोक आस्था का महापर्व है। इसमें शुद्धता का खास ख्याल रखा जाता है। छठ में आम की लकड़ी पर ही छठ पूजा के पहले दिन खीर बनाई जाती है, जिसे प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है। इसके अलावा, दूसरे दिन कसार, ठेकुआ वगैरह भी इसी आम की लकड़ी से मिट्टी के चूल्हे में उपयोग कर बनाए जाते हैं।

### दो सगे भाइयों की बेहरमी से पिटाई

**आरा।** भोजपुर में बुधवार को आपसी विवाद को लेकर उत्तर प्रदेश से बदमाश को बुलाकर दो सगे भाइयों की लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी गई। मामला ख्वासपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हरी की टोला गांव का है। मारपीट के दौरान पाटीदारों ने बुजुर्ग की लाठी डंडे से दोनों पैर तोड़ दिए। इस मारपीट की घटना में सगे भाई बुरी तरह से जख्मी हो गए। अन्य लोगों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया और जख्मी हालत में दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पतात लाया गया।

**12 बिगहा जमीन को लेकर 4 साल से विवादः** जख्मियों में ख्वासपुर थाना क्षेत्र के हरी के टोला निवासी स्व शिवजी यादव के 62 वर्षीय बेटा रामायण यादव और उनके 40 वर्षीय छोटे भाई नथुनी यादव शामिल है। जख्मी रामायण यादव ने बताया कि 12 बिगहा जमीन को लेकर पिछले चार सालों से विवाद चला आ रहा था । आज मेरे जमीन पर जबरन खेत जोते जा रहे थे । तभी हमने जाकर मना किया । उस समय काम बंद कर दिया,लेकिन वो ट्रैक्टर लेकर चला गया । काफी देर बीत जाने के बाद अपने रिश्तेदार को उत्तर प्रदेश से बुलाकर लाठी-डंडे से बेहरमी से पिटाई कर दी । घायल ने कहा कि उन्होंने दोनों पैर पर तब-तक मारते रहे जब-तक खून से लथपथ लड़खड़ाकर जमीन पर नहीं गिर गया। मेरे पिटाई देखते के बाद जब मेरा भाई नथुनी यादव बीच बचाव करने के लिए पहुंचा, तो उसकी भी बेहरमी से पिटाई कर दी गई । अन्य लोगों की मदद से हम लोगों को किसी भी तरह बचाया गया और उसके बाद इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। इस घटना के बाद पीड़ित भाइयों ने इस घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस से की है।

### हेरोइन तस्करी में शिक्षिका को फंसाने का आरोप

**बक्सर।** बक्सर के ब्रह्मपुर प्रखंड के पांडेपुर गांव में हेरोइन तस्करी के आरोप में महिला की गिरफ्तारी हुई। इसको लेकर ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि साजिश के तहत शिक्षक परिवार को फंसाया गया है। इसमें पुलिस ने महिला को जेल भेज दिया है। दावा किया जा रहा है कि महिला निर्दोष है और आरोप बेबुनियाद हैं। पुलिस पर मिलीभगत का आरोप है। ग्रामीणों का आरोप है कि एक स्कूल संचालक ने उन्हें फंसाया है। इसको लेकर 6 ग्रामीणों ने बक्सर एसपी को आवेदन दिया। साथ ही इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है। एसपी ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। वीर कुंवर सिंह विश्व विद्यालय आरा के पूर्व छात्र नेता अश्विनी ओझा ने बताया कि संतोष दुबे एक प्राइवेट स्कूल के शिक्षक है। स्कूल में और ट्यूशन पढ़ा कर अपने परिवार का गुजारा करते है। इनके गैर मौजूदगी में पुलिस देर शाम इनके घर पहुंची घर से बाहर कबाड़ रूम से हेरोइन और एक पुराना कट्टा, जो चालू हालत में नहीं था, इसे बरामद किया।

**पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर भेजा था जेलः** पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अश्विनी ओझा ने कहा कि ये शिक्षक है इनको फंसाने की साजिश की गई है। जिसको लेकर बक्सर एसपी के पास पहुंचे है और इसकी जांच निष्पक्ष करने की मांग की है। क्योंकि जिस स्थान से हेरोइन बरामद हुई, वह एक खुला स्थान है, जहां कोई भी सामान रख सकता है। बता दें कि 22 अक्टूबर की रात ब्रह्मपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पांडेयपुर गांव के निवासी संतोष दूबे के घर पर छापा मारा। इसमें 24.12 ग्राम हेरोइन, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, एक देसी कट्टा और पांच जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस दौरान संतोष की पत्नी नेहा दूबे को गिरफ्तार कर लिया गया।

**सुरक्षा के लिए रखते हथियारः** डुमरांव अनुमंडल के डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि महिला ने पूछताछ में कबूल किया कि उसके पति हेरोइन की तस्करी में शामिल हैं। हथियार अपनी सुरक्षा के लिए रखते हैं। हालांकि इस घटना के बाद ग्रामीणों का यह कहना है कि जिस व्यक्ति पर हेरोइन तस्करी का आरोप लग रहा है वह निजी विद्यालय में शिक्षक थे। संचालक से विवाद होने के बाद उन्होंने वहां पढ़ना छोड़ दिया था। लेकिन, संचालक ने उन्हें फंसाने की धमकी दी थी। ऐसे में ग्रामीणों में अब गहरा आक्रोश है। मामले में ग्रामीणों ने मुलाकात की थी। डीआइजी से भी मामले की जांच के निर्देश मिले हैं। एसपी शुभम आर्य ने कहा कि ऐसे में डुमरांव एसडीपीओ आफाक अख्तर अंसारी से एक बार फिर मामले की जांच कराई जाएगी।

# कुढ़वा नदी में डूबने से बालक की मौत

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत बामपाली गांव स्थित नदी में डूबे बालक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव बामपाली गांव के नया पुल स्थित कुढ़वा नदी से शुक्रवार सुबह बरामद किया गया है। शव मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृत बालक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत बामपाली गांव निवासी गोलक मुसहर का बेटा निरंजन कुमार(8) है। इधर, मृत बालक के पिता गोलक मुसहर ने बताया कि गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे दिन में वह गांव के ही बच्चों के साथ कुढ़वा नदी किनारे खेलने गया था। जहां खेलने के दौरान वह नदी में नहाने लगा। तभी वह नदी में डूब गया और उसकी मौत हो गई। गुरुवार की शाम जब वह घर और बाहर नहीं दिखा तो परिजनों ने खोजबीन करना शुरू किया। तभी एक बच्चे ने बताया कि वह कुढ़वा नदी में डूब गया है। इसके बाद परिजन वहां पहुंचे और नदी में उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन वह गुरुवार की शाम तक नहीं मिल पाया। शुक्रवार की सुबह जब एक ग्रामीण कुढ़वा नदी की ओर गए तो उन्होंने उसे नदी में मृत अवस्था में पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से उसके शव को पानी से बाहर निकला। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृत बालक अपने तीन भाई और दो बहन में छोटा था।

## आपसी विवाद में 2 पक्षों में मारपीट



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के पाण्डेयपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट हुई। इसमें एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसे परिजन आनन-फानन में पहले चौगाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। यहां डॉक्टर इलाज कर रहे है। बताया गया कि बुजुर्ग के सिर में गंभीर चोट लगी हुई है। इससे हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से दो-दो लोगों को हिरासत में लिया है। घटना मुरार थाना क्षेत्र स्थित पाण्डेयपुर गांव की है। पांच एकड़ सरकारी जमीन को लेकर काफी सालों से विवाद चल रहा है। आज मारपीट हुई। इसमें डंडे से सिर पर वार करने से पांडेयपुर निवासी मदन यादव (65) पिता स्व .धनपति यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। इनको सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है।

**5 एकड़ सरकारी जमीन को लेकर विवादः** परिवार के अन्य लोग मुरार थाना में मामला दर्ज करने पहुंचे हुए है। सदर अस्पताल में इलाजरत जख्मी मदन यादव ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गांव में 5 एकड़ जमीन सरकारी है। इस पर बाप-दादा के समय से ही भूमिहीन 28 - 30 आदमी बसे हुए है। इस जमीन पर 2005 से ही नबरी केस चल रहा है। पांडेयपुर के निवासी मनोज कुमार पाण्डेय और शिवकुमार पाण्डेय कहते है कि यह जमीन पट्टा पर लिए है। इसको लेकर आज विवाद बढ़ गया और मारने पीटने लगे।

## पानी मांगते-मांगते भैया मर गए, वो पीटते रहे



निज संवाददाता। आरा

'पांच लोगों ने मिलकर मेरे भाई को बुरी तरह पीटा। पोल में बांधकर डंडे से मार रहे थे। हमने छुड़ाने की बहुत कोशिश की, लेकिन वो नहीं माने। मेरा भाई बार-बार पानी मांग रहा था, लेकिन किसी ने नहीं दिया। उनमें से एक कह रहा था कि पिलास से नाखून निकाल दो।' ये कहना है भोजपुर के 14 साल के गुंजन का, जिसके बड़े भाई प्रेम (16) की पीटकर हत्या हुई है। दिवाली की रात नाबालिग पर चोरी का आरोप लगा कर बिजली के खंभे से बांध कर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। मामला तरारी थाना क्षेत्र के बड़का गांव का है। नाबालिग पर किराना दुकान से कुछ सामान चोरी करने का आरोप था। दुकान के लोगों ने उसे रंगेहाथ पकड़ा था। उसके बाद उसकी पिटाई की गई। शव पर भी चोट के निशान मिले हैं। इधर, भाई की शिकायत पर पुलिस ने पांच आरोपियों में से चार को गिरफ्तार कर लिया है। प्रेम कुमार (16) अजय शर्मा के सीमेंट-छड़ की दुकान पर काम करता था। इसी दुकान के बगल में अजय के रिश्तेदार प्रकाश शर्मा की किराना की दुकान है।

# भोजपुर में दो सड़क हादसों में दो लोग घायल

निज संवाददाता। आरा



♦ दो बाइक के बीच टक्कर, घायलों की स्थिति गंभीर; पटना किया रेफर

भोजपुर में अलग-अलग जगहों पर सड़क हादसा हुआ। जिसमें चार लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। सभी को इलाज के लिए आर सदर अस्पताल लाया गया। पहली घटना आरा-अरवल मुख्य मार्ग सहार थाना क्षेत्र के इनुरूखी गांव के पास की है, जहां गुरुवार को सवारी बस ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौंद दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एक को पटना रेफर कर दिया गया। जबकि दूसरे का इलाज आरा सदर अस्पताल में ही कराया जा रहा है। घायलों में सहार थाना क्षेत्र के गुलजारपुर गांव निवासी राम कुमार राम का 20 वर्षीय पुत्र गणेश कुमार और चंदन राम उर्फ लुटावन राम का 20 वर्षीय पुत्र अमरजीत कुमार शामिल है। गणेश कुमार ने बताया कि दोनों बाइक से खैरा बाजार जा रहे थे। उसी दौरान इनुरुखी की गांव के पास पीछे से आ रही सवारी बस टक्कर मार दी।

**आरा में दो बाइक की सीधी भिड़ंत में दो जख्मीः** दूसरी ओर भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कौशिक दुलारपुर गांव के समीप गुरुवार को दो बाइक की सीधी टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सूचना परिजनों को दी गई।

**मामा के पास जा रहा थाः** जख्मियों में कौशिक दुलारपुर गांव निवासी स्व. कृष्णा यादव का 18 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार और गीधा थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव निवासी भरत सिंह का 20 वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार शामिल है। बताया जाता है कि बाइक सवार गुलशन कुमार बाइक से अपने मामा कौशिक दुलारपुर जा रहा था। जबकि दूसरा बाइक सवार नीरज कुमार अपने गांव से आरा बाजार जा रहा था। इसी दौरान कौशिक दुलारपुर गांव के समीप दोनों बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा अस्पताल लाया गया। जहां से पटना रेफर कर दिया गया।

# दीप जला रहे युवक को सिर में मारी गोली

निज संवादददाता। आरा



♦ भोजपुर में केस मैनेज करने के लिए गोलीबारी, 2 साल से जमीन के लिए चल रहा विवाद

भोजपुर में गुरुवार को दिवाली की रात घर में दीप जला रहे युवक को सिर में गोली मार दी। घायल युवक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव निवासी रविंद्र सिंह का 18 वर्षीय बेटा नीरज कुमार सिंह है। परिजनों ने कहा कि पट्टीदार से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। पहले भी उनलोगों ने गोलीबारी की थी। उस समय केस दर्ज कराया था। उसी केस को उठाने की वे लोग लगातार धमकी दे रहे थे। मना करने पर वारदात को अंजाम दिया है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव की है।

**शहर के निजी अस्पताल में ले गएः** घायल युवक को सिर में गोली दाहिने साइड लगी है। उसे पहले परिजन सदर अस्पताल ले गए थे। जहां युवक का प्राथमिक इलाज चला, फिर उसे पटना रेफर कर दिया। परिजन पटना न ले जाकर आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल ले गए, पर वहां से भी उसे रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर उतवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

**12 डिसमिल जमीन को लेकर विवादः** जख्मी युवक के बड़े भाई सूरज कुमार ने कहा कि 12 डिसमिल जमीन को लेकर 2022 से ही पट्टीदार से विवाद चल रहा है। पहले भी गोलीबारी हुई थी, जिसमें मेरी बहन मधुमाला घायल हो गई थी। हमलोगों ने पट्टीदार पक्ष के 11 लोगों के खिलाफ केस किया था। वे लोग केस उठाने का दबाव बना रहे थे। गुरुवार दीपावली की देर शाम छोटा भाई नीरज कुमार सिंह अपने घर के बाहर दरवाजे पर दीप जला रहा था। आरोपियों का घर हमारे घर के बगल में ही है। पट्टीदार रौनक, रोहित और अन्य अपने घर की छत पर चढ़ गए और भाई नीरज को गोली मार दी।

## पेट्रोल पंप मालिक के बेटे की हत्या, बदमाश अरेस्ट



♦ भोजपुर में 3 महीने पहले हुआ था मर्डर, बदमाशों ने 2 दोस्त को मारी थी गोली

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में अवैध शराब की बिक्री का विरोध किए जाने के प्रतिशोध में पेट्रोल पंप मालिक के बेटे की हत्या कर दी गई थी। मामला नवादा थाना क्षेत्र के बहीरो मोहल्ला का है। इस मामले में वांछित आरोपित विशाल कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी बहीरो मोहल्ला का निवासी है। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने विशाल को प्राथमिकी आरोपित बनाया था। जबकि, एक अन्य नामजद आरोपित की तलाश जारी है। छापेमारी का नेतृत्व थानाध्यक्ष विपिन बिहारी कर रहे थे।

**एक देसी पिस्टल व एक कारतूस बरामदः** इससे पहले पुलिस ने तीन आरोपितों रौशन यादव, गोलू यादव व बिटू यादव समेत चार को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए आरोपितों की निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त एक देसी पिस्टल व एक कारतूस बरामद किया गया था। मृतक 25 वर्षीय अभिषेक कुमार बहीरो निवासी पेट्रोल पंप मालिक अशोक सिंह के बेटे थे। 20 जुलाई की रात साढ़े आठ बजे बहीरो निवासी पेट्रोल पंप मालिक अशोक सिंह के बेटे अभिषेक कुमार सिंह अपने दोस्त अर्जुन कुमार सिंह और आदर्श कुमार के साथ टहल कर घर लौट रहे थे कि उसी दौरान घात लगाकर बैठे हथियार बंद आरोपित ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर अभिषेक सिंह व अर्जुन सिंह को गोली मार दी थी।

**तीसरे दोस्त को पिस्टल के बट से किया था घायलः** तीसरे दोस्त आदर्श को पिस्टल के बट से मारकर घायल कर दिया गया था। घायल को पहले आरा में भर्ती किया गया था। बाद में पटना रेफर कर दिया गया था। इसके बाद में वहां से उन्हें फिर दिल्ली मेदांता रेफर किया गया था। करीब पचास दिनों तक चले इलाज के बाद 11 सितंबर को घायल अभिषेक की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसे लेकर संबंधित थाना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बहीरो निवासी रौशन यादव, गोलू यादव, भुलन यादव, बिटू यादव और पंखुड़ी यादव समेत पांच को नामजद व पांच अज्ञात को आरोपित किया था।

# सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर-आरा हाइवे पर रोड एक्सीडेंट, घर से मजदूरी करने जाने के दौरान हादसा

बक्सर-आरा हाइवे पर गरहाथा गांव के पास साइकिल सवार मजदूर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे इसकी मौके पर मौत हो गई। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान होने पर उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ब्रह्मपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि साइकिल पर सवार होकर मजदूरी करने के लिए निकला था। पुलिस ने टक्कर मारने वाली वाहन की पहचान करने का प्रयास किया है। ग्रामीणों ने मजदूर के परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है।

**घर से मजदूरी करने के लिए निकले थे शिवजी रामः** मिली जानकारी के अनुसार ब्रह्मपुर निवासी शिवजी राम (43) पिता स्वर्गीय जलन राम मजदूरी करके अपने दो बच्चे और बीबी का पालन पोषण करता था। शुक्रवार को साइकिल पर सवार होकर घर से मजदूरी करने के लिए निकला था। तभी दोपहर में परिजनों को सूचना मिली कि सड़क एक्सीडेंट में मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई उपेंद्र कुमार ने बताया है कि बक्सर बलिया लाइन होटल के पास में अज्ञात वहान ने एनएच-922 पर टक्कर मार दी है। चौकीदार को सूचना देने पर इनकी बॉडी को थाना ले गए। जहां से पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिसः** इस संबंध में जानकारी देते हुए ब्रम्हपुर थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया है कि युवक की पहचान निमेज गांव के निवासी के रूप में होने पर परिजनों को सूचना दी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस आगे की प्रक्रिया में लगी हुई है।